

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 180 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## मल्टी-डोमेन युद्ध का दौर: हर स्तर पर तालमेल जरूरी - सेना प्रमुख

### *जमीन से साइबर और अंतरिक्ष तक फैला युद्ध, संयुक्त ऑपरेशन और तकनीक बने निर्णायक*

**समाज जागरण**

भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि आधुनिक समय में युद्ध का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है और अब यह "मल्टी-डोमेन" बन गया है। इसमें जमीन, हवा, समुद्र के साथ-साथ साइबर, अंतरिक्ष और सूचना जैसे कई क्षेत्रों में एक साथ संघर्ष होता है।

**'रण संवाद' में रखे विचार**

सेना प्रमुख ने रण संवाद कार्यक्रम में कहा कि अब युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अलग-अलग स्तरों पर एक साथ लड़ा जाता है। ऐसे में सभी क्षेत्रों के बीच बेहतर तालमेल सबसे महत्वपूर्ण हो गया है।

**लगातार संघर्ष का नया दौर**

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया निरंतर संघर्ष के दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध हमेशा औपचारिक रूप से घोषित नहीं होते, लेकिन विभिन्न रूपों में जारी रहते हैं।

सेना प्रमुख के अनुसार, आधुनिक सैन्य नेतृत्व को अब सिर्फ पारंपरिक युद्ध कौशल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध की समझ भी जरूरी हो गई है, ताकि समग्र स्थिति का आकलन किया जा सके।



**तकनीक से बढ़ी सैन्य क्षमता**

उन्होंने बताया कि अब छोटे स्तर के अधिकारियों के पास भी ड्रोन, निगरानी उपकरण और साइबर नेटवर्क जैसे आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं, जिससे उनकी निर्णय क्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि हुई है। ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सेना, वायुसेना और नौसेना के संयुक्त प्रयास से ही सफलता मिलती है। अब कोई भी एकल बल अकेले युद्ध नहीं जीत सकता।

**हाइब्रिड युद्ध की चुनौती**

सेना प्रमुख ने हाइब्रिड युद्ध को बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि इसमें दुश्मन सीधे हमले के बजाय साइबर और सूचना के जरिए नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है। भारतीय सेना इसके लिए नई रणनीतियों और तकनीकों को अपना रही है।

# पाकिस्तान में होगी बातचीत ?

## ईरानी राजदूत का ट्वीट डिलीट, होर्मुज बंद होने से वैश्विक तनाव बढ़ा

### सीजफायर के बावजूद हालात तनावपूर्ण, लेबनान पर हमले से भड़का ईरान; तेल आपूर्ति पर मंडराया संकट

**समाज जागरण**

अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर के दावों के बीच पश्चिम एशिया में हालात लगातार बिगड़ते नजर आ रहे हैं। इस बीच एक नया सस्पेंस उस वक्त खड़ा हो गया जब ईरानी राजदूत ने "पाकिस्तान में बातचीत" को लेकर ट्वीट किया और कुछ ही देर में उसे डिलीट कर दिया। इस घटनाक्रम ने कूटनीतिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है।

इधर, ईरान ने दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति मार्ग माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस फैसले के बाद कई तेल टैंकर बीच रास्ते में फंस गए हैं और ईरानी नौसेना ने स्पष्ट कर दिया है कि अगली सूचना तक जलमार्ग बंद रहेगा।



**लेबनान पर हमले से भड़का विवाद**

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का अस्थायी सीजफायर लागू है। बावजूद इसके, इजरायल ने लेबनान में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान के एयरपोर्ट के पास भी बमबारी की गई। अमेरिकी प्रशासन ने साफ किया है कि यह सीजफायर लेबनान पर लागू नहीं होता। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी ने कहा कि लेबनान में सक्रिय संगठनों के चलते यह क्षेत्र समझौते से बाहर है।

**ईरान की सख्त चेतावनी**

ईरान के अंदर से अब कड़े तेवर सामने आ रहे हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि लेबनान पर हमलों का जवाब दिया जाएगा। एक वरिष्ठ सूत्र के अनुसार, अगर अमेरिका अपने सहयोगी को नियंत्रित नहीं करता, तो ईरान खुद कार्रवाई करने को मजबूर होगा।

**तेल आपूर्ति पर संकट के आसार**

मरीन ट्रैफिक डेटा के मुताबिक, फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य से कोई भी जहाज नहीं गुजर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह स्थिति लंबी चली तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में भारी उछाल देखने को मिल सकता है।

**कूटनीतिक सस्पेंस बरकरार**

ईरानी राजदूत के ट्वीट और उसके बाद उसे हटाने की घटना ने यह संकेत दिया है कि बैकडोर कूटनीति तेज हो सकती है। पाकिस्तान में संभावित वार्ता को लेकर अब भी स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह घटनाक्रम आने वाले दिनों में क्षेत्रीय राजनीति को नया मोड़ दे सकता है।

## असम में रिकॉर्ड मतदान: 84.42% वोटिंग

### 126 सीटों पर भारी मतदान से टूटा पिछला रिकॉर्ड, चुनाव बना हिमंता बनाम गौरव की साख की लड़ाई

समाज जागरण डेस्क गुवाहाटी: असम की 126 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान ने इस बार इतिहास रच दिया है। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, शाम 5 बजे तक 84.42% मतदान दर्ज किया गया, जो राज्य के पिछले सभी रिकॉर्ड्स को पार कर चुका है।

**90% तक पहुंच सकता है आंकड़ा**

कई मतदान केंद्रों पर देर शाम तक लंबी कतारें देखी गईं, जिसके चलते अंतिम मतदान प्रतिशत 88% से 90% तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतिम आंकड़ों में 5-7% तक की और वृद्धि हो सकती है।

**पिछला रिकॉर्ड भी टूटा**

वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में राज्य में 82.42% मतदान हुआ था, लेकिन इस बार मतदान खत्म होने से पहले ही यह आंकड़ा पार हो गया, जो असम की लोकतांत्रिक भागीदारी को दशार्ता है।

**हिमंता बनाम गौरव: साख की लड़ाई**

यह चुनाव मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और कांग्रेस के युवा नेता गौरव गोगोई के बीच प्रतिष्ठा की सीधी लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है।

**योजनाओं और विकास पर भरोसा**

हिमंता बिस्वा सरमा सरकार 'ओरुनोदोई' योजना और 'डबल इंजन' विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा का मानना है कि भारी मतदान उनके पक्ष में जनसमर्थन का संकेत है, खासकर महिला और स्वदेशी मतदाताओं में इस बार जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा करें विधि निमार्ता: ओम बिरला

## गोवा में सीपीए सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष का संदेश—पारदर्शी और जवाबदेह शासन से ही बनेगा विकसित भारत

**समाज जागरण**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधि निमार्ताओं से व्यक्तिगत और राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर ईमानदारी व निष्ठा के साथ जनसेवा करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाएं।

**गोवा में सम्मेलन का उद्घाटन**

गोवा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन जोन-7 के प्रथम सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए पारदर्शी, समावेशी और जवाबदेह शासन आवश्यक है।





**2047 के लक्ष्य में युवाओं की भूमिका**

ओम बिरला ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवा विधि निमार्ताओं की अहम भूमिका होगी। युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और समर्पण देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बना सकते हैं।

**राज्य विधानमंडलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जरूरी**

उन्होंने जन कल्याण और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए राज्य विधानमंडलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र दुनिया की सबसे प्रभावी शासन प्रणाली है और बढ़ता मतदान प्रतिशत इसकी मजबूती का संकेत है।

**तकनीक के साथ मानवीय संवेदना भी जरूरी**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उन्नत तकनीकी दौर में भी मानवीय संवेदनशीलता का महत्व बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों को तकनीक का उपयोग करते हुए जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

**विधायी प्रक्रियाओं की समझ पर जोर**

उन्होंने कहा कि विधायी प्रक्रियाओं और नियमों की बेहतर समझ से जनप्रतिनिधियों की सदन में भागीदारी अधिक प्रभावी होती है और वे अपने क्षेत्रों में मजबूत नेतृत्व स्थापित कर सकते हैं।

सहयोग और नवाचार से विकास संभव

ओम बिरला ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सामने अलग-अलग चुनौतियां हैं, लेकिन सहयोग और नवाचार के जरिए इन्हें अवसरों में बदला जा सकता है। तटीय विकास जैसे क्षेत्रों में राज्य एक-दूसरे से सीख सकते हैं।

**अन्य नेताओं ने भी रखे विचार**

इस अवसर पर हरिवंश, प्रमोद सावंत, राम शिंदे और राहुल नार्वेकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## विवादित बयान पर साक्षी महाराज की सफाई, बोले—"हम हिंदुत्व की राजनीति करते हैं"

**समाज जागरण**

उन्नाव से सांसद साक्षी महाराज ने अपने हालिया विवादित बयान पर सफाई देते हुए कहा है कि वे जाति की नहीं, बल्कि हिंदुत्व की राजनीति करते हैं और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं।

**विवाद पर विराम की अपील**

साक्षी महाराज के इस स्पष्टीकरण के बाद उनके समर्थकों का मानना है कि अब इस विवाद को समाप्त कर देना चाहिए। उनका कहना है कि नेता के रूप में उनकी मंशा समाज को जोड़ने की रही है, न कि किसी एक वर्ग विशेष तक सीमित रहने की।

**छवि को लेकर भी दी सलाह**

राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि सार्वजनिक जीवन में नेताओं को ऐसे बयानों से बचना चाहिए, जिससे उनकी छवि किसी विशेष जाति या वर्ग तक सीमित प्रतीत हो।

**लोधी समाज के योगदान का उल्लेख**

इस संदर्भ में लोधी समाज के योगदान की भी चर्चा की गई। वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उन्होंने राम मंदिर आंदोलन को नई दिशा और मजबूती दी, जो आगे चलकर एक बड़े जनआंदोलन के रूप में उभरा।

## "बंगाल में पहले सीता का नाम लेना परंपरा": सायोली घोष का बयान

### 'सियापति रामचन्द्र की जय' के उल्लेख से सांस्कृतिक परंपरा पर दिया जोर



**समाज जागरण**

तृणमूल कांग्रेस की सांसद सायोली घोष ने एक बयान में कहा है कि पश्चिम बंगाल में भगवान श्रीराम के नाम से पहले माता सीता का नाम लेना परंपरा का हिस्सा है।

सायोली घोष ने कहा, "हमारे बंगाल में यह अनिवार्य है कि श्रीराम के नाम से पहले सीता जी का नाम लिया जाए। इसलिए हम 'सियापति रामचन्द्र की जय' कहते हैं।" उनके इस बयान को क्षेत्रीय धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक मान्यताओं के संदर्भ में देखा जा रहा है।

**सांस्कृतिक विविधता पर जोर**

उन्होंने संकेत दिया कि देश के अलग-अलग हिस्सों में धार्मिक अभिव्यक्ति के तरीके अलग हो सकते हैं और यह भारत की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ता है।

**राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रिया संभव**

इस बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर प्रतिक्रियाएं सामने आने की संभावना है, खासकर ऐसे समय में जब धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दे अक्सर सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बने रहते हैं।

## कृषि प्रधान से जाति आधारित हुआ देश : ओमप्रकाश राजभर

### मंत्रियों की नियुक्ति में जाति देखने के आरोप से सियासी हलचल तेज

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के एक बयान ने सियासी माहौल गरमा दिया है। उन्होंने कहा कि "भारत पहले कृषि प्रधान देश था, लेकिन अब जाति आधारित देश बन गया है।"



**मंत्रियों की नियुक्ति पर सवाल**

राजभर ने आरोप लगाया कि अब मंत्रियों की नियुक्ति भी "जाति प्रमाण पत्र देखकर" की जाती है और लगभग हर काम में जातिगत आधार को प्राथमिकता दी जाती है। उनके इस बयान को सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था पर सीधा हमला माना जा रहा है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज

इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में बहस तेज हो गई है। विपक्ष इसे सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने का मुद्दा बना सकता है, जबकि सत्तापक्ष की ओर से भी प्रतिक्रिया आने की संभावना है।

जातीय राजनीति पर फिर बहस

राजभर का यह बयान ऐसे समय आया है जब देश में चुनावी राजनीति में जातीय समीकरणों की भूमिका पर लगातार चर्चा होती रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भारतीय राजनीति में सामाजिक समीकरणों का प्रभाव लंबे समय से रहा है, लेकिन इस तरह के बयान बहस को और तीखा बना देते हैं।

**आने वाले समय में बढ़ सकता है विवाद**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बयान पर आगे और प्रतिक्रियाएं सामने आ सकती हैं, जिससे राजनीतिक माहौल और गर्म होने के आसार हैं।

## ऊर्जा सुरक्षा पर भारत का बड़ा कदम, मॉरीशस के साथ तेल-गैस समझौता जल्द: जयशंकर



**समाज जागरण**

पोर्ट लुई (मॉरीशस): एस. जयशंकर ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट ने रणनीतिक साझेदारियों, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग की अहमियत को और बढ़ा दिया है।

उन्होंने बताया कि भारत और मॉरीशस के बीच तेल और गैस की आपूर्ति को लेकर सरकार-से-सरकार समझौता अंतिम चरण में है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जयशंकर ने यह भी घोषणा की कि भारत जल्द ही मॉरीशस में एक रक्षा अटैशे की नियुक्ति करेगा। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा और रणनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में विश्वसनीय साझेदारियों और सहयोग के जरिए ही देशों की सुरक्षा और विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

## वानखेड़े स्टेडियम में 'रवि शास्त्री स्टैंड' का अनावरण, पूर्व कोच ने जताया गर्व

समाज जागरण मुंबई: मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री के नाम पर एक स्टैंड का अनावरण किया गया।

इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए रवि शास्त्री ने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ा गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा, "इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मुझे इस सम्मान पर बहुत गर्व है और मैं मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का धन्यवाद करता हूं।"





यह पहल भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान को सम्मानित करने के रूप में देखी जा रही है, जहां उन्होंने खिलाड़ी, कमेंटेटर और कोच के रूप में अहम भूमिका निभाई है।

## मुंबई एयरपोर्ट टर्मिनल-1 पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग

समाज जागरण मुंबई: एएनआई के अनुसार, मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के टर्मिनल-1 पर आज शाम शॉर्ट सर्किट के कारण मामूली आग लग गई।

एयरपोर्ट प्रवक्ता के मुताबिक, यह घटना शाम 6:10 बजे हुई, लेकिन इमरजेंसी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर कुछ ही मिनटों में काबू पा लिया।



एयरपोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस घटना का उड़ानों या अन्य संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है और सभी सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं।

फिलहाल तकनीकी टीम को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# कहां गए शांति के कपोत उड़ाने वाले ?

*अशोक मधुप वरिष्ठ पत्रकार*

आज की दुनिया बारूद से धधक रही है। रूस-यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व के रेगिस्तानों तक, हर तरफ मिसाइलों की गूँज है। शांति की बाते अब सुनाई नही देतीं। शांति के कपोत उड़ाने वाले दिखाई देने बंद हो गए। युद्ध की विभिषिका के विरोध में प्रदर्शन करने और मोमबत्ती जलाने वाले अब सड़कों से गायब है। युद्ध के विरोध के स्वर धीमे ही नही हुए ,पूरी तरह खामोश हो गए। बुद्ध के संदेश अब किताबों में ही बंद होकर रह गए है। युद्धों के विरोध की कही से बात नही उठ रही। दुनिया में शांति स्थित करने के लिए बने संयुक्त राष्ट्रसंघ के मुंह पर टेप चिपक गया। वह देख सकता है। न कुछ बोल सकता है। न आदेश कर सकता है।

विडंबना देखिए कि इक्कीसवीं सदी में हम मंगल पर बस्तियां बसाने की बात कर रहे हैं, लेकिन जमीन के चंद टुकड़ों और आपसी वर्चस्व के लिए हजारों बेगुनाहों का खून बहाने से भी पीछे नहीं हट रहे। युद्ध चाहे रूस और यूक्रेन के बीच हो, या इजराइल, ईरान और अमेरिका के बीच का तनाव हो।जीत के झंडे चाहे जिस देश के हाथ आएं, हारती हमेशा मानवता है। इन युद्ध में विजयी कोई भी हो, सदा पराजित तो मानव होती है। मरती बस इंसानियत है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी समस्या का समाधान नहीं रहा, बल्कि यह नई समस्याओं का जन्मदाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई बार कहा कि दुनिया को युद्ध की नही , बुद्ध की जरूरत है। कई मंचों से उन्होंने यह मांग उठाई, किंतु किसी भी देश ने शांति का समर्थन नही किया। सब देश गूंगे बन कर रह गए। आज भी ये ही हाल है। मरता ईरान खाड़ी के उन देशों पर मिजाइल और द्रोण दाग कर तबाही मचा रहा है, जिनमे अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। अपनी बरबादी होते देख ये देश ईरान पर अमेरिकी हमलों का उस तरह विरोध नही कर रहे , जिस तरह कि करना चाहिए।

रूस-यूक्रेन युद्ध के समय जहाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा संकट को जन्म दिया तो मध्य पूर्व (इजराइल-हमास-ईरान) के संघर्ष ने दुनिया को धार्मिक और कूटनीतिक ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इन लड़ाइयों में टैंकों की गड़गड़ाहट के बीच जो आवाज दब जाती है, वह है–एक मासूम बच्चे की चीख और एक बेबस माँ की कराह। युद्ध की सबसे बड़ी कीमत वे लोग चुकाते हैं जिनका राजनीति या सत्ता की लालसा से कोई लेना-देना नहीं होता। यूक्रेन के कीव से लेकर गाजा की गलियों और ईरान के गांव तक तक, हजारों औरतें और बच्चे मौत की नींद सो चुके हैं। जो उम्र खिलौनों से खेलने की थी, उस उम्र में बच्चे बमों के धमाकों को पहचानना सीख रहे हैं। हजारों बच्चे अनाथ हो चुके हैं और लाखों का भविष्य मलबे के नीचे दब गया है। युद्ध के दौरान महिलाओं को न केवल विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है, बल्कि वे शारीरिक और मानसिक हिंसा का सबसे आसान लक्ष्य बनती हैं।

युद्ध केवल इंसान को नहीं मारता, वह सदियों से बनी-बनाई सभ्यताओं और बुनियादी ढांचे को भी नष्ट कर देता है। स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इमारतों पर गिरते बम यह दशार्ते हैं कि आधुनिक समाज कितना "असंवेदनशील" हो चुका है। जब एक अस्पताल पर मिसाइल गिरती है, तो वह केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं ढहती, बल्कि इंसानियत की आखिरी उम्मीद भी टूट जाती है। इन लड़ाइयों का असर केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने दुनिया भर में अनाज की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ दिया। इससे गरीब देशों में भुखमरी का खतरा बढ़ गया। ईंधन की बढ़ती कीमतें और खाद्य पदार्थों की कमी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। जो खरबों डॉलर शिक्षा, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में खर्च होने चाहिए थे, वे आज आधुनिक हथियार और मिसाइलें बनाने में झोंके जा रहे हैं।

युद्ध का एक और खामोश शिकार हमारा पर्यावरण है। हजारों टन गोला-बारूद का इस्तेमाल वायुमंडल को जहरीला बना रहा है। जंगलों की आग, समुद्री प्रदूषण और जमीन में धंसे बारूदी सुरंग आने वाली कई पीढ़ियों के लिए मौत का जाल बिछा रहे हैं। हम जिस धरती को बचाने की कसमें खाते हैं, उसी को युद्ध की आग में झोंक रहे हैं। संसाधनों को बरबाद कर रहे हैं।जब हम टीवी पर बमबारी के दृश्य देखते हैं और उन्हें केवल एक "न्यूज अपडेट" की तरह छोड़ देते हैं, तो समझ लीजिए कि हमारे भीतर की इंसानियत मर चुकी है। युद्ध हमें क्रूर बना देता है। हम मौतों को केवल 'आंकड़ों' में गिनने लगते हैं। घृणा का यह बीज जो आज बोया जा रहा है, वह भविष्य में और अधिक कट्टरपंथ और आतंकवाद को जन्म देगा।

अमेरिका आज दुनिया का सबसे बड़ा तानाशाह बन गया है। उसने इराक पर यह कह कर हमला किया था कि उसके पास कैमिकल और अन्य घातक शस्त्र है। इराक हार गया। सद्दाम हुसैन पकड़े ही नही गए, उन्हें फांसी हो गई, किंतु अमेरिका इराक से कुछ भी बरामद नही कर पाया। उसका सब झूंठा प्रचार रहा। अब ईरान पर यह कह कर इस्त्राइल और अमेरिका ने हमला किया कि वह परमाणु बम बनाने के नजदीक है। उसकी इस शक्ति को खत्म करना है। हमले जारी है। इस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए अपने मन की बात कह दी कि उसे ईरान के तेल पर कब्जा करना है। तीन जनवरी 2026 को अमेरिकी सेना ने एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान वेनेजुयला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनके देश (कराकस) से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नार्को-आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों के बाद की गई। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया। बहाना मादक पदार्थो की तस्करी रोकना था किंतु अब अमेरिकी राष्ट्र पति ट्रंप कह रहे हैं कि वेनेजुयला का तेल वे बेचेंगे। उनकी मर्जी से बिकेगा। इस सब का मतलब साफ है कि दुनिया के संसाधनों पर अमेरिका की नजर है। वह किसी ने किसी बहाने उन पर कब्जा करना चाहता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक बड़ा बयान सामने आया। ट्रंप ने कहा है कि अगर थोड़ा और समय मिला तो अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल सकता है और वहां से तेल लेकर बड़ा मुनाफा कमा सकता है। उनके इस बयान ने पहले से चल रहे संघर्ष को और संवेदनशील बना दिया है। फिलहाल ईरान ने इस अहम समुद्री रास्ते को बंद कर दिया है। इस कारण दुनिया भर में तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है और कीमतों में तेजी देखी जा रहीयह संघर्ष अब सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं रहा है। अमेरिका और इस्त्राइल ने ईरान और लेबनान में कई ठिकानों पर हमले किए हैं। इसके जवाब में ईरान ने भी कई खाड़ी देशें पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। हाल के दिनों में हमलों की संख्या कुछ कम हुई है, लेकिन पूरी तरह रुकी नहीं है। ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल होने से इन्कार करने वाले ब्रिटेन जैसे वह देश होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की वजह से जेट ईंधन नहीं पा रहे हैं। उनके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रप का सुझाव है: पहला- अमेरिका से तेल खरीदो, हमारे पास बहुत है। दूसरा- हिम्मत जुटाओ, जलडमरूमध्य पर जाओ और उसे अपने कब्जे में ले लो।

# युद्ध के मुहाने से लौटी दुनिया

**महेन्द्र तिवारी**

दुनिया कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आ खड़ी होती है, जहाँ एक निर्णय पूरी सभ्यता के भविष्य को बदल सकता है। हाल के घटनाक्रम में यही स्थिति तब बनी जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया। वातावरण इतना तनावपूर्ण था कि किसी भी क्षण युद्ध का विस्तार एक बड़े विनाश में बदल सकता था। अमेरिका की सेना और उसके रक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार थे और संकेत का इंतजार कर रहे थे कि कब हमला शुरू किया जाए। दूसरी ओर ईरान भी अपनी रक्षा और जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार बैठा था। यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रह गया था, बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकट बन चुका था।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए बड़े पैमाने पर हमले की चेतावनी दे दी थी। यदि यह हमला होता, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुँच सकता था। इसके परिणामस्वरूप ईरान की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आती, जो पूरे मध्यपूर्व को युद्ध की आग में झोंक सकती थी। इस पूरे घटनाक्रम में आम लोगों की स्थिति सबसे अधिक भयावह थी। ईरान के भीतर लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तलाश में निकलने लगे थे, जबकि खाड़ी क्षेत्र के देश भी संभावित हमलों से बचने की तैयारी कर रहे थे।

इसी बीच कूटनीतिक प्रयास भी तेजी से चल रहे थे। कई देशों ने इस संकट को टालने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य था कि किसी तरह दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रहे और युद्ध टल सके। ईरान की ओर से एक प्रस्ताव सामने आया, जिसमें कई शर्तें रखी गई थीं। शुरू में इस प्रस्ताव को स्वीकार्य नहीं माना गया, लेकिन बातचीत की प्रक्रिया जारी रही। धीरे-धीरे यह स्पष्ट होने लगा कि दोनों पक्ष युद्ध से बचना चाहते हैं, भले ही सार्वजनिक रूप से वे कठोर रुख अपनाए हुए हों।

इस पूरे घटनाक्रम की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि




निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहद अनिश्चित और उलझी हुई थी। अमेरिका के भीतर भी यह स्पष्ट नहीं था कि अंतिम निर्णय क्या होगा। स्वयं उसके नेतृत्व के करीबी लोगों को भी यह अंदाजा नहीं था कि अगला कदम क्या होगा। एक ओर कठोर बयान दिए जा रहे थे, तो दूसरी ओर बातचीत के रास्ते खुले रखे जा रहे थे। यह द्वंद्व इस बात को दशार्ता है कि आधुनिक राजनीति में शक्ति और कूटनीति दोनों साथ-साथ चलते हैं।

ईरान के भीतर भी निर्णय लेने की प्रक्रिया जटिल थी। वहाँ की सत्ता संरचना में अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व के हाथ में होता है। इस कारण अंतिम सहमति मिलने में समय लगा। लेकिन जब अंततः समझौते की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत मिला, तो बातचीत ने तेजी पकड़ ली। बताया जाता है कि यह निर्णय आसान नहीं था, क्योंकि इसमें सैन्य नेतृत्व और अन्य शक्तिशाली संस्थाओं को भी सहमत करना पड़ा। इसके बावजूद यह कदम उठाया गया, जो इस बात का संकेत है कि युद्ध की कीमत दोनों पक्ष समझ रहे थे।

अंततः जो समझौता सामने आया, वह स्थायी शांति नहीं बल्कि अस्थायी विराम था। दोनों पक्षों ने कुछ समय के लिए संघर्ष रोकने पर सहमति जताई। इस समझौते के तहत समुद्री मार्ग को फिर से खोलने और आगे की बातचीत जारी रखने का रास्ता बनाया गया। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि इस मार्ग से विश्व का बड़ा हिस्सा तेल आपूर्ति पर निर्भर करता है। यदि यह बंद रहता, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता।

हालाँकि यह समझौता होने के बाद भी स्थिति पूरी तरह शांत नहीं हुई। कई जगहों पर संघर्ष जारी रहने की खबरें सामने आईं और इस बात को लेकर भी मतभेद रहे कि समझौते की शर्तें क्या हैं और उनका पालन कैसे किया जाएगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल एक अस्थायी राहत है, न कि स्थायी समाधान। दोनों पक्षों के बीच कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर अभी भी गहरे मतभेद हैं, जैसे परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध और क्षेत्रीय प्रभाव।

इस पूरे घटनाक्रम से एक महत्वपूर्ण बात सामने आती है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि कूटनीति से भी लड़े जाते हैं। कई बार पर्दे के पीछे होने वाली बातचीत ही युद्ध को टाल देती है। इस मामले में भी अंतिम क्षणों में हुई बातचीत ने एक बड़े विनाश को रोक दिया। यदि यह बातचीत विफल हो जाती, तो परिणाम बेहद भयावह हो सकते थे।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस संकट में कई देशों ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह दशार्ता है कि आज की दुनिया में कोई भी बड़ा संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहता। उसका प्रभाव वैश्विक होता है और उसे सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक होता है। इसी सहयोग ने इस बार भी युद्ध को टालने में मदद की।

फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह शांति स्थायी होगी। इतिहास बताता है कि अस्थायी समझौते अक्सर स्थायी समाधान में बदलने में सफल नहीं होते। जब तक मूल कारणों का समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष की संभावना बनी रहती है। इस मामले में भी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान अभी बाकी है। यदि इन पर सहमति नहीं बनती, तो भविष्य में फिर से तनाव बढ़ सकता है।

अंत में यह कहा जा सकता है कि यह घटना केवल एक राजनीतिक या सैन्य घटनाक्रम नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए एक चेतावनी भी है। यह दिखाती है कि दुनिया कितनी तेजी से विनाश के करीब पहुँच सकती है और किस तरह अंतिम क्षणों में लिया गया एक निर्णय सब कुछ बदल सकता है। यह भी स्पष्ट होता है कि शांति केवल शक्ति से नहीं, बल्कि संवाद और समझ से संभव है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी गंभीर क्यों न हों, यदि बातचीत के रास्ते खुले रहें तो विनाश को टाला जा सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि दोनों पक्ष अपने मतभेदों को समझदारी से सुलझाने की इच्छा रखें। यही इस घटना का सबसे बड़ा संदेश है।

[सत्ता का आखिरी मोह: जब शरीर हार जाए, पर पद न छूटे]

# क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए ?

## राज्यसभा में कांपती आवाज में शपथ, लोकतंत्र के सामने खड़ा सवाल

6 अप्रैल को राज्यसभा के शपथ ग्रहण कक्ष में जो दृश्य दिखाई दिया, उसने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया। 85 वर्षीय शरद पवार व्हीलचेयर पर बैठकर सदन में पहुंचे। सदन में अचानक सन्नाटा छा गया। दशकों तक महाराष्ट्र की राजनीति को अपनी रणनीति, दूरदर्शता और प्रभाव से दिशा देने वाला यह बड़ा नेता उस दिन बेहद कमजोर और थका हुआ दिखाई दे रहा था। शपथ के शब्द बोलते समय उनकी आवाज कांप रही थी, शब्द लड़खड़ा रहे थे और चेहरा थकान से भरा हुआ था। वह केवल एक शपथ ग्रहण समारोह नहीं था; वह भारतीय राजनीति के सामने खड़ा एक कठोर और असहज प्रश्न था–क्या सत्ता का मोह इतना बड़ा हो सकता है कि शरीर जवाब दे देने के बाद भी नेता कुर्सी छोड़ने को तैयार न हों?

यही वह क्षण था, जिसने राजनीति में सेवानिवृत्ति की आवश्यकता पर नई बहस खड़ी कर दी। जिस प्रकार सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में एक निश्चित आयु के बाद व्यक्ति को जिम्मेदारी छोड़नी पड़ती है, उसी प्रकार राजनीति में भी कोई स्पष्ट सीमा क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या देश और राज्यों का भविष्य अनिश्चित काल तक कुछ ही लोगों के हाथों में रहना चाहिए? क्या लोकतंत्र का अर्थ केवल यही है कि एक ही पीढ़ी लगातार सत्ता में बनी रहे? राजनीति केवल अनुभव का क्षेत्र नहीं है; यह ऊर्जा, सक्रियता, त्वरित निर्णय और बदलते समय को समझने की क्षमता का भी क्षेत्र है। यदि व्यवस्था में समय पर परिवर्तन नहीं होगा, तो राजनीति धीरे-धीरे ठहराव का शिकार हो जाएगी।

सबसे बड़ा सच यह है कि उम्र के साथ अनुभव बढ़ता है, लेकिन शरीर और मन की सीमाएं भी सामने आने लगती हैं। आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। अब केवल भाषण देना या चुनाव जीतना काफी नहीं। नेता को तकनीक समझनी होती है, युवाओं की आकांक्षाएं सुननी होती हैं, बदलती अर्थव्यवस्था पर नजर रखनी होती है और तेज फैसले लेने होते हैं। ऐसे समय में यदि कोई नेता शारीरिक रूप से कमजोर हो, चलने-फिरने में कठिनाई हो या लंबे समय तक बोल न पाता हो, तो वह कितनी प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? केवल पद पर बने रहना और सक्रिय नेतृत्व करना, दोनों अलग बातें हैं।

शरद पवार के मामले में यह सवाल इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और राजनीतिक कौशल पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन राज्यसभा में शपथ के दौरान उनकी हालत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कांपती आवाज और थकी हुई देह देखकर हर किसी के मन में एक ही सवाल उठा–क्या इस अवस्था में वे राज्यसभा में प्रभावी भूमिका निभा पाएंगे? क्या वे किसानों, युवाओं, उद्योगों और विकास के मुद्दों पर




पहले जैसी सक्रियता दिखा पाएंगे? जब शरीर जवाब देने लगे, तब कुर्सी पर बने रहना ताकत नहीं, विवशता लगने लगता है।

अब समय आ गया है कि राजनीति में भी सेवानिवृत्ति की एक स्पष्ट सीमा तय हो। यदि 75 या 80 वर्ष के बाद नेता सक्रिय पद छोड़कर मार्गदर्शक बनें, तो इससे राजनीति कमजोर नहीं, बल्कि अधिक मजबूत होगी। उनका अनुभव और प्रभाव खत्म नहीं होगा; वे सलाहकार, संरक्षक और प्रेरणा-स्रोत बने रहेंगे। लेकिन नेतृत्व उन लोगों के हाथों में जाएगा, जिनके पास ऊर्जा, नई सोच और बदलते समय के साथ चलने की क्षमता है। लोकतंत्र की असली ताकत इसी संतुलन में है–जहां अनुभव रास्ता दिखाए और नई पीढ़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाले।

आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती। नतीजा यह होता है कि निराशा बढ़ती है, संगठन जड़ हो जाता है और जनता का भरोसा कमजोर पड़ने लगता है। जब नई पीढ़ी को मौका नहीं मिलेगा, तो युवाओं की समस्याएं कौन समझेगा? बेरोजगारी, शिक्षा, तकनीक, कृषि, स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था को वही पीढ़ी बेहतर समझ सकती है, जो इन्हें खुद जी रही है। इसलिए अब समय है कि नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोला जाए।

कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि यदि कोई नेता स्वस्थ है, तो उसे राजनीति में बने रहने का अधिकार है। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन केवल स्वस्थ होना काफी नहीं। राजनीति में बने रहने का फैसला केवल व्यक्ति की इच्छा नहीं, लोकतंत्र की जरूरत से तय होना चाहिए। यदि हर वरिष्ठ नेता खुद को सक्षम बताकर पद छोड़ने से इंकार करे, तो नई पीढ़ी को अवसर कब मिलेगा? लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है कि कोई भी पद स्थायी नहीं होता। व्यक्ति पद से बड़ा नहीं होता। उसका सम्मान तब और बढ़ता है, जब वह सही समय पर पीछे हटने का साहस दिखाए। कुर्सी छोड़ना हार नहीं, कई बार सबसे बड़ी जीत होती है।

राज्यसभा में 6 अप्रैल 2026 को सामने आया वह क्षण केवल शरद पवार की निजी अवस्था का दृश्य नहीं था; वह भारतीय राजनीति के लिए एक गहरी चेतावनी बनकर उभरा। उसने साफ संकेत दिया कि जब शरीर जवाब देने लगे, तब अंततः कुर्सी भी किसी नेता को सहारा नहीं दे सकती। सच्चा और महान नेता वही होता है, जो केवल सत्ता पर बने रहना नहीं जानता, बल्कि सही समय पर सम्मान के साथ उसे छोड़ने का साहस भी रखता है। आज शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं के सामने यह अवसर है कि वे स्वयं आगे बढ़कर राजनीति में सेवानिवृत्ति की नई परंपरा शुरू करें। यदि वे सम्मानपूर्वक पीछे हटकर नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोलते हैं, तो वही उनका सबसे बड़ा, सबसे प्रेरक और सबसे ऐतिहासिक योगदान माना जाएगा।



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**
शिक्षाविद्
बड़वानी (मप्र)

**संजीव-नी।**

**जिंदगी भी एक ख्वाब की तरह है ।**
**मन कहता है दुनियादारों से बनाए रखना,**
**दिल कहता है फकीरों से बनाए रखना'**
**लोग सफलता को पचा नहीं पाते है ।**
**बस दूरी तुम अमीरों से बनाए रखना'**
**धूप बहुत तेज होती है सफर में हमारे,**
**तुम छायादार सजर से बनाये रखना।**
**हादसों से हौसले पस्त नहीं होने देंना,**
**तुम हौसलों के नजारों से बनाए रखना,**
**जिंदगी भी एक ख्वाब की तरह है ,**
**यारी गम के ठिकानों से बनाए रखना।**
**जो वादा करके भूल जाते हैं अक्सर,**
**दूरियां ऐसे हुक्मरानों से बनाए रखना।**

**दुनिया भी एक रंगमंच की तरह है प्यारे,**
**तुम भी दो चार किरदारों से बनाए रखना।**

**गमों को भुला दे दो पल में ही संजीव,**
**तुम भी ऐसे मयखानों से बनाए रखना।**

**संजीव ठाकुर, रायपुर ,छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# लघु कथा : हर घर सेहत

छत्तीसगढ़ के एक छोटे से गाँव में मालती अपने बीमार बच्चे को गोद में लिए बैठी थी। पास में खड़ी रोशनी दीदी उसे समझा रही थीं, "डरने की बात नहीं है, समय पर इलाज मिल जाए तो सब ठीक हो जाएगा।" यहाँ गाँव में पहले अस्पताल दूर था और इलाज एक सपना जैसा लगता था। लेकिन अब पास ही एक नया स्वास्थ्य केंद्र बन गया था। एम्बुलेंस की आवाज सुनते ही लोगों के चेहरे पर उम्मीद झलकने लगी थी।

उधर, गाँव के संतराम काका, जो पहले धुएँ और खाँसी से परेशान रहते थे, अब नियमित जांच के लिए जाते थे। डॉक्टर ने उन्हें समझाया था–"सिर्फ दवा नहीं, सावधानी भी जरूरी है।" धीरे-धीरे गाँव में बदलाव दिखने लगा। बच्चे टीकाकरण के लिए आने लगे, महिलाएँ पोषण की बातें समझने लगीं, और बुजुर्ग समय पर इलाज करवाने लगे।

एक दिन मालती मुस्कुराते हुए बोली, "पहले लगता था बीमारी ही किस्मत है, पर अब समझ आया–इलाज भी



हमारा हक है।" गाँव के चौपाल पर बैठे लोग सहमति में सिर हिलाने लगे। सच ही तो था–जब हर घर में सेहत होगी, तभी हर गाँव में उजाला होगा।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**

11 अप्रैल राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस -

# सुरक्षित मातृत्व: सभ्यता की संवेदना और भविष्य की नींव

किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक आकलन उसके सबसे संवेदनशील वर्ग - माँ और शिशु की स्थिति से किया जा सकता है। 11 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मातृत्व केवल एक जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता, संस्कारों की परंपरा और समाज की स्थिरता का आधार है। भारतीय संस्कृति में माँ को सृष्टि का प्रथम गुरु और पालनकर्ता माना गया है। "मातृ देवो भवः" की भावना केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक ताने-बाने की मूल चेतना है। इसके बावजूद यह एक कटु सत्य है कि आज भी अनेक महिलाएँ गर्भावस्था और प्रसव के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं। यह स्थिति केवल चिकित्सा व्यवस्था की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता, जागरूकता के अभाव और संसाधनों के असंतुलन का परिणाम है।

सुरक्षित मातृत्व का अर्थ केवल प्रसव के समय चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है–जिसमें गर्भधारण से पूर्व स्वास्थ्य जागरूकता, गर्भावस्था के दौरान नियमित जाँच, संतुलित पोषण, मानसिक समर्थन और प्रसव के बाद माँ एवं शिशु की देखभाल शामिल है। यदि इन सभी पहलुओं को समुचित रूप से सुनिश्चित किया जाए, तो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। ग्रामीण भारत और दूरस्थ क्षेत्रों में यह चुनौती और भी गंभीर हो जाती है। वहाँ स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता,प्रशिक्षित चिकित्सकों की कमी और सामाजिक रूढ़ियाँ मिलकर स्थिति को जटिल बना देती हैं।

कई बार महिलाएँ प्रसव के समय तक किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय जाँच नहीं करातीं, जिससे जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## 10 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, बूथों पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी नामावली

समाज जागरण गौतमबुद्धनगरः जनपद गौतमबुद्धनगर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत यह प्रकाशन किया जा रहा है।

निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के तहत तैयार मतदाता सूची की प्रति संशोधनों सहित संबंधित मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक आम नागरिकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

प्रशासन ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 10 अप्रैल को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन करें और किसी त्रुटि की स्थिति में समय रहते जानकारी दें।

साथ ही पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 10 अप्रैल को अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक संपन्न, पूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

समाज जागरण गौतमबुद्धनगरः जनपद गौतमबुद्धनगर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत यह प्रकाशन किया जा रहा है।

निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के तहत तैयार मतदाता सूची की प्रति संशोधनों सहित संबंधित मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक आम नागरिकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

प्रशासन ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 10 अप्रैल को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन करें और किसी त्रुटि की स्थिति में समय रहते जानकारी दें।

साथ ही पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 10 अप्रैल को अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## सूरजपुर में पुलिस-बदमाश मुठभेड़, 2 घायल, 4 गिरफ्तार



समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगरः जनपद गौतमबुद्धनगर के सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, मोजर वियर गोलचक्कर के पास सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान बदमाश पुलिस से बचने के लिए रेलवे लाइन के किनारे जंगल की ओर भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसल गई, जिसके बाद उन्होंने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए।

### घायल और गिरफ्तार बदमाशों की पहचान

घायल बदमाशों की पहचान मुकेश उर्फ मुक्के (32 वर्ष) और आकाश (29 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, अन्य दो आरोपी देवेन्द्र शर्मा उर्फ देबू (लगभग 40 वर्ष) और सतपाल (50 वर्ष) को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

### हथियार और चोरी का सामान बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 तमंचे, कारतूस, ड्रिल मशीन और ड्रिल रॉड बरामद किए हैं। साथ ही, उनकी निशानदेही पर तिलपता और देवला गांव में हुई चोरी के मामलों से संबंधित सामान–फ्रिज, एलईडी टीवी, बैटरी, इन्वर्टर, कुकर और अन्य घरेलू वस्तुएं भी बरामद की गई हैं।

### पुराना आपराधिक इतिहास

पुलिस के अनुसार, चारों आरोपी शातिर अपराधी हैं और विभिन्न थानों में इनके खिलाफ कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। बरामद दो बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलों के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## नोएडा में 11 अप्रैल को भव्य बॉडीबिल्डिंग व फिटनेस चैंपियनशिप

समाज जागरण /संदीप गर्ग

नोएडाः नोएडा में युवाओं को स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से संतुष्टि सेवा फाउंडेशन द्वारा 11 अप्रैल 2026 को भव्य बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सेक्टर-6 स्थित एनईए ऑडिटोरियम में शाम 4:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागी अपनी फिटनेस और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### युवाओं को मिलेगा प्रेरणा मंच

आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, अनुशासन की भावना विकसित करना और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य अतिथि, समाजसेवी, खेल प्रेमी और फिटनेस जगत से जुड़े कई प्रमुख लोग शामिल होंगे, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ेगी।

# "विकसित उत्तर प्रदेश @2047" अभियान पर समीक्षा बैठक, तीन प्रमुख क्षेत्रों में कार्ययोजना के निर्देश



समाज जागरण/ गौतमबुद्धनगरः जनपद गौतमबुद्धनगर में "विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश @2047" अभियान के अंतर्गत चयनित सुझावों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में तीन प्रमुख क्षेत्रों–सांस्कृतिक पर्यटन एवं सेवा आदान-प्रदान, आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट–पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इन क्षेत्रों में जनपद के समग्र विकास और रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएं हैं।

सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव योजना "Serve and See India" विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत देशी-विदेशी पर्यटक भ्रमण के साथ सामाजिक कार्यों में भी भाग ले सकेंगे, जैसे–ग्रामीण बच्चों को पढ़ाना, अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में सेवा, ऐतिहासिक स्थलों की सफाई और वृक्षारोपण।

इस योजना के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार करने और स्थानीय एनजीओ व सांस्कृतिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**जिम्मेदार पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल से जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्थानीय समुदाय को आर्थिक और सामाजिक लाभ प्राप्त होगा। यह भारत की संस्कृति, सेवा भावना और "अतिथि देवो भवः" की परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने में सहायक होगा।

**समयबद्ध कार्ययोजना के निर्देश**

बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी चयनित सुझावों के लिए विस्तृत, परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका, अपर जिलाधिकारी (भू अर्जन) बच्चू सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## आबकारी नीति 2026-27: गौतमबुद्धनगर में ई-लॉटरी से 30 दुकानों का आवंटन, 28 करोड़ का राजस्व



समाज जागरण गौतमबुद्धनगरः जनपद गौतमबुद्धनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में आबकारी नीति 2026-27 के तहत द्वितीय चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस दौरान कुल 30 मदिरा दुकानों का आवंटन पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया।

इसमें देशी मदिरा की 24 दुकानें (जिसमें 1 अवशेष व 23 नवसृजित), कंपोजिट की 2 दुकानें तथा मॉडल शॉप की 4 दुकानें शामिल रहीं। पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

### 4047 आवेदन, 28 करोड़ का राजस्व

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के अनुसार, देशी मदिरा दुकानों के लिए 3535 आवेदन, कंपोजिट के लिए 507 आवेदन और मॉडल शॉप के लिए 5 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 4047 आवेदनों के माध्यम से लगभग 28 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### प्रदेश में सबसे ज्यादा आवेदन

प्रशासन के अनुसार, आबकारी दुकानों के लिए सबसे अधिक आवेदन इसी जनपद में प्राप्त हुए, जिससे यह दिन राजस्व की दृष्टि से ऐतिहासिक रहा।

### पारदर्शिता के साथ हुई प्रक्रिया

ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, सहायक आबकारी आयुक्त, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। पूरी प्रक्रिया आवेदकों की उपस्थिति में पारदर्शिता और सुचिता के साथ संपन्न कराई गई। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## नोएडा में अवैध हथियार तस्करी का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार, भारी मात्रा में शस्त्र बरामद



समाज जागरण /संदीप गर्ग

नोएडाः नोएडा के थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध शस्त्रों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गंदे नाले की पुलिया के पास से आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अभिषेक (21 वर्ष) निवासी सोरखा, सेक्टर-115 और समीर (20 वर्ष) निवासी सेक्टर-27 के रूप में हुई है।

### भारी मात्रा में हथियार बरामद

अभियुक्तों के कब्जे से 5 पिस्टल (.32 बोर), 5 देशी तमंचे (.315 बोर) और 1 देशी तमंचा (.32 बोर) बरामद किए गए हैं।

### सोशल मीडिया के जरिए करते थे सौदे

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अवैध हथियारों को कम कीमत पर खरीदकर अधिक दामों में बेचते थे। पिस्टल 40-45 हजार में खरीदकर 65-75 हजार तक में बेचते थे, जबकि तमंचे 4-5 हजार में खरीदकर 10 हजार तक में बेचते थे। ग्राहक जुटाने के लिए आरोपी इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क करते थे।

अभियुक्तों ने बताया कि वे हथियारों का इस्तेमाल अपने शौक और रौब दिखाने के लिए भी करते थे। इस अवैध कारोबार से कमाई गई रकम से अपने खर्च पूरे करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले में आगे की जांच जारी है।

## जेवर क्षेत्र के दो प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार को मिली मंजूरी

### धीरेंद्र सिंह के प्रयास रंग लाए, पर्यटन मंत्री ने दी सैद्धांतिक सहमति



समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर/ लखनऊः जेवर विधानसभा क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए धीरेंद्र सिंह के प्रयासों को सफलता मिली है। उन्होंने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात कर कासना स्थित प्राचीन सती मंदिर और दनकौर के खेड़ा दैवत मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदर्याकरण के लिए धनराशि जारी करने का अनुरोध किया, जिसे मंत्री ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

**घोषणा को मिला अमल का रास्ता**

गौरतलब है कि 12 मार्च 2026 को जेवर क्षेत्र में विकास कार्यों के लोकार्पण के दौरान मंत्री जयवीर सिंह ने इन दोनों मंदिरों के सौंदर्याकरण की घोषणा की थी। अब यह मुलाकात उस घोषणा को धरातल पर उतारने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

**पर्यटन मानचित्र पर उभरेंगे स्थल**

पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कासना और दनकौर के ये मंदिर जनआस्था के प्रमुख केंद्र हैं और इनके विकास से क्षेत्र को पर्यटन के रूप में नई पहचान मिलेगी।

### विधायक ने जताया आभार

विधायक धीरेंद्र सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इन मंदिरों के जीर्णोद्धार से न केवल क्षेत्र की धार्मिक गरिमा बढ़ेगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्रवासियों की भावनाओं का सम्मान है।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावा

विशेषज्ञों का मानना है कि इन धार्मिक स्थलों के विकास से स्थानीय रोजगार, व्यापार और पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## खजूर कॉलोनी में कथा आयोजन, ध्रुव चरित्र व नरसिंह अवतार का हुआ वर्णन

समाज जागरण नोएडाः सेक्टर 45 नोएडा स्थित खजूर कॉलोनी के शिव मंदिर में आयोजित धार्मिक कथा में पंडित देवेंद्र शास्त्री ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद और भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में ध्रुव की तपस्या, प्रह्लाद भक्ति, नरसिंह अवतार तथा वामन अवतार की झांकी प्रस्तुत की गई। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और "राधे-राधे" व "जय श्री कृष्ण" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुरेश गुप्ता एवं अर्चना गुप्ता सहित कॉलोनी के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ड्रीमस्फियर 2026: समावेशी मंच ने दिखाई न्यूरोडाइवर्स प्रतिभाओं की चमक

### कला, संगीत और आत्म-अभिव्यक्ति के जरिए ऑटिज्म स्पेक्ट्रम से जुड़े कलाकारों ने बिखेरी प्रतिभा




समाज जागरण नोएडाः इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित "ड्रीमस्फियर 2026" ने यह साबित कर दिया कि सही मंच और अवसर मिलने पर न्यूरोडाइवर्स व्यक्तियों की प्रतिभा किस तरह निखरकर सामने आती है। आर्ट्स एंड सोल्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह एक दिवसीय कार्यक्रम कला और समावेशन का सशक्त उदाहरण बना।

इस आयोजन में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम से जुड़े कलाकारों ने एब्स्ट्रैक्ट आर्ट, लाइव पेंटिंग और संगीत के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। हर प्रस्तुति में भावनात्मक गहराई और विशिष्टता साफ झलक रही थी।

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने किया। उन्होंने कलाकारों की प्रतिभा और अभिभावकों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि इन कलाकृतियों में गहरी संवेदनशीलता और मानवीय भावनाएं झलकती हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता खिलाड़ी रणवीर सैनी तथा पद्म भूषण से सम्मानित कला विशेषज्ञ राजीव सेठी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

### समावेशन का सशक्त संदेश

दिनभर दर्शकों ने कलाकारों के साथ संवाद किया और लाइव आर्ट का अनुभव लिया। इससे कलाकारों में आत्मविश्वास बढ़ता हुआ नजर आया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि समाज को न्यूरोडाइवर्स व्यक्तियों को उनकी क्षमताओं के आधार पर पहचानना चाहिए।

### सामुदायिक सहयोग से सफलता

कार्यक्रम की सफलता में इनर व्हील क्लब्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनमें नोएडा एविआना और ग्रेटर कैलाश इकाई शामिल रहीं। इनके सहयोग से आयोजन को व्यापक रूप मिला।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

संध्या सत्र में रेणु हुसैन, अर्चना निरंजन और जावेद हबीब की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और खास बना दिया। अंत में देवांश चंद्रा के गायन और यश बंगिया की पियानो प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

### फाउंडेशन का उद्देश्य

आर्ट्स एंड सोल्स फाउंडेशन न्यूरोडाइवर्स बच्चों और युवाओं के साथ कार्य करते हुए कला को आत्म-अभिव्यक्ति और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाता है। फाउंडेशन द्वारा कला बिक्री से प्राप्त 70% आय सीधे कलाकारों को प्रदान की जाती है।

### समावेशन का जीवंत उदाहरण

ड्रीमस्फियर 2026 ने यह साबित किया कि जब समावेशन, अवसर और विश्वास एक साथ आते हैं, तो प्रतिभाएं न केवल उभरती हैं, बल्कि समाज को नई दिशा भी देती हैं।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं का सम्मान, जागरूकता अभियान तेज



समाज जागरण /संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगरः गौतमबुद्धनगर में "मिशन शक्ति अभियान-5.0" के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस कमिश्नरेट द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में सेक्टर-108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विपरीत परिस्थितियों में साहस और आत्मविश्वास का परिचय देने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र मुख्य अतिथि, जबकि सीडीओ शिवकांत द्विवेदी और डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### प्रेरणादायक महिलाओं को मिला सम्मान

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं–बैंकिंग, शिक्षा, मीडिया, खेल, सामाजिक सेवा और प्रशासन से जुड़ी हस्तियों के साथ-साथ 38 महिला पुलिसकर्मियों (उपनिरीक्षक व आरक्षी) को सम्मानित किया गया।

अपर पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा और बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### नई पहलें भी शुरू

डीसीपी महिला सुरक्षा ने बताया कि अभियान के तहत पिंक बूथ, सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रीट लाइट, "रन फॉर इम्पावरमेंट" और बाइक रैली जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से भी जागरूकता को बढ़ाया जा रहा है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में "नन्हें परिंदे" की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

### समावेशी भागीदारी

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, एनजीओ प्रतिनिधियों और महिला संगठनों के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप मिला।

## नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 16 गिरफ्तार; विदेशियों से साइबर ठगी का खुलासा



समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश किया है, जो विदेशी नागरिकों को हैकिंग और डाटा चोरी का डर दिखाकर साइबर ठगी करता था। पुलिस ने इस मामले में 16 अभियुक्तों को सेक्टर-16 क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 लैपटॉप, 15 डेस्कटॉप, 15 मॉनिटर, 16 मोबाइल फोन, 16 माइक-हेडफोन, 2 राउटर और 1 मॉडम सहित भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं।

### ऐसे करते थे ठगी का खेल

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इंटरनेट और सोशल मीडिया पर पेड विज्ञापन चलाकर विदेशी नागरिकों को अपने जाल में फंसाते थे। विज्ञापनों में दिए गए टोल-फ्री नंबर पर कॉल करने पर कॉल सीधे उनके कॉलिंग सॉफ्टवेयर पर आती थी। इसके बाद आरोपी खुद को "टेक्निकल सपोर्ट एजेंट" बताकर पीड़ितों को यह विश्वास दिलाते थे कि उनका सिस्टम हैक हो गया है। स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए वे पीड़ित के कंप्यूटर तक पहुंच बनाकर बैंकिंग जानकारी हासिल कर लेते थे।

### डॉलर में वसूली, क्रिप्टो से ट्रांजैक्शन

आरोपी पीड़ित के खाते में मौजूद रकम के अनुसार 100 से 500 डॉलर तक वसूलते थे। अधिक रकम होने पर कॉल को अपने वरिष्ठ साथियों को ट्रांसफर कर दिया जाता था। ठगी से अर्जित रकम को क्रिप्टोकरेंसी और हवाला चैनल के जरिए प्राप्त किया जाता था।

### प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये के लेन-देन के साक्ष्य मिले हैं।

**एनसीआर के युवक शामिल**

गिरफ्तार सभी आरोपी 23 से 44 वर्ष आयु वर्ग के हैं और अधिकतर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर सुरक्षा के लिए सावधानियां

पुलिस ने आम नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल या विज्ञापन पर तुरंत भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही, किसी अज्ञात व्यक्ति को स्क्रीन शेयरिंग या बैंकिंग जानकारी साझा करने से बचें।

# उप मुख्य यातायात प्रबन्धक को सौंपा ज्ञापन।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूण्डला द्वारा टिकट चेकिंग स्टाफ के पदों में प्रस्तावित कटौती को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई



यूनियन पदाधिकारियों ने इस सम्बन्ध में उप मुख्य यातायात प्रबंधक अमित आनंद को ज्ञापन देकर कहा है, कि वर्ष 2015 की पिन-पॉइंटिंग के अनुसार टूंडला में टिकट चेकिंग स्टाफ के कुल 405 पद स्वीकृत थे, जिन्हें वर्ष 2021 में घटाकर 324 कर दिया गया।

वर्तमान में स्थिति यह है, कि स्वीकृत 324 पदों के सापेक्ष मात्र 153 कर्मचारी ही कार्यरत हैं, जिससे कार्य व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। स्टाफ की भारी कमी के चलते प्रतिदिन लगभग 150 से अधिक स्लीपर कोच अटेंडेंट रह जाते हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा के साथ-साथ रेलवे राजस्व को भी नुकसान हो रहा है।

यूनियन के संज्ञान में यह भी आया है, कि मंडल स्तर पर पुनः टूंडला से टिकट चेकिंग स्टाफ के पदों में भारी कटौती का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। यूनियन ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि इससे न केवल कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे, बल्कि कार्य प्रणाली और अधिक चरमरा जाएगी।

साथ ही चेतावनी दी गई है, कि यदि बिना चर्चा के पदों का स्थानांतरण किया गया तो उसे एक सप्ताह के भीतर निरस्त किया जाये, अन्यथा यूनियन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह, शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी, सरदार सिंह, शाखा अध्यक्ष सतेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## बालिकाओं को स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी दी, भ्रांतियों को दूर करने पर जोर

**समाज जागरण ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। महिला शक्ति समूह द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 8 अप्रैल को पंडित जगदीश प्रसाद उपाध्याय सरस्वती बालिका विद्यालय एवं शिक्षण संस्थान में मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को मासिक धर्म से संबंधित सही जानकारी देना, स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा इससे जुड़े मिथकों को दूर कर उनके स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनु बंसल द्वारा किया गया। उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ. रिजुल अग्रवाल का परिचय देते हुए उनके अनुभव के बारे में जानकारी दी।



मुख्य वक्ता डॉ. रिजुल अग्रवाल ने छात्राओं को मासिक धर्म की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि यह एक प्राकृतिक और सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जिसे लेकर किसी प्रकार की शर्म या संकोच नहीं होना चाहिए। उन्होंने मासिक स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए बताया कि स्वच्छ साधनों का उपयोग करना और उन्हें समय-समय पर बदलना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने संक्रमण से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही आयरन युक्त भोजन, हरी सब्जियां, फल तथा पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान हल्का दर्द या कमजोरी सामान्य है, लेकिन समस्या अधिक होने पर चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने कहा कि जागरूकता ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है और प्रत्येक बालिका को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। पूनम अग्रवाल ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सही जानकारी और आत्मविश्वास के साथ लड़कियां हर चुनौती का सामना कर सकती हैं।

इस अवसर पर लगभग 50 बालिकाओं को स्वच्छता सामग्री वितरित की गई तथा 33 बालिकाओं का रक्त परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें आयरन की दवाइयां भी दी गईं, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने आयोजकों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। इस अवसर पर प्राची अग्रवाल, वार्तिका जैन, रेनू अरोरा, पूनम अग्रवाल, लिपिका अग्रवाल, मोनिका गर्ग सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन सीमा अग्रवाल, दीपाली सिंघल, गौरी बंसल तथा अन्य सदस्यों के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम बालिकाओं को जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में डायबिटीज विषय पर सीएमई आयोजित, 200 छात्रों ने लिया भाग

**विशेषज्ञों ने लक्षण, जांच, बचाव और उपचार पर दी विस्तृत जानकारी**

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद में गुरुवार को डायबिटीज डिस्टिल्ड विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई)




का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डायबिटीज अध्ययन शोध संस्था, उत्तर प्रदेश के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे महाविद्यालय परिसर के व्याख्यान कक्ष-1 में दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इस अवसर पर सामान्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार एवं आपातकालीन चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ अग्रवाल ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आगरा के वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. सुनील बंसल एवं एस.एन. चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा के आचार्य डॉ. प्रभात अग्रवाल उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने मधुमेह के लक्षण, जांच, बचाव एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) योगेश कुमार गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक रहने तथा निरंतर अध्ययन करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन दंत रोग विभागाध्यक्ष डॉ. किरण कुमारी द्वारा किया गया। इस सीएमई में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, रेजिडेंट चिकित्सकों सहित लगभग 200 एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# यूटा का बढ़ता कारवां, टूंडला ब्लॉक में नई कार्यकारिणी का गठन

**भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने और शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए मुखर हुआ यूटा, ब्लॉक टूंडला में नई कार्यकारिणी का हुआ गठन और अमित ठाकुर यूटा के टूंडला ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित।**

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

टूंडला। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा)के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर के निर्देशन पर यूटा टूंडला ब्लॉक अध्यक्ष और कार्यकारिणी का चुनाव ब्लॉक के शिक्षकों की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दुर्गा रेस्टोरेंट टूंडला में संपन्न हुआ। जिसमें अमित ठाकुर को ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। यूटा जिलाध्यक्ष डॉ जया शर्मा के नेतृत्व , मुकेश राजपूत जिला महामंत्री यूटा के संचालन एवं प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार के संरक्षकत्व में आयोजित निर्वाचन कार्यक्रम में सत्येंद्र सत्यार्थी ब्लॉक महामंत्री, श्रीमती रेनू कुलश्रेष्ठ संयुक्तमहामंत्री, संजय कुमार कोषाध्यक्ष,श्रीमती संतप्यारी




उपाध्यक्ष,श्रीमती शिल्पा कर्दम मीडिया प्रभारी,श्रीमती सुमन गौतम ब्लॉक संयोजक चुने गए। निर्वाचन समिति में इंदु वत्सल दुबे जिला कोषाध्यक्ष, श्रीमती सरिता शर्मा महिला जिला उपाध्यक्ष एवं लोकेश कुमार जिला उपाध्यक्ष ने निर्वाचन कार्यवाही को नियमानुसार संवैधानिक तरीके से पूर्ण कराया। इस मौके पर श्रीमती विनीता चौधरी जिला स्काउट कमिश्नर,श्रीमती कीर्ति जादौन, श्रीमती उर्वशी उपाध्याय,श्री दिनेश शर्मा दिलीप कुमार, अनुराग उपाध्याय, दिलीप यादव, शिवेंद्र यादव, बाबू हसन आदि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# डाक बंगला मस्जिद के पास बाइक में लगी आग, घटना से मचा हड़कंप,लाइव वीडियो हुआ वायरल।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। बर्निंग बाइक का लाइव वीडियो शोसल मीडिया पर सुर्खियों में छाया हुआ है। लाइव वीडियो फिरोजाबाद शहर के थाना रसूलपुर क्षेत्र के डाक बंगला मस्जिद के पास का है। खड़ी बाइक अचानक धुँ धुँ कर जलने लगी। घटना के बाद मोके पर भीड़ इकट्ठी हो गयी। और आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग इतनी बेकाबू थी। फायर बिग्रेड की टीम पहुंचने पहले ही बाइक जलकर स्वाहा हो गयी। घटना बुधवार की शाम की बताई जा रही है। जो गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे



सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गयी है। बाइक में आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में प्रगति पत्र पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर आई मुस्कराहट

**समाज जागरण**

सिरसागंज। श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में सत्र 2025-2026 का परीक्षाफल विद्यार्थियों को समस्त कक्षाध्यापक बंधुओं द्वारा वितरित किया गया। जिसमें कक्षा 11 ब 2 के कक्षाध्यापक अंजय जैन, अश्वनी कुमार जैन व निशान्त जैन, विपुल जैन ने भी अपनी कक्षा के विद्यार्थियों का



परीक्षाफल घोषित करते हुए समस्त विद्यार्थियों को प्रगति पत्र प्रदान किए।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि कक्षा 11ब 2 में परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान कु मुस्कान, द्वितीय स्थान अनाया, तृतीय स्थान अतिमा ने प्राप्त किया। अंजय जैन ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रगति पत्र प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगामी कक्षा 12 में प्रवेश की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रगति पत्र एवं सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कराहट का अनुभव हो रहा था। इस अवसर पर कु अंजली, करिश्मा, परी, स्मृति, सोनल, खुशी, प्रियंका, सिमरन, साक्षी, शिवानी, नैना, आशिका, आस्था, प्रियांशु, प्रिंस, देव, रामगोपाल, कार्तिक शर्मा, अनिरुद्ध, अविराज, अमित, प्रवीन, गिलक्रिस्ट एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नाबालिक किशोरी घर से पिछले दो दिन से गायब शिकायत दर्ज

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी घर से पिछले दो दिन से गायब है परिजनों ने दूसरे समुदाय के एक युवक पर शक जाहिर करते हुए नगीना पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है थाना क्षेत्र के एक पीड़ित पिता ने नगीना थाना पुलिस को तहरीर दी है जिसमें कहा गया है कि मेरी लड़की जिसकी उम्र 17 साल 3 महिने की है मंगलवार की दोपहर लगभग 11.30 बजे घर से चली गई है। पीड़ित पिता ने अपना शक जाहिर करते हुए तहरीर में कहा है कि मेरी लड़की सुल्तान s/o जमीर निवासी ग्राम महेश्वरी जट थाना कोतवाली देहात से छुपकर फोन पर बात करती थी। मुझे शक है कि मेरी लड़की को सुल्तान ही बहला फुसला कर ले गया है। मेरे पास दिनांक 07/04/26 की शाम 74172XXXX से फोन आया था। तो सुल्तान ने मुझसे कहा कि तुम्हारी लडकी मेरे पास है। नगीना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की जांच शुरू कर दी है।

# स्योहारा में झूठी छेड़छाड़ की कहानी बेनकाब, दो आरोपी गिरफ्तार

## थाना प्रभारी संजय कुमार की निष्पक्ष जांच में खुला मामला, निदोषों को मिली राहत

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरोः शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर/स्योहारा। क्षेत्र में बुधवार देर रात सामने आए एक मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की सूझबूझ और निष्पक्ष कार्यशैली से सच्चाई सामने आ गई। मौके पर पहुंचकर उन्होंने पूरे प्रकरण की गहन जांच की, जिससे झूठी छेड़छाड़ की कहानी का पदार्फाश हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बुढेरन में पीड़िता के परिजन आरोपी के बेटे की शिकायत लेकर उसके घर पहुंचे थे। आरोप था कि युवक युवती से छेड़छाड़ कर रहा था तथा उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर चुका था। इसी बीच आरोपी पक्ष ने उल्टा चालाकी दिखाते हुए महिला से छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाकर तीन लोगों को बंधक बना लिया और पुलिस को गलत सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बिना किसी दबाव के मामले की गंभीरता से जांच की। जांच में छेड़छाड़ की सूचना पूरी तरह असत्य पाई गई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटा उर्फ टिंकू पुत्र उमेश तथा उमेश पुत्र स्वरूप सिंह, निवासी ग्राम बुढेरन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पीड़िता की माता की तहरीर पर आरोपी के बेटे के खिलाफ छेड़छाड़, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी संजय कुमार की तत्परता, निष्पक्षता और कानून के प्रति ईमानदार रवैये की क्षेत्र में सराहना हो रही है। उनके इस कार्य से न केवल निदोषों को न्याय मिला, बल्कि पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास भी और मजबूत हुआ है।

# स्योहारा में साइबर क्राइम का बड़ा खुलासा, फर्जी जॉब रैकेट का भंडाफोड़

## दिल्ली पुलिस की कार्रवाई में दंपति गिरफ्तार, लाखों की ठगी का नेटवर्क उजागर

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरोः शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर/स्योहारा। स्योहारा नगर में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब दिल्ली साइबर क्राइम थाना बदरपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेज बनाकर अस्पतालों में नौकरी दिलाने वाले संगठित गिरोह का पदार्फाश कर दिया। इस कार्रवाई में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली से आई साइबर क्राइम टीम ने नगर के एक मोहल्ले में अचानक दबिश दी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। करीब चार घंटे तक चली तलाशी और पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में फिजा उर्फ अस्मत आरा पत्नी अदनान तथा अदनान पुत्र शमीम उर्फ बब्बू शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 50 से अधिक फर्जी दस्तावेज, कई नकली मोहरें, मोबाइल फोन, लैपटॉप और नगदी बरामद की है, जो इस बड़े फजीर्वाड़े की ओर इशारा करते हैं।

**नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी**

जांच में सामने आया है कि आरोपी दंपति दिल्ली के नामी अस्पतालों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से मोटी रकम वसूलते थे। वे फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर उम्मीदवारों को देते थे। इस तरह वे लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं।

**पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे**

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों के खिलाफ दिल्ली में पहले से ही एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। महिला आरोपी हाल ही में जमानत पर बाहर आई थी, लेकिन फिर से इस अवैध धंधे में सक्रिय हो गई।

**सुनियोजित तरीके से करते थे ठगी**

आरोपी पहले लोगों का भरोसा जीतते, फिर फर्जी दस्तावेज और मोहर तैयार कर नकली नियुक्ति पत्र देकर उन्हें जाल में फंसा लेते थे। उनका तरीका इतना सुनियोजित था कि कई लोग आसानी से ठगी का शिकार हो जाते थे।

**घर से मिला फजीर्वाड़े का जखीरा**

छापेमारी के दौरान पुलिस को आरोपियों के घर से फर्जी दस्तावेजों का बड़ा जखीरा मिला, जिसमें नकली मोहरें, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और नगदी शामिल है। इससे स्पष्ट है कि गिरोह लंबे समय से सक्रिय था। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय भी मौके पर पहुंचे और आरोपियों से पूछताछ की। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, अपराध निरीक्षक दिनेश कुमार सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# स्योहारा पुलिस का बड़ा एक्शन, हत्या कांड में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मुखबिर की सूचना पर दबिश, पुलिस टीम की मुस्तैदी से मिली सफलता**

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर/स्योहारा। स्योहारा पुलिस ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के एक सनसनीखेज मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है और अपराधियों में दहशत का माहौल बना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 फरवरी 2026 को वादी शाह आलम पुत्र



नसरुल्ला, निवासी मोहल्ला चौधरीयान स्योहारा, ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी अजीम पुत्र यासीन, निवासी ग्राम बिरामपुर ईदगाह रोड, ने उसके भाई सलमान की बेरहमी से हत्या कर दी थी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

पुलिस ने इस मामले में मुकदमा संख्या 053/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मिले ठोस साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने धारा 61(2) एवं 3(5) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की।

लगातार प्रयासों और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर स्योहारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी नदीम पुत्र अब्दुल हक, निवासी मोहल्ला चकमहदूद सानी, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि क्षेत्र में अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून से बचना संभव नहीं है। इस सफलता में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक समयपाल सिंह, कांस्टेबल अमित भाटी एवं कांस्टेबल पंकज शामिल रहे, जिन्होंने लगातार मेहनत कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

स्योहारा पुलिस की इस कार्रवाई से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि मजबूत इरादों के साथ काम करने पर कोई भी अपराधी कानून के शिकंजे से बच नहीं सकता।


# कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 51 /पी०डब्ल्यू०डी०/ई-निविदा सूचना/2026-27 — दिनांक : 09/04/2026

## -: पुनः ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा राज्य वित्त आयोग / निगम निधि के अन्तर्गत कुल 68 कार्यो हेतु अर्ह ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आंमत्रित कार्यों हेतु फर्म द्वारा उनकी श्रेणी अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा। इन कार्यों की निविदा डबल बिड पद्धति के अन्तर्गत है। ई-निविदा के माध्यम से अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर ई-निविदा निम्नांनुसार आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य की संख्या | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुनः ई-निविदा सूचना (राज्य वित्त आयोग/निगम निधि) | 08 | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय<br>ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय<br>ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि / समय<br>तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 13-04-2026<br>13-04-2026<br>20-04-2026 03:00 PM<br>20-04-2026 04:00 PM |
| 2. | 11/निर्माण/2025-26 (राज्य वित्त आयोग/ निगम निधि) | 30 | | |
| 3. | 12/निर्माण/2025-26 (राज्य वित्त आयोग/ निगम निधि) | 30 | | |
| | कुल | 68 | | |

नोटः-शेष नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
नगर निगम, फिरोजाबाद।

# टायलेट गई किशोरी के साथ जबरन बलात्कार करने का आरोप

## किशोरी के परिजनों ने पुलिस पर लगाया कार्रवाई न करने का आरोप

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने दो युवकों पर टायलेट के लिए गई उनकी नाबालिक बेटी के साथ जबरन बलात्कार करने और शिकायत करने के बाद भी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया।

महिला ने बताया कि बुधवार की देर रात उसकी नाबालिक बेटी टायलेट के लिए गई थी, जहां पहले से ही मौजूद दो युवक उसका मूंह दबाकर एक क्वाटर में ले गए और दोनों ने उसके साथ बारी-बारी जबरन बलात्कार किया। आंख खुलने पर उसने बेटी की तलाश शुरू की। क्वाटर में पहुंचने पर देखा कि एक युवक उसकी अर्द्ध नग्न बेटी के साथ मारपीट कर रहा था। बृहस्पवितार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेटी को उनके सुपुर्द कराया। उन्होंने इस बारें में कोतवाली में शिकायत की थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उसके पति को ही थाने में बैठा लिया। उसने पुलिस कर्मियों पर बेटी को धमकाकर गलत बयान दर्ज कराने का भी आरोप लगाया है। उसने एसपी से जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कैंसर और नेत्र रोग ओपीडी का शुभारंभ

**समाज जागरण**

बड़ौत। कोताना रोड स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल में डॉ. मनीष तोमर के पुत्र डॉ. तरुण तोमर की कैंसर रोग निदान और पुत्रवधू डॉ. शश्या तोमर की नेत्र रोग निदान की ओपीडी का शुभारंभ किया गया। पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री




डॉ. सत्यपाल ने कहा कि क्षेत्र में कैंसर रोग बढ़ रहा है, और इस ओपीडी के शुभारंभ से लोगों को तुरंत इलाज मिल सकेगा। उन्होंने लोगों से शुद्ध खान-पान और शुद्ध अचार-विचार के साथ जीने की अपील की। डॉ. सत्यपाल ने ओपीडी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर आर्य विद्वान प्रोफेसर सुरेंद्र पाल सिंह, अलका तोमर, डॉ. मनीष तोमर, डॉ. गीतांजलि तोमर, डॉ. तरुण तोमर, डॉ. शश्या तोमर, प्रबंधक डॉ. आशीष चौधरी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बड़ौत में रक्तदान शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

बड़ौत। तहसील के बार हाल में बड़ौत चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम भावना सिंह और सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एडवोकेट ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। शिविर में लगभग 30 अधिवक्ताओं ने रक्तदान किया, जिनमें



डॉक्टर आदित्य पांडे, रविंद्र सिंह, दीपक कुमार, अजय राजपूत पांडे और नर्सिंग होम स्टाफ नीतू सिंह शामिल हैं। बाहरी क्षेत्र के लोगों ने भी शिविर में आकर रक्तदान किया। शिविर में महामंत्री पुष्पेंद्र तोमर, पूर्व बार अध्यक्ष ईश्वर सिंह, मनीष मान, दिनेश शर्मा, दीपक राठी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, संजीव चौधरी, वेदपाल पवार, आनंदपाल तोमर, सत्यपाल मान, विनोद मान एडवोकेट, सिनोली, संतोष भारद्वाज, विनोद जैन, सागर तोमर और वरिष्ठ अधिवक्ता पवन कुमार लुहारी ने सहयोग किया।

# बड़ागांव जैन मंदिर में मनाया गया विश्व णमोकार महामंत्र दिवस

**समाज जागरण**

बागपत। स्यादवाद जैन एकेडमी त्रिलोकतीर्थ बड़ागाँव में विश्व णमोकार महामंत्र दिवस मनाया गया। विश्व में हो रही अशांति, उथल पुथल, हिंसा व




युद्ध को रोकने के लिये नो मिनट का णमोकार मन्त्र का स्यादवाद जैन एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा उच्चारण किया गया। सभी अध्यापकों व समस्त स्टाफ व विद्यालय प्रबंध समिति में श्यामलाल जैन लिली जैन त्रिलोकचंद जिनेंद्र राजीव प्राचार्या सीमा सभी ने मिलकर णमोकार महामंत्र का जाप किया।

# तीन तलाक मामले में पति पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। मारपीट करने और तीन तलाक देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। नगर के मोहल्ला दरबारकलां निवासी भूरी ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका निकाह करीब एक वर्ष पूर्व प्रवेज के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति दहेज में नकदी और कार की मांग करता था। इसके लिए उसके साथ मारपीट की जाती थी। पीड़िता ने बताया कि एक अप्रैल को उसने पति के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था। जमानत पर छूटने के बाद आरोपी पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गवाह को दी गई धमकी

**समाज जागरण**

कैराना। गवाही देने जा रहे एक गवाह को धमकी दी गई।

मोहल्ला बिसातियान निवासी मोहम्मद आदिल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वह एक मुकदमे में गवाही देने के लिए जा रहा था। आरोप है कि कचहरी में सुहैल अहमद निवासी मोहल्ला जैरअंसारियान मिला, जिसने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

# सर्विस रोड चौड़ीकरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के बिनौली रोड पर ओवर ब्रिज के पास सर्विस रोड को चौड़ीकरण कराने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को तहसील परिसर में पहुंचकर कॉलोनी की महिलाओं ने एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा और रोड पर जाम लगा दिया। महिलाओं ने कहा कि सेतु निगम तो अपना निर्माण करके यहां से चला गया, लेकिन अब नगर पालिका परिषद बड़ौत चेयरमैन इस समस्या का समाधान करें। नगर पालिका परिषद के ईओ मनोज रस्तोगी और अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार ने कहा कि जल्दी ही समस्या का समाधान करने का कार्य किया



जाएगा।प्रदर्शनकारियों ने नाला निर्माण की भी मांग की। अधिकारियों ने नाला निर्माण का भी प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया। दुकानदारों ने सर्विस रोड के पास रोड पर दुकानों के पास अतिक्रमण भी जमा लिया है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका के खिलाफ भी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर प्रज्ञा चौधरी, सरोज चौधरी, बबीता चौधरी, सविता चौधरी, रेखा ममता चौधरी, संगीता, धर्मपाल सिंह, बृजेश, रोहतास, सुकरामपाल, हरिकिशन, महावीर, धर्मपाल, दिनेश, रघुवर, उमेश चौधरी के अलावा काफी संख्या में लोगों ने धरना प्रदर्शन किया।

# ज्ञानदीप स्कूल में हवन के साथ हुआ नए सत्र का शुभारंभ

**समाज जागरण**

बागपत। ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा बागपत में हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ हुआ। स्कूल के प्रबंधक जयसिंह शर्मा व प्रधानाचार्य ब्रिजेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से भगवान श्री गणेश जी एवं श्रद्धेय मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पूजा-वंदना कर नए सत्र का शुभारंभ किया। समस्त स्टाफ और बच्चों ने हवनकुंड में आहुति दी। इस मौके पर ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल परिवार के रामकिशोर शर्मा, ओंबीरी, संगीता



शर्मा, शिवानी कश्यप, मानसी ठाकुर, इंदु शर्मा, रवि मलिक, दीपा जैन, दीपाली, राखी शर्मा, मंजू आदि का सहयोग रहा।

# हरियाणा में हादसे में महिला मजदूर की मौत, बेटी घायल

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) हरियाणा के सनौली क्षेत्र में मजदूरी करने जा रही मां-बेटी को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी जयचंद की 45 वर्षीय पत्नी प्रेमो गुरुवार सुबह अपनी 25 वर्षीय बेटी पिंकी के साथ मजदूरी करने के लिए सनौली जा रही थी। जैसे ही दोनों सनौली क्षेत्र में टोल प्लाजा के निकट सड़क पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटी दोनों गंभीर



रूप से घायल हो गईं, जबकि बाइक सवार भी चोटिल हो गया। मौके पर पहुंची नेशनल हाईवे एंबुलेंस ने घायलों को कैराना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रेमो को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल पिंकी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्थल हरियाणा क्षेत्र में आता है, जबकि एंबुलेंस घायलों को कैराना अस्पताल लेकर आई थी। बताया गया है कि मृतका के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उसके एक 17 वर्षीय बेटा और चार बेटियां हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता था। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# जलेबी के रुपये मांगने पर मारपीट का मामला, व्यापारी ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में जलेबी के रुपये मांगने को लेकर हुए मारपीट के मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को फर्जी बताते हुए उसे खत्म करने तथा आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी आशीष की कस्बे के मुख्य बाजार में मिठाई की दुकान है। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व कस्बा निवासी युवकों के साथ जलेबी के रुपये मांगने को लेकर कहासुनी हो गई थी, जो बाद में मारपीट में बदल गई। इस मामले में व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने कस्बा निवासी जुनेद, तनवीर, नाजिम तथा 4-5 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

पीड़ित व्यापारी आशीष ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि मामले को लेकर कुछ लोग लगातार उस पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि जब उसने समझौते से इनकार कर दिया तो आरोपित पक्ष ने भी उसके खिलाफ कार्रवाई कराते हुए आशीष, अश्विन, शुभम और एक अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया।पीड़ित ने अपने ऊपर दर्ज मुकदमे को फर्जी बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और मुकदमा समाप्त करने की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया कि नामजद युवक खुलेआम घूम रहे हैं। व्यापारी ने पुलिस से आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर मे सर्वाधिक अंक प्राप्त कर , जल हाउस सत्र 2025- 26 का बना विजेता

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में आज दिनांक. 08-04-2026 को सत्र 2025-26 के हाउस समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर अनुज त्यागीजी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल जी ने सभी हाउस की वार्षिक गतिविधियों के प्रदर्शन के आधार पर हाउस इंचार्ज, कैप्टन व सभी सदस्यों को सर्वप्रथम बधाई दी। पर किसी भी प्रतियोगिता में विजेता तो एक ही टीम होती है इसलिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर. जल हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करके जीत हासिल की और 2025- 26का बेस्ट हाउस विजेता चुना गया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर अनुज त्यागीजी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल जी ने विजेता हाउस जिसके इंचार्ज मति रेनू चौधरी , कैप्टन तृप्ति चौधरी ,मयूर अडवाल और सभी सदस्यों को मेडल, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और सदस्यों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर अनुज त्यागीजी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल जी ने सभी विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना अपनाने, ईर्ष्या से दूर रहने की सलाह दी तथा प्रतिदिन अध्ययन के साथ खेल एवं विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

# रावत शिक्षा समिति में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण एवं योगोत्सव का आयोजन

## दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु जागरूकता, योग साधना और प्रशिक्षण पर दिया गया जोर

**समाज जागरण**

हाथरस। रावत शिक्षा समिति दिव्यांग निःशुल्क आवासीय विद्यालय प्रशिक्षण केंद्र, हाथरस के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण एवं योग साधना योगोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मूक-बधिर, दृष्टिहीन एवं मानसिक दिव्यांगजनों के लिए जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग की टीम डॉ. संगीता झा एवं रुचिरा ढाल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वेता दिवाकर (नगर पालिका अध्यक्ष), डॉली माहौर (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), डॉ. के.के. शर्मा (वागला अस्पताल) एवं वासुदेव माहौर द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. एम.एल. रावत एवं अर्चना राजमाला द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं राधा-कृष्ण के चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। डॉ. एम.एल. रावत ने संस्था की गतिविधियों और दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे



कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. के.के. शर्मा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. रावत द्वारा दिव्यांगजनों के हित में किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने बताया कि वागला अस्पताल में ऑडियो कक्ष की स्थापना से दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान संभव हुआ है।

मुख्य अतिथि स्वेता दिवाकर ने कहा कि डॉ. रावत द्वारा समाज कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्था के मार्ग और पार्क निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाएंगे, जिससे वर्षा ऋतु में दिव्यांगजनों को होने वाली परेशानी दूर हो सके।

डॉली माहौर ने भी संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका परिवार सदैव इस संस्था के साथ खड़ा रहेगा और दिव्यांगजनों की सेवा में योगदान देता रहेगा।

संस्था की विशेष शिक्षिका एवं प्रशासनिक अधिकारी अर्चना शर्मा ने अभिभावकों को विशेष शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के लिए परिवार, विशेषकर माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

वासुदेव माहौर ने संस्था से अपने लंबे जुड़ाव के अनुभव साझा करते हुए कहा कि दिव्यांग सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। कार्यक्रम का संचालन पीयूष रावत ने किया। इस अवसर पर राधा गावर, लक्ष्मी अरोरा, पूजा सिंह, निहा गुप्ता, रीना गुप्ता, दीप्ति अग्रवाल, लीना अग्रवाल, मुकीम, विकास चौधरी, सपना, प्रीति रावत, लतेश रावत, राधा रानी रावत सहित बड़ी संख्या में महिला समूह एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

# स्टेट पॉवर वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप आगरा में शौर्या ने जीता स्वर्ण पदक

**समाज जागरण**

बिनौली। आगरा में संपन्न हुई यूपी स्टेट पॉवर वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में बिनौली के न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 12 के छात्र शौर्या चौधरी ने 610 किलोग्राम वेट उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीता हैं। मुलसम गांव के किसान चौधरी अजीत सिंह के बेटे शौर्या चौधरी ने बीती 3 से 5 अप्रैल तक आगरा के सिकंदरा एसीएमई इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में हुई इस चैम्पियंनशिप में सब जूनियर वर्ग 105 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग किया और 610 किलोग्राम वेट उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीतकर अपने जिले और गांव का नाम रोशन



किया हैं। बृहस्पतिवार को स्कूल में आने पर पदक विजेता शौर्या का चेयरमैन यतेश चौधरी, डायरेक्टर डॉ. शिवानी चौधरी, प्रधानाचार्या मीनू सिरोही ने प्रतीक चिन्ह देकर और मेडल पहनाकर पुरस्कृत करके स्वागत करके उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर अनुभव चौहान, देवेश, अनुभव पुनिया, बच्चू सिंह, अर्चित, अंकुर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दिगंबर जैन मंदिर रिवर पार्क में हुई णमोकार महामंत्र की जाप

**समाज जागरण**

बागपत। विश्व णमोकार दिवस के पावन पर्व पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेनाईजेशन के सहयोग से श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर रिवर पार्क बागपत में महामंत्र णमोकार का जाप हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि नवीन जैन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेंद्र जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि णमोकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और सर्वोच्च मंत्र है, जो किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुओं के गुणों को नमन करता है। यह मानसिक शांति पापों का नाश और आध्यात्मिक विकास के लिए



अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। जो जीवन की बाधाओं को दूर कर मोक्ष मार्ग दिखाता है। मंच का संचालन शिखरचन्द जैन ने किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को लक्की ड्रा कूपन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर बागपत जैन समाज के अध्यक्ष पंकज जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नीरज जैन, राहुल जैन, संदीप जैन, डॉ राकेश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# गवाही न देने का दबाव, जान से मारने की धमकी; आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक व्यक्ति ने पुराने हत्या मुकदमे में गवाही न देने के लिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी अशोक पुत्र सुविलि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2014 में उसके भाई पवन की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में थाना कांधला में मुकदमा दर्ज हुआ था और मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि मुकदमे में नामजद आरोपी विपुल उर्फ मुन्ना पुत्र नेत्रपाल निवासी भभीसा, जमानत पर छूटने के बाद उससे संपर्क कर अदालत में गवाही न देने के लिए दबाव बना रहा है।पीड़ित के अनुसार आरोपी बार-बार मुकदमे में खर्च होने की बात कहकर उससे पैसों की मांग करता है और रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी देता है। लगातार मिल रही धमकियों से वह और उसका परिवार भय के माहौल में जीवन यापन कर रहा है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी हथियारों से संबंधित मामले दर्ज हैं और वह बदमाश है।मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।एसपी के आदेश पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच उपनिरीक्षक को सौंप दी गई है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला को थप्पड़ मारने में गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। महिला को थप्पड़ मारने और घर के सामने शौच करने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

गांव भूरा निवासी एक महिला ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि गांव का ही विक्रम कश्यप उनके घर के सामने शौच करता है। इसके अलावा आरोपी ने एक महिला को भी थप्पड़ मारा, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रम कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया।

# शिवसेना का बिजनौर कलेक्ट्रेट में शिक्षा माफिया के खिलाफ प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर शिवसेना का बिजनौर कलेक्ट्रेट में शिक्षा माफिया के खिलाफ प्रदर्शन निम्न मांगों को लेकर जिला अधिकारी बिजनौर को दिया ज्ञापन प्राइवेट स्कूलों में मनमानी फीस किताबों का ओवर रेट हर वर्ष बिल्डिंग फीस ड्रेस अपने कॉलेज से देनी अंधाधुंध फीस लेनी अभिवावकों का शोषण किया जा रहा है स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का नवीनीकरण के नाम पर दोबारा शुल्क लिया जा रहा है आदि मांगों को




लेकर ज्ञापन दिया चौधरी वीर सिंह जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता युवा जिला प्रमुख शोभित गुर्जर धर्मवीर सिंह तोमर डॉ दिनेश कुमार मनीत अरुण कुमार भूपेंद्र कुमार आंतरिक कौशिक शशि कुमार विपुल चौधरी संदीप चौहान तुषार रस्तोगी मनजीत चौधरीआदि शिव सैनिक मौजूद है

# जल संरक्षण पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चंदौसी ने अपने सदस्यों के साथ वहां की जनता को एकत्रित कर सीता रोड पर दीप प्रज्वलित कर जायन्ट्स प्रार्थना के साथ जल संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया सभी सदस्यों ने जल संरक्षण पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया जन संरक्षण का अर्थ है पानी की बबार्दी रोकना उसका विवेक पूर्ण उपयोग करना और भविष्य के लिए उसे संचित करना पृथ्वी पर केवल 27 प्रतिशत स्वच्छ जल है जिसे बचाना जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक है इसके प्रमुख उपाय में वर्षा जल



संचयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नलों को बंद रखना, टपकते नालों की मरम्मत और जल पुन चक्रण शामिल है जल संरक्षण के प्रमुख उपाय हैं जैसे रेन वाटर हार्वेस्टिंग, घरेलू उपाय ब्रश करते समय हाथ धोते समय नल बंद रखें शावर की जगह बाल्टी का उपयोग करे। पुन उपयोग जैसे सब्जी ,फल धोकर उस पानी को फेके नहीं पेड़ पौधो में डालें । वृक्षारोपण अधिक से अधिक पेड़, पौधे लगाए उससे भी भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलती है

पर्यावरण को स्वच्छ और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए जल ही जीवन है के सिद्धांत को अपनाते हुए हमें पानी की हर बूंद को बचाना चाहिए इस अवसर पर ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित रहे यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी ,ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, रानी अग्रवाल, सीमा ,नीलम, कविता, मंजू ,अलका, अमृता, नेहा, रितु, चंचल ,शोभा ,कमलेश ,आशा ,सुनीता, रेनू, मीरा, रीता, ममता ,रश्मि, बीना ,आशु नगर, प्रतिभा आदि उपस्थित रही।

# बहल के श्री अलख गौशाला में सेवा कार्यों के साथ मनाया गया अनंत अंबानी का जन्मदिन

**- अंबानी परिवार ने 66,000 की सहयोग राशि का किया गोसेवा व पक्षियों के लिए दान**
**- गौशाला प्रबंधन ने अंबानी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए इस सहयोग को सराहनीय पहल बताया**



बहल के श्री अलख गौशाला में
श्री अनंत जी अंबानी पुत्र श्री मुकेश कुमार अंबानी मुंबई का जन्मदिन श्री गोभक्तो द्वारा गुड, दलिया,हरा चारा एवं पक्षी दाना डाल कर मनाया।

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। प्रसिद्ध उद्योगपति अनंत अंबानी, पुत्र मुकेश अंबानी का जन्मदिन बहल स्थित श्री अलख गौशाला ट्रस्ट में सेवा कार्यों के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर गोभक्तों द्वारा गायों को गुड़, दलिया, हरा चारा खिलाया गया तथा पक्षियों के लिए दाना डाला गया।

गौशाला के अध्यक्ष एवं बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबानी परिवार की ओर से गौशाला को 66,000 की सहयोग राशि प्रदान की गई है। यह राशि गायों की सेवा और पक्षियों के लिए अनाज उपलब्ध करवाने में उपयोग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गोसेवा के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है और सामाजिक कार्यकर्ता रोजाना गौशाला में आकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अनेक गोभक्त मौजूद रहे। गौशाला प्रबंधन ने अंबानी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए इस सहयोग को सराहनीय पहल बताया।

इस अवसर पर श्री अलख गौशाला के प्रधान गजानंद अग्रवाल, शिवकुमार गोस्वामी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, सुशील चैहडियां, जयकुमार शर्मा, संदीप लाखलाण, बलवीर मेचू, बिनोद जागडा, चेतराम सैनी, रामभक्त खन्ना, मुन्ना तिवारी प्रभु जांगड़ा, पवन सोनी, सज्जन साबू, राजेश भारवासिया, सुनील चांदला, चाननमल नायक, संदीप वाटर सप्लाई, महेन्द्र जांगड़ा एवं रामभक्त सैनी सहित अनेक गौ सेवक मौजूद रहे।

# भिवानी से सालासर बालाजी के लिए चौथी डाक ध्वजा यात्रा रवाना

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, 9 अप्रैल। बृहस्पतिवार को श्री बालाजी धाम डोभ से सालासर श्री बालाजी की चौथी डाक ध्वजा यात्रा को श्री बाला धाम डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने हरी झंडी दिखाकर और जोत प्रचंड कर के सभी भगत जानो के साथ यात्रा को रवाना किया

इससे पहले यात्रा सुनारिया चौक से झज्जर चुंगी रेलवे रोड पुरानी अनाज मंडी दुर्गा भवन भिवानी चुंगी से होते हुए बालाजी धाम डोभ पहुंची यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी पहुंचे भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए जिससे सारा माहौल भक्तिमय में हो गया यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र सुंदर-सुंदर झांकियां सभी भगत जन बड़े हर्षोल्लाह से झूमते नाचते हुए बालाजी धाम पहुंचे इस अवसर पर पंकज बंसल दूध वाला सुनारिया चौक श्रीरामफूड कैटर्स मनीष गुप्ता योगेश कपूर नीरज सनी पवन सुखदेव, शोनू दाहिया, सतीश,मुकेश, मोनु रामोतार डब्बे वाले प्रवीन, सुभाष गुप्तां अशोक खुराना राकेश गुगरानी धर्मपाल रोहिल्ला आदि भगत जन मौजूद रहे।

# एसडीएम ने किया अनाजमंडी में खरीद व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**समाज जागरण**

कालांवाली 09 अप्रैल (सुरेश जोरासिया)एसडीएम मोहित कुमार ने वीरवार को अनाजमंडी कालांवाली का दौरा किया तथा खरीद प्रक्रिया संबंधी सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मंडी में खरीद एजेंसियों से खरीद और किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।



उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचने के दौरान कोई परेशानी न आए, इसके लिए सभी प्रबंध पुख्ता किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए, इसके साथ-साथ मंडी में फसल बिक्री के लिए आए किसानों के समक्ष पेयजल आदि की दिक्कत न आए। उन्होंने किसानों से अपील की कि सभी किसान तय नमी के अनुरूप फसल सुखाकर मंडी में लाएं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# 100 पुलिसकर्मियों ने सैंट्रल मॉडर्न जेल, फरीदकोट की अचानक चैकिंग की

## चैकिंग के दौरान, जेल के हर हिस्से का बारीकी से निरीक्षण किया गया

**समाज जागरण**
**पंजाब फरीदकोट रघुनंदन पराशर**

फरीदकोट, 9 अप्रैल :फरीदकोट पुलिस ने डॉ.प्रज्ञा जैन आई पी.एस.,एस. एस.पी. फरीदकोट के नेतृत्व में, जेल प्रशासन के सहयोग से, सेंट्रल मॉडर्न जेल, फरीदकोट में एक अचानक और विस्तृत चेकिंग अभियान चलाया। यह चेकिंग अभियान गुरुवार सुबह लगभग 100 पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टीमें बनाकर किया गया। यह तलाशी अभियान श्री तरलोचन सिंह डी.एस.पी. (सब-डिवीजन) फरीदकोट और श्री नवीन कुमार डी.एस.पी.(लोकल) फरीदकोट की देखरेख में किया गया, जिसके दौरान संबंधित पुलिस थाने के मुख्य अधिकारी और जेल प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गईं और जेल के हर हिस्से का निरीक्षण किया गया, जिसमें कैदियों की बैरक, कैंटीन, बाथरूम, चारदीवारी, सर्विलांस कैमरे और अन्य सुरक्षा प्रणालियों की बारीकी से जांच की गई।इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री तरलोचन सिंह डी.एस.पी. (सब-डिवीजन) फरीदकोट ने बताया कि यह चैकिंग जेल प्रशासन के अधिकारियों के सहयोग से पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टीमें बनाकर की गई है। इस दौरान, पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जेल के हर हिस्से का बारीकी से निरीक्षण किया, जिसमें बैरक, कैंटीन, बाथरूम, चारदीवारी और सर्विलांस कैमरों की जांच भी शामिल थी। उन्होंने बताया कि महिलाओं की बैरक का निरीक्षण महिला पुलिसकर्मियों द्वारा विशेष संवेदनशीलता और सुरक्षा नियमों के तहत किया गया, जिसके दौरान महिला कैदियों की निजता का पूरा सम्मान किया गया। इस संबंध में ररढ फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि यह चैकिंग पुलिस टीमों द्वारा किसी भी अवैध वस्तु या नशीले पदार्थ की जांच करने और जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए की गई थी। इस अभियान को गुप्त रखा गया था ताकि कोई भी शरारती तत्व इसकी जानकारी मिलने पर भाग न सके। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि इस तरह की अचानक चेकिंग से जेल के अंदर बंद बुरी प्रवृत्ति वाले कैदियों में डर पैदा होता है और भविष्य में भी इस तरह की चेकिंग नियमित रूप से जारी रहेगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पुलिस थाना प्रभारी और अन्य संबंधित पुलिस अधिकारियों को जेल के आसपास रहने वाले निवासियों का रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि वे कैदियों या उनके साथियों के साथ मिलकर जेल के अंदर नशीले पदार्थ या अन्य अवैध चीजें फेंकने जैसी गतिविधियों में शामिल न हो सकें। इसके साथ ही, उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि यदि वे किसी को अपना घर किराए पर देते हैं, तो इसकी सूचना पुलिस को दें; क्योंकि कुछ आपराधिक तत्व ऐसी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।



जिला पुलिस फरीदकोट द्वारा केंद्रीय माडर्न जेल का अचानक चैकिंग करने का दृश्य।

# सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों से जुड़ा मामला

## भाजपा सांसद कंगना रनौत केस मामले की सुनवाई 28 अप्रैल तक के लिए टली

**समाज जागरण पंजाब बठिंडा रघुनंदन पराशर**

बठिंडा, 9 अप्रैलः बठिंडा ज़िले की एक बुजुर्ग किसान महिला महिंदर कौर द्वारा मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ दायर मानहानि के मामले की सुनवाई 28 अप्रैल तक के लिए टाल दी गई है। सुनवाई इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि न्यायाधीश छुट्टी पर थे। इस बीच, महिंदर कौर के वकील, रघुबीर सिंह बहनीवाल ने बताया कि अदालत में दो गवाहों सुरजीत सिंह और गुरप्रीत सिंह के बयान दर्ज किए जाने थे; हालाँकि न्यायाधीश के छुट्टी पर होने के कारण बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने अदालत में एक अजी दी थी जिसमें कंगना रनौत का पासपोर्ट जब्त करने की मांग की गई थी ।इस मामले पर भी सुनवाई होनी थी लेकिन यह भी आगे नहीं बढ़ सका। सुनवाई की अगली तारीख 28 अप्रैल तय की गई है। किसानों के विरोध प्रदर्शन के संबंध में की गई टिप्पणियों के कारण यह मामला बेहद संवेदनशील बना हुआ है, और राजनीतिक तथा सामाजिक दोनों ही हलकों में इस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। यह गौरतलब है कि भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अपने ट्वीट्स के संबंध में बुजुर्ग महिंदर कौर से माफी मांगी थी; हालाँकि, महिंदर कौर ने साफ तौर पर कह दिया था कि वह किसी भी सूरत में उन्हें माफ नहीं कर सकतीं। उन्होंने न्यायपालिका में अपना पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि उन्हें जरूर न्याय मिलेगा। बुजुर्ग किसान महिंदर कौर ने वर्ष 2020-21 के दौरान बठिंडा की अदालत में कंगना रनौत के खिलाफ यह मामला दायर किया था।



# गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब का रास्ता तुरंत खोलें भारत - पाकिस्तान सरकारें : एडवोकेट धामी

**समाज जागरण**
**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर**



जैतो, 9 अप्रैल :खालसा साजना दिवस बैसाखी के अवसर पर पाकिस्तान में स्थित गुरुधामों के दर्शन के लिए आज शिरोमणि कमेटी कार्यालय में तीर्थयात्रियों को वीजा लगे पासपोर्ट सौंपे गए। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और शिरोमणि कमेटी के अधिकारी उपस्थित थे। मीडिया से बात करते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी ने विभिन्न ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। 'इसके तहत सिख श्रद्धालुओं के जत्थे पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शन के लिए भेजे जाते हैं। इस बार यह जत्था 10 अप्रैल को खालसा साजना दिवस बैसाखी के समारोहों में भाग लेने के लिए रवाना होगा। यह जत्था शिरोमणि कमेटी कार्यालय से सुबह 8:00 बजे प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि इस बार शिरोमणि कमेटी द्वारा 1795 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट सत्यापन के लिए भेजे गए थे। जिनमें से दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास द्वारा 1763 तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए गए हैं। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने पाकिस्तान और भारत सरकारों से गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब की सीमाएं खोलने की अपील की। साथ ही इसे फिर से खोलने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सिख श्रद्धालुओं की अपने गुरुधामों के दर्शन के प्रति गहरी आस्था है और सरकारों को इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शन के लिए सीमा मार्ग को तुरंत फिर से खोल दिया जाना चाहिए। एडवोकेट धामी ने यह भी मांग की कि पासपोर्ट की शर्त को समाप्त किया जाना चाहिए और पाकिस्तान सरकार द्वारा ली जाने वाली 20 डॉलर की फीस को भी खत्म किया जाना चाहिए। इस दौरान सचिव बलविंदर सिंह कहलवां ने कहा कि जो श्रद्धालु आज अपना पासपोर्ट लेने के लिए नहीं पहुंच पाए, उन्हें जत्थे के प्रस्थान से पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यालय पहुंचकर अपना पासपोर्ट प्राप्त करना होगा। इस अवसर पर ओ.एस.डी.सतबीर सिंह, सचिव बलविंदर सिंह काहलवां, इंजीनियर सुखमिंदर सिंह, गुरिंदर सिंह मथरेवाल, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह खैराबाद, अधीक्षक निशान सिंह, यात्रा विभाग के प्रभारी जगजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# चैकिंग स्टाफ ने ट्रेन में छुटा यात्री का लैपटॉप सुरक्षित लौटाया

**समाज जागरण**

जैतो,9 अप्रैल( रघुनंदन पराशर ): उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा वीरवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि फिरोजपुर मंडल के अंतर्गत अमृतसर स्टेशन पर कार्यरत टिकट जांच स्टाफ पलविंदर सिंह एवं सौरव वर्मा के सतर्कता के कारण एक यात्री का खोया हुआ लैपटॉप उसके मालिक को सौंपा गया। 8 अप्रैल 2026 को ट्रेन संख्या 12926 (पश्चिम सुपरफास्ट एक्सप्रेस) में यात्रा कर रहे एक यात्री अनजाने में अपना बैग ट्रेन में ही भूल गया, जिसमें उसका कीमती लैपटॉप था। यात्री द्वारा रेल मदद के माध्यम से लैपटॉप खो जाने का मामला दर्ज कराया गया। घटना की सूचना वाणिज्य नियंत्रण, फिरोजपुर से प्राप्त होते ही टिकट चैकिंग स्टाफ पलविंदर सिंह एवं सौरव वर्मा ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए लैपटॉप की खोज शुरू की। कड़ी प्रयासों के उपरांत, उन्होंने लैपटॉप को खोज निकाला तथा इसे चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, चंडीगढ़ की उपस्थिति में सुरक्षित रूप से उसके स्वामी को सौंप दिया। यात्री ने रेलवे स्टाफ की तत्परता के लिए आभार व्यक्त किया।

फिरोजपुर मंडल अपने यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की घटनाएं रेलवे कर्मचारियों की जिम्मेदारी एवं सेवा भावना को दर्शाती हैं।


उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल का टिकट चैकिंग स्टाफ यात्री का लैपटॉप लौटाते हुए। (पराशर )

# हरकेश सिंह मोहडी शिरोमणि अकाली दल बादल हरियाणा के अध्यक्ष बने

**समाज जागरण**
**चंडीगढ़ रघुनंदन पराशर**



चंडीगढ़,9 अप्रैल :हरकेश सिंह मोहडी को शिरोमणि अकाली दल हरियाणा का प्रदेश बनाया गया है। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष व पूर्व उपप्रधानमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने हरकेश सिंह मोहडी को नई ज़िम्मेदारी के लिए बधाई दी है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा ऑब्जर्वर बलविंदर सिंह भुंदड ने पार्टी की हरियाणा यूनिट के साथ लंबी बातचीत के बाद ही उन्हें यह ज़िम्मेदारी सौंपी है। सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि हरकेश सिंह मोहडी पार्टी के मेहनती और समर्पित सिपाही हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वह अपनी नई ज़िम्मेदारियों को पूरी लगन से निभाएंगे और हरियाणा में शिरोमणि अकाली दल को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# टीएमयू में 14 अप्रैल से सजेगा फिजियोविजन का अंतर्राष्ट्रीय मंच, शिरकत करेंगे एक्सपर्ट्स

**समाज जागरण**




तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का फिजियोथेरेपी विभाग 14 अप्रैल से पहली दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'फिजियोविजन 1.0 की मेजबानी करने जा रहा है ।नवाचार और पुनर्वास उत्कृष्टता का संगम के मूल मंत्र के संग आयोजित होने वाली यह कॉन्फ्रेंस फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवाचार, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण को एक नई दिशा देने का प्रयास है। आधुनिक विज्ञान और परंपरागत देखभाल के इस अनूठे संगम से रोगी के उपचार को और अधिक प्रभावी एवम् परिणामदायी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में वैश्विक दृष्टिकोण को विस्तार देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड से एड्रॉइट फिज़ियो के संस्थापक डॉ.सोहराब शर्मा,मालदीव से मालदीव नेशनल यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंस से डॉ. उजमा सय्यद और मलेशिया से फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी से डॉ. तरुण अमलनेरकर जैसे विशेषज्ञ इस सम्मेलन की शोभा बढ़ायेंगे।

# जैतो पुलिस की एक और बड़ी सफलता, 106 ग्राम हेरोइन और 1 लाख रुपये से ज्यादा की ड्रग मनी के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार डीएसपी इकबाल सिंह

**समाज जागरण**
**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर**



जैतो, 9 अप्रैल :फरीदकोट जिले में एस .एस.पी.फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन के निर्देश पर चलाए जा रहे नशा-विरोधी अभियान के तहत, नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एस.पी.(जांच) फरीदकोट जोगेश्वर सिंह गोराया के नेतृत्व में, सी.आई.ए.स्टाफ जैतो ने एक और बड़ी सफलता हासिल की और नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल 02 आरोपियों को 106 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी डी.एस,.पी. (सब-डिवीजन) जैतो इकबाल सिंह की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान साझा की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोजपुर निवासी अनित और जैतो (फरीदकोट) निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ लवी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से हैरोइन, 1 लाख 17 हजार रुपये की ड्रग मनी, 1 मोबाइल फोन और मौके पर मौजूद एच.एफ.डिलैकश मोटरसाइकिल भी जब्त की है। कार्रवाई का विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि 08 अप्रैल को ही.आई.ए. स्टाफ जैतो के प्रभारी सहायक एस.एच.ओ. दर्शन सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त और चेकिंग के सिलसिले में जैतो होते हुए गांव सरावा आदि की ओर जा रहे थे। जब पुलिस टीम 'ब्रिज सुआ' (नहर के पुल) के पास पहुंची, तो उन्हें सरावा लिंक रोड पर नहर के पास एक बरगद के पेड़ के नीचे 02 युवक बैठे मिले। पुलिस टीम कुछ कदम ही आगे बढ़ी थी कि उन्होंने पास खड़ी मोटरसाइकिल पर बैठकर वहां से खिसकने की कोशिश की; इस पर पुलिस टीम ने बिना किसी शक के उन्हें रोका और उनकी तलाशी ली, तो आरोपियों के पास से 106 ग्राम हेरोइन, 1 लाख 17 हजार रुपये की ड्रग मनी और 1 मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस संबंध में, पुलिस थाना जैतो में NDPS एक्ट की धारा 21(B)/27(A)/29/61/85 के तहत केस नंबर 75, 08.04.2026 को दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी से शुरूआती पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि वह नशीले पदार्थों की खेप यहाँ सीमावर्ती इलाके में लाया था, जिसे आगे यहाँ सप्लाई किया जाना था। फरीदकोट पुलिस गिरफ्तार आरोपी के पिछले और अगले संपर्कों की बारीकी से जांच कर रही है। यहाँ यह भी बताना जरूरी है कि जब गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया, तो पता चला कि इससे पहले भी गिरफ्तार आरोपी हरप्रीत सिंह उर्फ लावी के खिलाफ नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य गंभीर अपराधों के तहत 04 मामले दर्ज थे। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर रिमांड हासिल किया जा रहा है, ताकि आगे की जांच की जा सके। फरीदकोट पुलिस नशीले पदार्थों को जड़ से खत्म करने के लिए एक जोरदार अभियान चला रही है। नशीले पदार्थों के तस्करों की गिरफ्तारी के अलावा, उनके पीछे काम कर रहे नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है। जनता से अपील की जाती है कि यदि उन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी से संबंधित कोई जानकारी मिलती है, तो वे फरीदकोट पुलिस को सूचित करें, ताकि नशीले पदार्थों को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और खत्म किया जा सके।

# वृंदावन की राधा का जीवंत स्वरूप: देवी इंदुलेखा ने भक्ति की गहराई को किया प्रकट

## राधा केवल प्रेम नहीं, आध्यात्मिक चेतना हैं: देवी इंदुलेखा का विशेष इंटरव्यू

**समाज जागरण**
**रविंद आर्य मथुरा/वृंदावन**



वृंदावन की आध्यात्मिक भूमि सदियों से भक्ति, प्रेम और समर्पण का केंद्र रही है। इसी पावन धरा से जुड़ीं देवी इंदुलेखा ने एक विशेष इंटरव्यू में राधा स्वरूप, भक्ति मार्ग और आज के समाज में आध्यात्मिकता की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उनका यह संवाद न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए भी एक गहरी प्रेरणा प्रदान करता है।

देवी इंदुलेखा ने कहा कि राधा केवल एक ऐतिहासिक या पौराणिक चरित्र नहीं हैं, बल्कि वे परम प्रेम और आत्मिक चेतना का प्रतीक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वृंदावन में राधा का अनुभव केवल पूजा या अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी अनुभूति है जो व्यक्ति को भीतर से परिवर्तित कर देती है। उनके अनुसार, जब तक मनुष्य अपने अहंकार को त्यागकर पूर्ण समर्पण नहीं करता, तब तक सच्ची भक्ति संभव नहीं है।

इंटरव्यू के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में लोग भक्ति को केवल बाहरी दिखावे तक सीमित कर देते हैं, जबकि वास्तविक भक्ति आत्मा की गहराई से जुड़ी होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राधा-कृष्ण का संबंध हमें सिखाता है कि प्रेम में कोई स्वार्थ नहीं होना चाहिए। यह प्रेम त्याग, विश्वास और पूर्ण समर्पण पर आधारित होता है।

देवी इंदुलेखा ने आधुनिक समाज की चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भौतिकवाद और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में लोग मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। ऐसे में वृंदावन और राधा भक्ति का मार्ग व्यक्ति को आंतरिक संतुलन और सच्ची खुशी प्रदान कर सकता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ें, क्योंकि यही उन्हें जीवन में सही दिशा दिखाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि वृंदावन केवल एक स्थान नहीं, बल्कि एक ह्रभावह है। जब व्यक्ति अपने हृदय में प्रेम, करुणा और भक्ति को स्थान देता है, तब वही वृंदावन बन जाता है। इस संदर्भ में उन्होंने राधा को भक्ति की पराकाष्ठा बताते हुए कहा कि राधा का मार्ग अपनाने से व्यक्ति ईश्वर के और निकट पहुंच सकता है।

अंत में देवी इंदुलेखा ने संदेश दिया कि जीवन में सच्ची सफलता केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं मापी जा सकती। जब तक व्यक्ति अपने भीतर शांति और संतोष नहीं पाता, तब तक वह पूर्ण नहीं हो सकता। राधा भक्ति इस शांति को पाने का एक सरल और प्रभावी मार्ग है।

यह इंटरव्यू स्पष्ट करता है कि राधा केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन को समझने और उसे बेहतर बनाने की एक गहरी आध्यात्मिक दृष्टि हैं।

# यूआईटी-उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

**समाज जागरण**



शहडोल 07 अप्रैल 2026- यूआईटी-आरजीपीवी, शहडोल में यूआईटी-उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में प्रतिभा विकास एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिल रहा है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री नवीन श्रीवास्तव (पी.एम.ओ., सोहागपुर परियोजना) एवं डॉ. पंकज शर्मा (एन.आई.सी., फिजिकल एजुकेशन) उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ. पंकज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए टीम वर्क, खेल भावना एवं नेतृत्व क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियाँ न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

श्री नवीन श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे नवाचार एवं कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया तथा विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक डॉ. पंकज जैन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने डॉ. पंकज शर्मा द्वारा खेल विकास हेतु मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने की सहमति पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम का सफल संचालन आशीष दुबे, विवेक सिंह, सिराज खान एवं आकांक्षा मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

# भारतीय जन नाट्य संघ का तीन दिवसीय दसवां राज्य सम्मेलन सम्पन्न, सदाचार के तावीज से परसाई के गूंजे बोल

## अभिनेता राजेंद्र गुप्ता ने जनकवि धूमिल की कविता "पटकथा" का एकल का सफल मंचन

**समाज जागरण अनूपपुर**

वैचारिक रूप से जनप्रतिबद्ध कला और जन संस्कृति का संरक्षक और संवाहक भारतीय जन नाट्य संघ का मध्य प्रदेश का दसवां राज्य सम्मेलन छत्तीसगढ़ की सीमा के निकट स्थित अनूपपुर के बलराज साहनी सभागृह में संपन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आये कलाकारों ने, देश-दुनिया के मौजूदा हालात पर गंभीरता से चिंतन-मनन किया और नाट्य विधा की विभिन्न प्रस्तुतियाँ पेश कीं। आयोजन में इप्टा इंदौर इकाई द्वारा हरिशंकर परसाई की कहानी पर आधारित "सदाचार का तावीज" की नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को ठहाके लगाने के साथ-साथ सोचने पर विवश कर दिया। यही परसाईजी की लेखनी की विशेषता भी थी।

सम्मेलन में अभिनेता राजेंद्र गुप्ता ने जनकवि धूमिल की कविता "पटकथा" का एकल मंचन किया। प्रयागराज (इलाहाबाद) की समानांतर संस्था ने "असमंजस बाबू", इप्टा लखनऊ के कलाकारों ने स्वतंत्रता संग्राम के 100 वर्षों की अवधि को समेटे हुए क्रांतिकारी अशफाक उल्ला की "दास्तान-ए-अशफाक" को किस्सागोई से तथा विवेचना इप्टा जबलपुर ने "72 मील" नाटक के माध्यम से हमारे समाज की विसंगतियों पर चोट की और दर्शकों का मन मोह लिया।





राज्य सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी और इप्टा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश वेदा (लखनऊ) ने कहा कि वर्तमान समय विश्व के लिए उलझन भरा है। लेखक, रंगकर्मी, पेंटर अपने-अपने माध्यमों से इसे अभिव्यक्त कर रहे हैं।

प्रगतिशील लेखक संघ के राज्य सचिव सत्यम पांडे (भोपाल) ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद यह सम्मेलन एक उपलब्धि है। धर्म के नाम पर राजनीति विस्तारित हो रही है। खगोल विज्ञानी अमिताभ पांडे के अनुसार संस्कृति, प्रकृति और समाज के संबंधों को निर्धारित करती है। मनुष्य ब्रह्मांड में अपनी औकात नहीं समझ पा रहा है, यह उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। सम्मेलन में प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न प्रस्ताव रखे गए, जिन्हें सवार्नुमति से पारित किया गया। सम्मेलन के संगठन सत्र में महासचिव शिवेंद्र शुक्ला ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की। उस रिपोर्ट पर विभिन्न इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।

आगामी वर्षों के लिए कार्यकारिणी का सवार्नुमति से गठन किया गया। संरक्षक मंडल में हिमांशु राय, डॉक्टर विद्या प्रकाश, विजय नामदेव, अध्यक्ष मंडल में विनीत तिवारी, अनिल दुबे, सीमा राजोरिया, हरनाम सिंह, पंकज दीक्षित, विजेंद्र सोनी, अध्यक्ष हरिओम राजोरिया, महासचिव शिवेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष नीरज खरे, सचिव मंडल में अभिषेक अंशु, सारिका श्रीवास्तव, हूरबानो सैफी, गुलरेज खान, आयुष सोनी, कार्यकारिणी में रामदुलारी शर्मा, पल्लविका पटेल, आदित्य रुसिया, अफरोज खान, प्रमोद बागड़ी, मुकेश बिजौले, अशोक दुबे, सचिन वर्मा, बद्रीश पांडे, योगेश कुशवाहा को निर्वाचित घोषित किया गया। सम्मेलन में कलाकारों ने विभिन्न अवसरों पर जनगीतों की प्रस्तुति दी। कार्टून और पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई।

सम्मेलन के प्रारंभ में आयोजन समिति की अध्यक्ष पल्लविका पटेल, महासचिव लक्ष्मी खेड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया। श्रम संगठन एटक के एस.एस. मौर्य के शुभकामना संदेशों का वाचन कोषाध्यक्ष श्रद्धा सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजेंद्र सोनी, गिरीश पटेल, आयुष सोनी, बेथल हायर सेकेंडरी विद्यालय के संचालक नोवेल की सहभागिता विशेष रूप से रही।

# मलगा बीट में कोयला खेल और फॉरेस्ट का ट्रैपिंग कैमरा कांड सेटिंग या साजिश?

**खबर लगते ही 24 घंटे में गायब हुआ सरकारी कैमरा- डिप्टी रेंजर की संदिग्ध चुप्पी ने खड़े किए गंभीर सवाल**

**समाज जागरण**

इंट्रो -साहब की वर्दी पर कोयले के दाग! मलगा बीट में चल रहे अवैध उत्खनन के महापाप को छिपाने के लिए अब कैमरा कांड का सहारा लिया जा रहा है। जैसे ही मीडिया ने माफियाओं के साम्राज्य पर चोट की फॉरेस्ट विभाग ने 24 घंटे के भीतर अपने ही ट्रैप कैमरे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने रामनगर थाना पहुंच गये। थाने की चौखट पर जाने से कतराते डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड को आगे कर पल्ला झाड़ता अमला साफ इशारा कर रहा है कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है। क्या विभाग खुद ही वो चोर है जिसने अपनी सेटिंग बचाने के लिए सरकारी सबूत मिटा दिए? हलाकि की थाना प्रभारी ने मौके पर निरीक्षण किया है उक्त स्थल के आगे खनन ही पाया गया है!

अनूपपुर कोतमा वन परिक्षेत्र के मंगा बीट में चल रहा अवैध कोयला उत्खनन अब विभाग के गले की फांस बन गया है। भ्रष्टाचार की परतें जैसे ही मीडिया के जरिए उधड़नी शुरू हुईं वन विभाग ने कार्रवाई के बजाय कैमरा चोरी का एक ऐसा दांव खेला है जिसने पूरी कार्यप्रणाली को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। जंगल की जमीन को खोदकर कोयला निकालने वाले माफियाओं पर शिकंजा कसने के बजाय विभाग अब चोरी की कहानियों के पीछे छिपता नजर आ रहा है।

**खबर का खौफ- क्या सबूत मिटाने के लिए रची गई कैमरा चोरी की कहानी?**

मंगा बीट में पिछले कई दिनों से भारी मशीनों के जरिए कोयले का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी था। जैसे ही इस खबर ने तूल पकड़ा, मात्र 24 घंटे के भीतर विभाग ने दावा कर दिया कि वन्यजीवों की निगरानी के लिए लगा सरकारी कैमरा 'चोरी' हो गया है। जानकारों का कहना है कि यह चोरी नहीं, बल्कि साक्ष्यों को मिटाने की एक सोची-समझी साजिश हो सकती है। आखिर चोर को उस कैमरे से क्या सरोकार, जिसकी उपयोगिता केवल वन विभाग के लिए है? क्या कैमरे में माफियाओं और अधिकारियों की जुगलबंदी कैद हो गई थी?

**डिप्टी रेंजर की भूमिका संदिग्ध- थाने की चौखट पर जाने से क्यों कतराए साहब?**

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाला पहलू डिप्टी रेंजर का व्यवहार रहा। सरकारी संपत्ति की चोरी होने पर जहाँ अधिकारी को तत्परता दिखानी चाहिए थी, वहीं डिप्टी रेंजर साहब थाने के बाहर ही ठिठक गए। उन्होंने खुद अंदर जाकर एफआईआर दर्ज कराने के बजाय बीट गार्ड को भेजकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। यह सवाल हवा में तैर रहा है कि क्या साहब को डर था कि थाने के अंदर पुलिसिया पूछताछ में कोई ऐसी सच्चाई न निकल जाए जो उनकी 'सेटिंग' को बेनकाब कर दे?

**सेटिंग की बू-अवैध उत्खनन पर चुप्पी और बहानेबाजी का दौर**

मंगा बीट में हो रहे अवैध खनन की भनक पूरे इलाके को थी लेकिन फॉरेस्ट अमला कुंभकर्णी नींद सोता रहा। अब जब मामला सार्वजनिक हुआ तो कार्रवाई करने के बजाय विभाग ने कैमरा चोरी का 'ड्रामा' शुरू कर दिया है। यह सीधा संकेत है कि विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारी कोयला माफियाओं के साथ सांठगांठ कर बैठे हैं। जनता पूछ रही है कि जब जंगल सुरक्षित नहीं है और सरकारी कैमरा ही महफूज नहीं तो फिर इन भारी-भरकम वेतन पाने वाले अधिकारियों की क्षेत्र में मौजूदगी का क्या औचित्य है?क्या विभाग ने खुद ही कैमरा गायब करवाया है ताकि कोयला उत्खनन के डिजिटल सबूत मिटाए जा सकें? जब तक इस मामले की उच्च स्तरीय जांच नहीं होगी फॉरेस्ट विभाग की सेटिंग बेनकाब नहीं होगी!

**इनका कहना है**

हमारे पास आए थे शिकायत लेकर हमने उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है लेकिन कैमरा की कोई भी प्रमणित दस्तावेज नहीं दिए हैं जिसके कारण हमने दस्तावेज की मांग की है!

# मलगा क्षेत्र में कोयले का अवैध खनन

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**



अनूपपुर। जिले के अंतिम छोर मलगा टांकी के जंगलो के अंदर पनही बुड़ा नाले मे अकूट सम्पदा काला सोना (कोयला )मौजूद है, कोयले का अवैध उत्खनन चरम सीमा पर, सरकारी प्राकृतिक सम्पदा पर कोयला तस्करो की नजर, प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है कोयल का अवैध उत्खनन निरंतर जारी है। यह क्षेत्र रामनगर थाने के अंतर्गत आता है और मध्य प्रदेश की अंतिम छोर में स्थित है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**कलेक्टर कार्यालय के सामने किया गया जमकर विरोध प्रदर्शन, मुख्यमंत्री मुदार्बाद के लगे नारे, किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध सौंपा ज्ञापन**

**समाज जागरण**

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में दिनांक 9 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर के बाहर किसानों के समर्थन में किसानों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया और किसानों की समस्याओं से संबंधित, जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। सर्वप्रथम कांग्रेसजन जिला पंचायत कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और जिला पंचायत कार्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक हाथों बैनर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए, पैदल मार्च निकालकर कलेक्टर कार्यालय के सामने पहुंचे, जहां पर कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों के कलेक्टर कार्यालय की ओर आगे बढ़ने पर कलेक्ट्रेट गेट के सामने तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया गया और तब जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने किसानों की समस्या से संबंधित कलेक्टर महोदय के नाम एक ज्ञापन मौके पर उपस्थित अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख कर बताया गया प्रदेश की सत्तारूढ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज अन्न दाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा है। किसानों की गेहू की उपार्जन की तारीखे बार बार बढ़ाई जा रही है पहले 23 मार्च, फिर 1 अप्रेल, 10 अप्रेल, 15 अप्रेल की गई है जिससे किसानों में भारी आक्रोश निर्मित हो गया है। प्रदेश में किसानों को गेहूं उपार्जन का इंतजार खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं से किसानों का ऋण वसूलने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी सरकार के कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए है तथा किसानों को कृषि उप मडी मे अपनी उपज 2000 से 2200 रुपए के ओने पौने दामों में मजबूरी में बेचने को विवश होना पड़ रहा है, जबकि पडोसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से गेहू उपार्जन किया जा रहा है। प्रमुख मांग रखते हुए लेख किया कि गेहूं सहित सभी रवि फसल उपार्जन के लिए लंबित पंजीयन कार्यों को अबिलंब पंजीकृत कर किसानों के उपार्जन खरीदी सुनिश्चित किया जाए। कृषि पंप कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए। खरीफ एवं रवि फसलों के अलावा जायज फसल एवं सब्जी उत्पादक किसानों को रासायनिक खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराया जाए। किसानों को कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए।आगामी खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त रासायनिक खाद एवं बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए। अंत में उल्लेख किया गया कि किसानों के हित में उक्त समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करें, अन्यथा किसान हित में जिला कांग्रेस अनूपपुर उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के साथ विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को, पूर्व विधायक सुनील सराफ, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जे पी श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय, हरीश मोटवानी, सत्येंद्र दुबे, विनय शुक्ला, संतोष यादव, गणेश शर्मा, निर्भय नारायण राव, गौ संरक्षण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ व्हीपीएस चौहान, बनगवां नगर परिषद उपाध्यक्ष धनंजय सिंह मुन्ना, सेवादल जिलाध्यक्ष डॉ एहसान अली, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष संध्या वर्मा, महिला नेत्री एड दीपा सिंह, अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष राम बालक चौधरी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनारायण सिंह, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सैफ रिजवी, कोतमा मो. नदीम एवं अन्य जिले के विभाग, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षगण, जिले वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधिगण, तीनों विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई के जिला, विधानसभा, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# कसेंड़ नदी में रेत माफियाओं का कब्जा माइनिंग विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

## सिंघानिया क्रेशर के पास से हो रही खुले आम अवैध खनन, ठेका निरस्त होने के बाद माफियाओं के हौसले बुलंद

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बुढार (शहडोल)। जिले में अवैध रेत खनन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। आरोप है कि माइनिंग विभाग की अकर्मण्यता के चलते पूरे प्रदेश में शहडोल का खनिज अमला बदनाम हो चुका है। हालात ऐसे बन गए हैं कि खनिज माफियाओं पर विभाग का कोई नियंत्रण नजर नहीं आ रहा, जिससे सेटिंग के आरोप भी तेज हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, बुढार और अमलाई थाना क्षेत्रों की सीमा से लगे चाका-खमरौध के पास बहने वाली कसेंड़ नदी, विशेष रूप से सिंघानिया क्रेशर के आसपास का इलाका इन दिनों अवैध खनन का बड़ा अड्डा बन चुका है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि लंबे समय से यहां रेत माफियाओं ने खुलेआम तांडव मचा रखा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।

**ठेका निरस्त, माफियाओं की चांदी ही चांदी**

बताया जा रहा है कि शहडोल जिले में रेत खदानों का ठेका निरस्त होने के बाद से अवैध कारोबार को बढ़ावा मिला है। पहले जहां सीमित नियंत्रण में खनन होता था, वहीं अब पूरी तरह माफियाओं का कब्जा हो गया है। इसका सीधा असर राजस्व पर भी पड़ रहा है, जबकि शासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**शाम ढलते ही शुरू होता है चोरी का खेल**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, जैसे ही शाम होती है, दर्जनों ट्रैक्टर और डग्गियां कसेंड़ नदी में उतर जाती हैं। पूरी रात रेत निकालने का सिलसिला चलता है और सुबह होने से पहले ही यह रेत बुढार, धनपुरी, अमलाई और शहडोल शहर तक पहुंचा दी जाती है।

रातभर रेत से भरे वाहनों की आवाजाही से क्षेत्र में दहशत और असुविधा का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि के कारण न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि सड़कें भी तेजी से खराब हो रही हैं।

**सरगनाओं पर लग रहे गंभीर आरोप**

इस पूरे अवैध कारोबार के पीछे कुछ नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं, सौरभ भदौरिया और छोटू पांडे इस नेटवर्क के मुख्य संचालक बने हुए हैं। इनके साथ मुन्ना साहू, किस्सू यादव, पवन यादव और चंद्रभान भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों का यह भी दावा है कि ये लोग प्रति वाहन के हिसाब से बुढार और अमलाई पुलिस को भुगतान करते हैं, जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**

पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब खुलेआम अवैध खनन हो रहा है, तो माइनिंग विभाग और पुलिस प्रशासन क्यों निष्क्रिय बने हुए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई तरह के संदेह को जन्म दे रही है। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो नदी का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है और पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ सकता है।

**नागरिकों को कार्रवाई की अपेक्षा**

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो अवैध खनन और भी भयावह रूप ले सकता है।

**इनका कहना है**

वहां से लगातार चोरी की शिकायतें मिल रहीं है , आपने भी सूचना दी है , शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

# चार-चार प्रभार में उलझा पीएचई, सीधी में 'हर घर नल जल' योजना कागजों तक सीमित!

**एसडीओ को ईई समेत चार जिम्मेदारियां, करोड़ों के काम अधूरे-जमीनी हकीकत ने खोली व्यवस्था की पोल**

**समाज जागरण**

सीधी। जिले का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय (पीएचई) विभाग इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही का बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच जहां लोगों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, वहीं विभागीय ढांचा खुद भगवान भरोसे चलता नजर आ रहा है।

सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा हो गया, जब पीएचई मैकेनिकल एसडीओ त्रियाम्बकेश द्विवेदी को एक साथ कार्यपालन यंत्री सहित चार-चार प्रभार सौंप दिए गए। वर्तमान में वे सीधी में तीन और सिंगरौली जिले में एक प्रभार संभाल रहे हैं। इतने बड़े दायित्व के चलते विभाग की व्यवस्थाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं।

टेक्निकल नियमों की अनदेखी, सिविल कार्यों की जिम्मेदारी मैकेनिकल अधिकारी पर

जिले में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य जारी हैं, जो तकनीकी रूप से सिविल इंजीनियरों की निगरानी में होने चाहिए। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन कार्यों की जिम्मेदारी एक मैकेनिकल एसडीओ को सौंप दी गई है। इससे कार्यों की गुणवत्ता और निगरानी दोनों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**हर घर नल जल योजना बनी पहेली**

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना के तहत करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है।

कई जगहों पर कार्य अधूरे छोड़ दिए गए हैं

पाइपलाइन बिछी, पर पानी नहीं

ठेकेदारों पर कमीशन के आरोप

काम सिर्फ कागजों में पूर्ण दिखाया जा रहा है

ग्रामीणों का कहना है कि नल तो लगे हैं, लेकिन पानी आज तक नहीं आया।

चार प्रभार, बढ़ी मनमानी और घटा नियंत्रण

एक ही अधिकारी को चार प्रभार मिलने से विभागीय नियंत्रण लगभग खत्म हो गया है। निचले स्तर के कर्मचारी अपने हिसाब से काम चला रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी कई जिलों के बीच उलझे हुए हैं। विभागीय हलकों में भी इस व्यवस्था को लेकर असंतोष और चचार्एं तेज हैं।

**सीएम हेल्पलाइन शिकायत भी फोर्सली क्लोज**

पीएचई विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल तब और गहरे हो जाते हैं, जब शिकायतों के निपटारे में भी गड़बड़ी सामने आती है।

गायत्री नगर निवासी सीताराम तिवारी ने 28 जून 2024 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी कि-

वर्ष 2019 में गेट पास से सामग्री बाहर गई

न अनुबंध नंबर, न कोई विवरण मौजूद

लेकिन सहायक यंत्री द्वारा इसे मिथ्या बताते हुए शिकायत को जबरन बंद करा दिया गया।

इसके बाद आवेदक ने सूचना के अधिकार (RTI) के तहत जानकारी मांगी, पर समय सीमा के बावजूद जानकारी नहीं दी गई।

मामला प्रथम अपील तक पहुंचा, जहां अधीक्षण यंत्री द्वारा जानकारी देने के निर्देश भी जारी हुए, लेकिन जवाब मिला-

संबंधित अभिलेख कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं।

जांच और कार्रवाई की मांग तेज

पूरे मामले में अब सवाल उठ रहा है कि-

क्या करोड़ों के कार्यों की कोई वास्तविक मॉनिटरिंग हो रही है?

बिना रिकॉर्ड के सामग्री कैसे जारी हुई?

एक अधिकारी को चार प्रभार देना किस हद तक उचित है?

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।


# कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म०प्र०

E-mail-cmojaithari@mpurban.gov.in

क्र०/76 /न०परि०/ई. टेन्ड. लोक० नि0/2026 जैतहरी दिनांक 07/04/26

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्र० स० | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_498087_1 | Cons. of community toilet at ward 06 | 13,82,404/- | 10,368/- | 2000/- | 03 माह |
| 2 | 2026_UAD_498050_1 | Cons. of community toilet at ward 03 | 13,80,974/- | 8169/- | 2000/- | 03 माह |
| 3 | 2026_UAD_498134_1 | Cons. of community toilet at ward 12/13 | 13,81,227/- | 10369/- | 2000/- | 03 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 07/04/2026 समय शाम 15:00 बजे से 09/05/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है। तथा सरल क्रमांक 03 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करनें का दिनांक 07/04/2026 समय शाम 16:00 बजे से 09/05/2026 समय शाम 17:30 तक क्रय की जा सकती है।
2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेंण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।
3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है।
4. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाशन नही किया जावेगा निविदा के संशोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकरी
नगर परिषद जैतहरी
जिला अनूपपुर म०प्र०


# सन रिसॉर्ट से 17 बोतल अवैध शराब जब्त

**समाज जागरण**

उमरिया। अवैध मदिरा विक्रय एवं धारण के विरूद्ध कार्यवाही कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सवित्री भगत के मार्गदर्शन में वृत्त मानपुर अंतर्गत सन रिर्साट में अनावेदक इंद्रपाल सिंह द्वारा अवैध रूप से मदिरा संग्रहित किया जाना पाए जाने पर आबकारी अधिनियम 34 (1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही में अनावेदक के कब्जे से 17 बॉटल विदेशी मदिरा व्हिस्की जप्त किया गया। जिसकी अनुमानित मूल्य रुपए 22,500 है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गयी। जिसमें आबकारी आरक्षक राजपति प्रजापति, कविता सिंह,अंजली गौतम तथा नगर सैनिक श्री जीवनलाल कोल की भूमिका सराहनीय उपस्थित रहे।

# अवैध व ओवरलोड बालू परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 3 टीपर वाहन जब्त

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। जनपद के चोपन थाना क्षेत्र में खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध एवं ओवरलोड बालू परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन टीपर वाहनों को पकड़ लिया। यह कार्रवाई मुख्य बाजार क्षेत्र में की गई, जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खनन विभाग की टीम ने संदिग्ध रूप से गुजर रहे टीपर वाहनों का पीछा किया और उन्हें रोकने में सफलता प्राप्त की। वाहन रुकते ही चालक उन्हें लॉक कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस और अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद वाहनों का लॉक तोड़कर उन्हें अपने कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि अन्य चालक की मदद से तीनों वाहनों को चोपन थाने लाया गया। प्रारंभिक जांच में वाहनों पर लगे नंबर प्लेट संदिग्ध पाए गए हैं, जबकि परिवहन से संबंधित वैध चालान या अनुमति पत्र की भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने ओवरलोड बालू वाहनों से होने वाले संभावित हादसों को लेकर चिंता व्यक्त की। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार ऐसे वाहन गुजरते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और लगातार वाहन में गीली लदी बालू से पानी रोड पर गिरने से करोड़ो की बनी रोड को भी नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि, मौके पर मौजूद अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी देने से इंकार करते हुए बताया कि मामले की जांच जारी है और आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई मुख्य बाजार में होने के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। वहीं, प्रशासन द्वारा अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर सख्ती से कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

# कामफेस्ट 2026 में छात्र-छात्राओं ने जमकर लगाए ठुमके

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी, समाज जागरण**



सोनभद्र/शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी शक्तिनगर वाणिज्य विभाग की ओर से आज परिसर स्थित अंबेडकर भवन में कॉम्फेस्ट 2026 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर छात्र- छात्राओं ने अपने प्रतिभा का परिचय देते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का श्री गणेश मां सरस्वती एवं गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ । तत्पश्चात छात्रा जास्मीन ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बी. कॉम एवं एम. काम के छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति के विविध पक्षों को प्रदर्शित करने का भरपूर प्रयास किया। छात्रा जास्मीन और नीतू ने ग्रुप डांस कर लोगों की वाहवाही लूटी। बी. कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा रवीना और गरिमा ने सोलो डांस के माध्यम से वहां मौजूद छात्रों को डांस करने के लिए मजबूत कर दिया। फिल्मी धुनों के साथ-साथ भोजपुरी गीतों पर भी छात्रों ने जमकर ठुमके लगाये। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए परिसर के वरिष्ठ शिक्षक डॉ० मानिकचंद पाण्डेय और डॉ० मृत्युंजय कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते हैं। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन को अपनाकर भविष्य निर्माण के लिए आगे बढ़ाने की जरूरत है। संस्था के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने भी छात्रों को ऑनलाइन अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में छात्र-छात्राओं को अपडेट रहने की जरूरत है ताकि वह हर परिस्थिति का सामना कर सकें । स्वागत भाषण छात्रा ममता ने दिया । इस दौरान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह का संचालन गरिमा त्रिपाठी तथा पूर्णिमा ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक कुमार ने दिया। इस आयोजन में विभाग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ० दिनेश कुमार उदय नारायण पाण्डेय तथा मृत्युंजय कुमार पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ० अपर्णा त्रिपाठी डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय, डॉ० छोटे लाल प्रसाद डॉ० महेश श्रीवास्तव , डॉ० प्रभाकर लाल डॉ० निशा सिंह, श्री प्रशांत कुमार विश्वकर्मा डॉ० मनोज कुमार गौतम डॉ० आनंद प्रिया, श्रीमती अजय लक्ष्मी ,अमित सिंह, रविकांत कुशवाहा, अम्बरीश आदि मौजूद रहे।

# जिला जेल मुख्य मार्ग मीना बाजार में अतिक्रमण होने से आवागमन में हो रही हैं गम्भीर समस्या

## घाघर नदी पुल नवनिर्माण के पश्चात बनी विकट समस्या, अतिक्रमण हटाने की उठी मांग

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा चौकी अंतर्गत गुरमा-मारकुंडी जिला जेल मुख्यमार्ग स्थित घाघर नदी पर पूर्व में बनी पुराने पुल को तोड़कर पुनः नये पुल का निर्माण कराए जाने तथा वैकल्पिक सम्पर्क मार्ग से आवागमन को लेकर अत्यधिक गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है जबकि सम्पूर्ण मारकुंडी



मीनाबाजार सम्पर्क मार्ग के दोनो पटरियों पर अतिक्रमण हो जाने से जहां आये दिन जाम की समस्याओं से आम जनमानस समेत जिला कारागार बंदी वाहन समेत अन्य छोटे-बड़े वाहनों से जाम की समस्या परेशानी बढ़ गई हैं, वहीं मिटीयुक्त सम्पर्क मार्ग में हल्की फुल्की बरसात हो जाने से छोटे बड़े वाहन समेत पैदल भी चलना मुश्किल हो जा रहा है।समस्याओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने सम्बंधित विभागीय के आला अधिकारियों को दर्जनों बार अवगत करवाया गया बावजूद इसके पश्चात भी कोई पहल नहीं किया गया।इस सम्बंध में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से अविलंब अतिक्रमण हटवाने की मांग किया है। जो जनहित में होगा।

# जिला कारागार में निरूद्ध दिब्यांगजन बंदियों के सुविधाओं व अनुश्रवण एवं प्रभावी क्रियान्वन हेतु समिति का हुआ गठन

## निरूद्ध सात दिव्यांग बंदियों का हुआ प्रशिक्षण, कृत्रिम उपकरण वितरित

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। मा० सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निदेर्शानुपालन में कारागार में निरूद्ध दिब्यांगजन बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं व अनुश्रवण एवं प्रभावी क्रियान्वन हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक समिति का गठन हुआ। गठित समिति की बैठक बीते दिनांक 26 मार्च 2026 को सम्पन्न हुई,जिसमें समिति के अन्य सदस्य मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र डा० पंकज कुमार, जिला दिब्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सोनभद्र श्रीमती विद्या देवी तथा सदस्य सचिव व जेल अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा उपस्थित रहें। बैठक में कारागार में निरूद्ध दिब्यांग बंदियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र द्वारा चिकित्सकों की एक टीम कारागार में निरूद्ध दिब्यांग बंदियों के परीक्षण हेतु भेजा गया जिनके द्वारा कुल 07 दिव्यांगजन बंदियों का परीक्षण किया गया।जिला दिब्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सोनभद्र द्वारा कारागार में निरूद्ध दिव्यांग बंदियों के लिए दिनांक 08 अप्रैल 2026 बुधवार को 02 व्हील चेयर,01 ट्राई साईकिल,03 छड़िया तथा एक श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया, जिन्हें दिब्यांग बंदियों को आवश्यकतानुरूप वितरित किया गया।इस अवसर पर जेल अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा,जेलर अरविन्द कुमार सिन्हा, उपजेलर शशांक पटेल तथा गंगा प्रसाद यादव, फार्मासिस्ट राजकुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी,बंदीरक्षक, बंदी उपस्थित रहें।

# थाना रायपुर पुलिस व एएनटीएफ लखनऊ की संयुक्त कार्रवाई – 03 अभियुक्त गिरफ्तार, 107 किग्रा अवैध गांजा व 03 वाहन बरामद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रायपुर पुलिस एवं एएनटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई।

आज दिनांक 09.04.2026 को प्रातः लगभग 07:05 बजे दरमा पहाड़ी मोड़ के पास चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से विभिन्न वाहनों में कुल 107 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया।

उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0-62/2026 धारा 8/20/29/60 NDPS एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण 1. इन्दल यादव पुत्र लालजी यादव, निवासी जयमोहनी, थाना चकरघट्टा, जनपद चन्दौली, 2. लवकुश यादव पुत्र घुरहू यादव, निवासी रतुवा (तेनुआ), थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, 3. रंजीत यादव पुत्र राधेश्याम यादव, निवासी अधौरा, थाना अधौरा, जनपद कैमूर (भभुआ), बिहार।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे बिहार राज्य से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, मध्यप्रदेश एवं अन्य स्थानों पर ऊँचे दामों पर बेचने का कार्य करते हैं।

# साइबर फ्रॉड के विरुद्ध दुद्धी पुलिस की त्वरित कार्रवाई – पीड़िता को 78,998/- रुपये कराए वापस

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।




प्रभारी निरीक्षक थाना दुद्धी एवं साइबर टीम द्वारा आवेदिका राजकुमारी पत्नी स्व0 भोला सिंह निवासी कोरगी थाना विण्ढमगंज (हाल पता ग्राम बीड़र, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र) के साथ हुई साइबर ठगी/त्रुटिवश धनराशि ट्रांसफर की घटना में त्वरित कार्यवाही की गई।

आवेदिका द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया कि उनके खाते से गलतीवश 78,998/- रुपये किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए थे। प्रकरण में आवश्यक साक्ष्य संकलित कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए संबंधित पक्ष से समन्वय स्थापित कर आवेदिका की सम्पूर्ण धनराशि 78,998/- रुपये सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

उक्त कार्यवाही पर पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी दुद्धी एवं थाना दुद्धी पुलिस टीम की सराहना व्यक्त की गई।

# नीति आयोग नोडल अधिकारी डॉ. मुथु कुमार स्वामी का सोनभद्र दौरा, शिक्षा गुणवत्ता व महिला स्वावलंबन पर जोर

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। नीति आयोग के नोडल अधिकारी एवं भारत सरकार के संयुक्त सचिव (पशुपालन एवं डेयरी विभाग) डॉ. मुथु कुमार स्वामी ने गुरुवार को सोनभद्र जनपद का दौरा कर शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रॉबर्ट्सगंज स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर शिक्षा एवं लाइफ स्किल्स प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की। डॉ. स्वामी ने छात्राओं से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर, जागरूकता एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि छात्राओं को जनपद के प्रमुख ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं औद्योगिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण कराया जाए, जिससे उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़ सके। इसके पश्चात उन्होंने केकराही स्थित सोया मिल्क एवं पनीर (टोफू) उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया। यहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे उत्पादन, पैकेजिंग एवं विपणन कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि उत्पादों को होटल, रेस्टोरेंट एवं स्थानीय बाजारों से जोड़कर बिक्री का दायरा बढ़ाया जाए, जिससे समूह की आय में वृद्धि हो सके। डॉ. स्वामी ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे सिलाई कार्य का भी अवलोकन किया और सुझाव दिया कि उन्हें विद्यालयों की यूनिफॉर्म सिलाई जैसे कार्यों से जोड़ा जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आकांक्षी जनपद सोनभद्र में कृषि, पशुपालन एवं शिक्षा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी0 (आई.ए.एस), संयुक्त सचिव (एनएलएम), पशुपालन एवं दुग्ध विभाग, भारत सरकार एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी, आकांक्षी जनपद सोनभद्र द्वारा की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना के अंतर्गत किसानों की आय बढ़ाने, उन्नत बीजों के उपयोग, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. कुमारस्वामी ने निर्देश दिए कि कृषकों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा फसल उत्पादन में वृद्धि हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा के दौरान पशुओं के टीकाकरण, नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुपालकों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए तथा दुग्ध सहकारी समितियों को सक्रिय कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जाए।

पीएम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत जनपद के चयनित विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता, स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल शिक्षा तथा छात्र-छात्राओं के समग्र विकास पर बल दिया गया। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि शिक्षण स्तर में सुधार लाने हेतु नवाचार अपनाए जाएं और विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान वर्ष 2022 में प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट/टेक्निकल शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु चयनित एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित एजेंसी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनी रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री बीएन सिंह ने जनपद में योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा विभागीय समन्वय के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। डॉ. कुमारस्वामी ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, जिससे आकांक्षी जनपद सोनभद्र के समग्र विकास को गति मिल सके। बैठक में उपस्थिति मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर चेतवां में बिरहा का आयोजन, उमड़ा जनसैलाब

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर बुधवार की रात्रि जरहां ग्राम पंचायत के टोला चेतवाँ में भव्य बिरहा मुकाबला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रोताओं ने पूरी रात सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता और बाबा साहब के विचारों की गूंज के बीच एक ऐतिहासिक माहौल का आनन्द लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि राम विचार गौतम सहित अन्य अतिथियों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले और कांशीराम जी सहित अन्य महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया। जैसे ही मंच सजा, बिरहा की बुलंद आवाजों ने माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया।



प्रसिद्ध बिरहा गायक राजकुमार यादव और सुप्रसिद्ध गायिका सीमा कौशल ने अपने सशक्त और भावपूर्ण गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीमा कौशल द्वारा प्रस्तुत गीत- "बोधि जी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे दिल को नगीने में" और "मुझे कीर्ति ना वैभव ना यश चाहिए, बाबा साहब के नाम का मुझे रस चाहिए" ने पूरे पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। श्रोता देर रात तक झूमते और बाबा साहब के विचारों में डूबे नजर आए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संजय सिंह ने बाबा साहब के जीवन और संघर्षों को याद करते हुए कहा कि ह्लडॉ. अंबेडकर ने हमें समानता, सम्मान और अधिकार के साथ जीने की राह दिखाई। उनका योगदान मानवता के लिए अमूल्य है।ह्व वहीं विशिष्ट अतिथि राम विचार गौतम ने कहा कि बाबा साहब के कार्यों का वर्णन करना सूरज को दीपक दिखाने के समान है। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़कर नई दिशा दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन और भव्य आयोजन ग्राम प्रधान रजमिलान व समाजसेवी बद्रीनाथ द्वारा किया गया, जिनकी पहल से यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर जरहां ग्राम प्रधान सुशीला देवी, विनोद भारती, विनोद कुमार, संजय कुमार धुर्वे, राजू कुमार गुप्ता, सुभाष गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। बीजपुर थाने के उपनिरीक्षक श्रवण कुमार यादव अपनी टीम के साथ पूरी रात मुस्तैद रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चेतवाँ की धरती पर बिरहा की गूंज और बाबा साहब के विचारों की चमक ने यह साबित कर दिया कि सामाजिक चेतना की यह मशाल अब जन-जन तक पहुंच चुकी है।

# नि:शुल्क चिकित्सा योग कक्षा से स्वास्थ्य की ओर बढ़ते कदम, 15 वर्षों से निरंतर सेवा, सैकड़ों साधकों को मिल रहा लाभ

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



ओबरा/सोनभद्र। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से सम्बद्ध पतंजलि महिला योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में अम्बेडकर स्टेडियम, ओबरा के मैदान में निःशुल्क चिकित्सा योग कक्षा का नियमित आयोजन किया जा रहा है।

महिला समिति की जिला प्रभारी ममता श्रीवास्तव एवं योग शिक्षिका शिवांगी के नेतृत्व में यह सेवा कार्य पिछले लगभग 15 वर्षों से निरंतर जारी है, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

09 अप्रैल 2026 को आयोजित कक्षा में नये साधकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राम-लखन जी, जो पैरों की समस्या से जूझ रहे हैं, तथा खैरटिया निवासी युवा साधक अनुराग, जिन्हें गांठ की परेशानी है, योग अभ्यास से लाभ ले रहे हैं। योग शिक्षकों का दावा है कि नियमित अभ्यास से लगभग 90 दिनों में सुधार संभव है।

जिला प्रभारी ममता श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल को महिला योग समिति उत्तर प्रदेश पूर्व की राज्य प्रभारी बहन सुनीता एवं मंडल प्रभारी बहन रीना का सोनभद्र आगमन होगा। प्रातः काल रावटसगंज में योग यज्ञ-हवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि सायंकाल अनपरा में योग कक्षा का निरीक्षण एवं योग शिक्षकों की बैठक होगी।

12 अप्रैल को जिला मीडिया प्रभारी प्रांजलि श्रीवास्तव के निवास पर हवन एवं योग शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसके बाद टीम बनारस के लिए प्रस्थान करेगी।

इस अवसर पर योग शिक्षक लालजी द्वारा साधक रामप्रसाद को साधना पथ पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं वीरेंद्र योगी ने युवा साधक अनुराग को साधना काल पुस्तक प्रदान की।

कार्यक्रम में योग शिक्षक देवेश कुमार सिंह, बबलू प्रजापति, अनुराग, राम-लखन शर्मा, केशव एवं बहनों में गीता यादव सहित कई साधक उपस्थित रहे।

अंत में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है। यह जीवन जीने की कला, आध्यात्मिक साधना और रोगों से मुक्ति का सशक्त माध्यम है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में योग को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

# थाना शक्तिनगर पुलिस की कार्रवाई – 800 लीटर डीजल व 30 लीटर पेट्रोल अवैध रूप से परिवहन करते हुए जब्त

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

थानाध्यक्ष शक्तिनगर कमल नयन दूबे मय पुलिस बल एवं पूर्ति निरीक्षक म्योरपुर-दुद्धी श्री अखिलेश कुमार तिवारी द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम खड़िया (बोदरा बाबा के पास) से एक पिकअप वाहन संख्या UP64CT5897 को चेक किया गया। तलाशी के दौरान वाहन से 04 प्लास्टिक ड्रम में प्रत्येक में लगभग 200 लीटर डीजल (कुल 800 लीटर) तथा 01 प्लास्टिक जरीकेन में लगभग 30 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ, जिसे बिना किसी वैध प्रपत्र के अवैध खरीद-फरोख्त हेतु परिवहन किया जा रहा था। उक्त बरामदगी के संबंध में पूर्ति निरीक्षक द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सीसी रोड निर्माण कार्य की जाँच करने पहुँचे एसडीएम

**समाज जागरण ब्यूरो**

दुद्धी/सोनभद्र। स्थानीय तहसील मुख्यालय के सटे गांव मलदेवा में बन रही पीडब्ल्यूडी विभाग से सीसी रोड की शिकायत पर एसडीएम दुद्धी निखिल यादव निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बुधवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल डॉ लवकुश प्रजापति दुद्धी बार अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय ने आरोप लगाया था कि सीसी रोड निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। और मानक के अनुसार गहराई व चौड़ाई का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मौके पर पहुँच एसडीएम निखिल यादव ने सड़क की गुणवत्ता व सड़क के दोनों पटरिया पर गिट्टी और भस्सी के द्वारा पटरी बनवा देने का निर्देश दिया। उक्त सड़क की जानकारी जेई सुजीत पटेल द्वारा लिया। इस मौके पर डॉ के के चौरसिया, सुधीर अग्रहरि, सोनू, मनीष सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रनों की जंग में रोमांच चरम पर, बीजपुर प्रीमियर लीग में टीमों का दमदार प्रदर्शन

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

बीजपुर/सोनभद्र। बीजपुर मोटर गैरेज के सामने आयोजित बीजपुर प्रीमियर लीग सीजन-1 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबलों की भरमार देखने को मिली। मुख्य अतिथि अमरेश तिवारी सहित शैलेश सिंह, संजय यादव और राहुल तिवारी का कमेटी द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया, जिसके बाद खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच का शुभारंभ कराया गया। पहले मुकाबले में डोडहर ने 63 रन बनाकर चपकी को 2 रन से हराया, जबकि दूसरे मैच में बीजपुर गैरेज ने केएमसी बॉयज को 3 रन से शिकस्त दी। तीसरे मुकाबले में डोडहर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शांतिनगर को 51 रन से हराया।

चौथे मुकाबले में चपकी ने चेतवा को 5 विकेट से हराकर वापसी की, वहीं पांचवें मैच में बीजपुर गैरेज ने सिरसोती थंडर को 3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर हराया। इस दौरान मैन ऑफ द मैच का खिताब विनोद को दिया गया।

# इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन ने किसानो को दिया प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जिले के अजोर पट्टी एवं बेनिपुर खुर्द गांव में गुरुवार को अग्रिम किसानों के लिए किसान डायरी भरने का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 37 किसानों ने भाग लिया, जिनमें 21 महिलाएं और 16 पुरुष किसान शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को फसल उत्पादन की पूरी प्रक्रिया ,खेत की तैयारी, बुवाई, देखभाल, कटाई, मड़ाई, बाजार में बिक्री तथा सभी खर्च और आय का सही विवरण किसान डायरी में दर्ज करने के तरीके के बारे में जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण प्रेजेंटेशन के माध्यम से सरल भाषा में कराया गया, जिससे किसानों को विषय आसानी से समझ में आया।





कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और रासायनिक खेती से जुड़ी चुनौतियों एवं उनके कारणों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के बढ़ते महत्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने अपने सवाल पूछकर शंकाओं का समाधान भी कराया।

इस अवसर पर इको प्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों डेमो प्लॉट, जनरल प्लॉट, पोषण वाटिका, फील्ड कार्य एवं बी आर सी में तैयार किए जा रहे इनपुट्स से संबंधित वीडियो भी दिखाए गए, जिससे किसानों को कार्यों की जानकारी मिली।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महादेव, सतीश, अखिलेश, रवि, रेखा, मुन्नी, सोमरू, जनार्दन, शिव कुमार, मनेंद्र पाल, गायत्री, चंदा, राजकुमार, अनिल, उषा, गीता, प्रीति सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन रेखा देवी, रितिका सिंह, हरीश पाल एवं संजय पटेल ने संयुक्त रूप से किया।

# सुरक्षित मातृत्व दिवस पर 76 गर्भवती महिलाओं की हुयी जांच

## 02 मरीजों को किया गया जिला अस्पताल रेफर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ पर आज बृहस्पतिवार को सुरक्षित मातृत्व दिवस कार्यक्रम में कुल 76 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गयी। 8 गर्भवती हाईरिस्क(उच्च जोखिम)में पायी गयी। 02 गर्भवती को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।



प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से हर महिने की 9 तारीख को सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें बीपी, शुगर, एचआईवी,हीमोग्लोबिनआदि जांच की जाती है और मुफ्त अल्ट्रासाउंड कराया जाता है।।

डॉ. नन्दआसरे और डॉ0 मनु चतुर्वेदी , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता ,अपर शोध अधिकारी श्रीनाथ यादव, बीपीएम बसंतलाल श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स अंजना सिंह ,संजू कुमारी ,रोजमेरी बोथा फार्मासिस्ट विद्या प्रकाश दुबे , फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,सुपरवाइजर माखन शर्मा ,मनीष कुमार गुप्ता, संदीप कुमार भारती ,संतोष कुमार ,राकेश कुमार, र्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह, एएनएम सुचिता सिंह, इंद्रकला, भानुमति, सीमा यादव, भानुमति , शशि कला ,रागिनी, ममता कुमारी, ममता देवी ,राजकुमारी, किरन लता, समस्त आशा संगिनी और आशा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# घायल मिले ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के रिंग रोड फेज-2 स्थित हरसोस गांव के समीप बीते शनिवार को घायल अवस्था में मिले एक ऑटो चालक की गुरुवार दोपहर बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान चौखंडी गांव निवासी वीरेंद्र कुमार (45 वर्ष) के रूप में हुई है।



बताया जाता है कि वीरेंद्र कुमार शनिवार सुबह अपने घर से ऑटो लेकर रोज की तरह कमाई के लिए निकले थे। देर शाम उनका ऑटो हरसोस रिंग रोड के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा मिला, जबकि वे गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े हुए थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जंसा पुलिस ने उन्हें तत्काल बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा था।

चार दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद गुरुवार को उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी लक्खी देवी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। परिवार का भरण-पोषण ऑटो चलाकर ही होता था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# फार्मर रजिस्ट्री किसानों के हित में,तभी मिलेगी हर तरह की सुविधा: बी0 पी0 वर्मा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। डीएम के निर्देश पर हरहुआ ब्लाक के सुतबल पुर ग्राम पंचायत में किसान फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया गया।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के बगैर किसानों को कोई सुविधा नहीं मिलेगी। इसलिए त्वरित गति से सभी किसानों की रजिस्ट्री कार्य पूरी करने में अधिकारी ,कर्मचारी पूर्ण करने का कार्य करें।

मौके पर कुल फॉर्मर रजिस्ट्री वगैर 55किसानो में से 6 किसानों ने तत्काल फॉर्मर रजिस्ट्री कराया।



49किसानो का हो चुका है। अब 6 किसानों का आदेश में होने के कारण नहीं हो पा रहा है।

शेष किसानों का भी रजिस्ट्री तत्काल प्रभाव से पूर्ण सम्बंधित कर्मचारी करें अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

शिविर में एडीओ आईएसबी रविप्रकाश सिंह,एडीओ कृषि देवेंद्र कुमार पांडेय,आनन्द राय लेखपाल व संजय पंचायत सहायक सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# आईडीबीआई बैंक द्वारा पीएचसी हरहुआ पर टुनॉट जांच मशीन देकर किया उद्घाटन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी आईडीबीआई बैंक के सौजन्य से टीबी की सटीक जांच हेतु 'टुनॉट मशीन' सीएसआर फंड से प्रदान कर उद्घाटन आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख मनोज कुमार गुप्ता ने किया।इस मशीन से क्षय रोगियों की सटीक जांच सम्भव है। उद्घाटन अवसर पर आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक विकास अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राकेश वर्मा,डॉ0 नंदआसरे ,एआरओ श्रीनाथ यादव, फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,बीपीएम बसंत लाल श्रीवास्तव, लैब टेक्नीशियन सूरज सिंह पटेल, टीवी एचवी विवेक चौरसिया, एसटीएलएस मन्नालाल जैसवार, कार्यालय सहायक पंकज सिंह, पीरामल फाउंडेशन से अवनीश राय उपस्थित रहे।



प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि यह मशीन बहुत ही सटीक रिपोर्ट देता है क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। धन्यवाद प्रकट करते हुए अनुरोध किया कि भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु आगे भी सीएसआर फंड से सहयोग मिलता रहे।

# विशेष किशोर पुलिस ईकाई एंव एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग की मासिक समन्वय गोष्ठी एंव कार्यशाला सम्पन्न

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर पुलिस कार्यालय स्थित सभागार बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल) एएचटी/एसजेपीयू, जनपद बलरामपुर की अध्यक्षता में एएचटीयू (एंटी



हयूमन ट्रैफिकिंग ) तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई/(एसजेपीयू) की समन्वय गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया

जिसमें मानव तस्करी , अनैतिक देह व्यापार एवं महिलाओं और बालकों के उत्पीडन, पाक्सो एक्ट की विवेचना के संबंध में व बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बालविवाह की रोकथाम एक युद्ध नशे के विरुद्ध के लिए कार्य योजना तैयार की गई तथा इस परिप्रेक्ष्य में प्रस्थापित नियमों एवं अधिनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिये गये। तथा समय झसमय पर इस सम्बन्ध में मा0 न्याया0 द्वारा पारित निर्णयों एवं उक्त क्रम में जारी शासनादेशो से अवगत कराया गया । उपरोक्त गोष्ठी व कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी गण 1. श्री अनिल कुमार चौधरी (Acmo) जनपद बलरामपुर 2. संतोष कुमार गुप्ता किशोर न्याय बोर्ड (सदस्य), 3. श्रीमती कविता त्रिपाठी CWC बलरामपुर,

4. श्री रजत पाण्डेय SSB 50th बटालियन , 5. अरक श्री संतोष कुमार भारती आरपीएफ बलरामपुर 6. श्री सांवल कुमार, राजेश कुमार वर्मा, श्रीमती प्रतिभा द्विवेदी सपोर्ट पर्सन (cwc)बलरामपुर 7. श्री प्रिया श्रीवास्तव महिला कल्याण विभाग, 8. श्री अजय कुमार यादव रोजा संस्थान,9. श्री देवतादीन पांडे, पप्पू तिवारी भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान 10. श्री अमन शाही डिस्ट्रिक्ट कोवाडीनेंटर(NGO), 11. प्रिया श्रीवास्तव चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, 12. श्री उमेश कुमार चौधरी, श्री अमृतांश मिश्रा ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान,13. मंगलदीप समाज कल्याण बलरामपुर 14. सेंटर मैनेजर श्रीमती गोल्डी चतुवेर्दी,श्रीमती दीपिका तिवारी कैस वर्कर वन स्टाफ सेंटर बलरामपुर, 15. श्री पवन कनौजिया श्री विशाल उन्याल देहात इंडिया बलरामपुर व थानों के समस्त बाल कल्याण अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने प्रतिभाग किया ।

# लव जिहाद के विरुद्ध एक युद्ध का बिगुल – 18 अप्रैल को काशी में

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव वाराणसी महापंचायत वाराणसी। हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष समिति द्वारा एक युद्ध लव जिहाद के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत दिनांक 18 अप्रैल, शनिवार को 11 बजे शास्त्री घाट वरूणा पुल पर एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत का उद्देश्य समाज को जागरूक करना, बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा लव जिहाद जैसे गंभीर मुद्दे पर व्यापक जनसंवाद स्थापित करना है।




समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते कुछ समय से लगातार ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें सुनियोजित तरीके से हिंदू बेटियों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनका शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह केवल व्यक्तिगत घटनाएं नहीं, बल्कि एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा होती हैं,साथ ही इसका आतंकवाद से भी कहीं न कहीं कनेक्शन होता है,जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

समिति का यह भी आरोप है कि इस प्रकार की गतिविधियों के पीछे संगठित नेटवर्क सक्रिय होते हैं, जिनकी फंडिंग और संचालन की जांच आवश्यक है। सरकार और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई करते हुए दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि समाज में भय का माहौल खत्म हो और बेटियां सुरक्षित रह सकें।

महापंचायत में वाराणसी जिले से सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि, संत-महात्मा, महिला संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। इस दौरान जागरूकता अभियान को और तेज करने, कानूनी उपायों पर चर्चा करने तथा एक मजबूत सामाजिक रणनीति तैयार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष समिति ने सभी जागरूक नागरिकों से अपील की है कि वे इस महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और समाज की बेटियों की सुरक्षा के लिए इस अभियान को मजबूत बनाएं।

अब समय आ गया है कि समाज एकजुट होकर अपनी बेटियों की रक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाए।

दुर्गा बन तू काली बन कभी न बुर्के वाली बन

# भाजपा के स्थापना दिवस पर एलएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने झाड़ू लगाकर कर ,वरिष्ठजनों का किया सम्मान

**समाज जागरण**

वाराणसी।आज गुरुवार को रोहनिया विधानसभा के सुजाबाद 48 वार्ड के डीहबाबा मंदिर प्रांगण में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत सदस्य विधान परिषद व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया साथ ही साथ पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।





साथ में प्रमुख रूप से रौनिक वर्मा, नत्थू सिंह पटेल,छोटे लाल पटेल मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह पटेल ,पार्षद प्रतिनिधि श्री प्रकाश पटेल मल्लू ,पुर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र केशरी,विहारी पटेल,सुधीर प्रजापति, राकेश पासवान ,रामेंद्र सिंह पटेल, हिमांशु सिंह,पीयूष सिंह,अजीत यादव,राकेश गिरी लोचन विश्वकर्मा, अंकित,राज कुमार,चन्दू,आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्माइल फाउंडेशन ने बालिकाओं को उपलब्ध कराई पुस्तक

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद सिद्धार्थनगर जिले में संचालित उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उसका बाजार, नौगढ़, बांसी, मिठवल,जोगिया एवं खुनियांव में जो कि कक्षा 10 को उत्तीर्ण करके कक्षा 11 में जिन बालिकाओं का प्रवेश होगा। कुल 165 छात्राओं को पढ़ने के लिए पाठ्य पुस्तक उपलब्ध हो गई है। यह पुस्तके स्माइल फाउंडेशन, नई दिल्ली के द्वारा दी गई है। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि छात्राओं का पठन पाठन सुचारु रूप से चलता रहे इसके सामाजिक सहयोग से पुस्तके वितरित कराए जाते है। पुस्तके मिलने से इन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सभी छात्राएं विषयों की पुस्तके पाकर खुश है।



# थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द्र उत्तम की अध्यक्षता में थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में बालश्रम को रोकने, पॉक्सो एक्ट के साथ-साथ बाल विवाह को रोकने व उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया गया।अपर पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारीगण से परिचय प्राप्त कर फीडबैक लिया। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी (एस०ओ०पी०) अनुसंधान,थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक व जनपद में कार्यरत एनजीओ के समक्ष आ रही समस्या, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, व बाल श्रम




पुनर्वास के संबंध में चर्चा की गई तथा सभी बाल कल्याण अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर सरकार द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करने हेतु बताया गया, जिससे योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाया जा सके।अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने जनपद में बाल विवाह रोकने के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारीगण व समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी को बताया गया कि सभी गाँवों में निरन्तर जाये और वहाँ चौपाल लगाकर बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित करे साथ ही वहाँ के ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत व्यक्तियों को बताये कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई मामला संज्ञान में आये तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस व सीडब्लूसी को दे

महोदय ने बैठक के क्रम में निर्देश दिया कि बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें साथ ही जनपद में बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाए जाएं, पीड़ितों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए। उक्त बैठक में प्र0नि0 एएचटीयु श्री लाल साहब सिंह, एस०एस०बी०से निरीक्षक श्री राहुल , जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री मो0 मुमताज,थाना एएचटीयू श्री सतीश कुमार , बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री विश्राम पासवान, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान से संस्था प्रमुख श्री ओंकार नाथ चौधरी, श्री प्रेम बाबू गिरी, देहात इन्डिया श्री यूसुफ, श्री हंसराम, एक्शन एड श्री तारिक अहमद, मां सरस्वती बालिका शिक्षा समिति श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव,बाल संरक्षण इकाई/थाना में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी एएचटी व एस०जे०पी०यु० के अधिकारी कर्मचारी व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# टीएमयू डेंटल कॉलेज की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आज से,जुटेंगे प्रख्यात विशेषज्ञ

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय में ओरल मेडिसिन एवम् ओरल पैथोलॉजी की एक्सपर्ट डॉ. नोरातिका बिंती अवांग हाशिम की रहेगी खास मौजूदगी, कॉन्फ्रेंस में यूपी के संग-संग दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु के एक्सपर्ट्स करेंगे शिरकत

**उत्कृष्टता के लिए कॉन्फ्रेंस में पुरस्कार से नवाजे जाएंगे एक्सपर्ट्स**

**कॉन्फ्रेंस में 200 रिसर्च पेपर्स और 150 पोस्टर्स किए जाएंगे प्रस्तुत**

**इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता**

**अतिथियों की ओर से कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का किया जाएगा विमोचन**

**पैनल चर्चा में शामिल होंगे देश के मशहूर डेंटल एक्सपर्ट्स**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर देश और दुनिया के जाने-माने एक्सपर्ट्स जुटेंगे। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का 10 अप्रैल को ऑडी में शुभारम्भ होगा। मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय में ओरल मेडिसिन एवम् ओरल पैथोलॉजी की एक्सपर्ट डॉ. नोरातिका बिंती अवांग हाशिम बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहेंगी। साथ ही विष्णु डेंटल कॉलेज, आंध्र प्रदेश के प्रिंसिपल डॉ. ए.वी. रामा राजू, बाबा कीनाराम स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, चंदौली के डॉ. पीयूष शिवहरे, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, नई दिल्ली में जन स्वास्थ्य दंत



चिकित्सा के एचओडी डॉ. विक्रांत मोहंती, सिंहगढ़ डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पुणे के डॉ. विनीत विनय, कॉर्पोरेट एआई ट्रेनर श्री प्रक्षित खन्ना, डॉ. जेडए डेंटल कॉलेज, एएमयू अलीगढ़ में ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के डॉ. प्रद्युम्न वर्मा भी अपना व्याख्यान देंगे। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य एवम् कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल एवम् कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. अंकिता जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस में 200 रिसर्च पेपर्स और 150 पोस्टर्स भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

यह जानकारी साझा करते हुए तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की वाइस प्रिंसिपल एवम् कॉन्फ्रेंस सचिव डॉ. अंकिता जैन ने बताया, कॉन्फ्रेंस में अनुसंधान, नवाचार, ग्रामीण सेवा, सामुदायिक आउटरीच और शैक्षणिक प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार और सम्मान भी दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य स्टुडेंट्स, इंटर्न, रिसर्चर्स और फैकल्टीज को वैज्ञानिक और नैदानिक उन्नति में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और साक्ष्य-आधारित दंत चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के टीएमयू के दृष्टिकोण को मजबूत करने के संग-संग स्टुडेंट्स को मौखिक स्वास्थ्य देखभाल में वैश्विक दृष्टिकोण से रूबरू कराना है। डॉ. जैन ने बताया, कॉन्फ्रेंस में उच्च स्तरीय पैनल चर्चा भी होगी। पैनलिस्टों में मुरादाबाद के डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल, तमिलनाडु के डॉ. जॉनसन राजा जेम्स, मेरठ से डॉ. विनीता निखिल, फरीदाबाद से डॉ. पुनीत बत्रा, वाराणसी से डॉ. पीजी नवीन कुमार, दिल्ली से डॉ. अरुण कुमार केवी, बरेली से डॉ. सत्यजीत नाइक सरीखे एक्सपर्ट्स शामिल होंगे। उल्लेखनीय है, इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता भी होगी। अतिथियों की ओर से कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन भी किया जाएगा।

# यातायात व्यवस्था पर सख्ती, क्षेत्राधिकारी ने की वृहद समीक्षा

## डीजीपी के निदेर्शों के कड़ाई से पालन के आदेश, चेकिंग अभियान तेज करने के निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी द्वारा यातायात निरीक्षक, समस्त यातायात उपनिरीक्षकों एवं थाना रॉबर्ट्सगंज, चोपन, घोरावल व बभनी की क्रिटिकल कॉरिडोर (सीसी) टीमों की वृहद समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान यातायात प्रबंधन, प्रवर्तन कार्यवाही, सड़क सुरक्षा तथा जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

क्षेत्राधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग अभियान चलाएं और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। साथ ही आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया गया। सोनभद्र पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# भामाशाह जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग, डीसी कार्यालय पर तैलिक साहू महासभा का प्रदर्शन

**समाज जागरण 09.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




जमशेदपुरः महादानवीर भामाशाह की जयंती 23 अप्रैल को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, पूर्वी सिंहभूम के बैनर तले उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान ह्लसाहू समाज जिंदाबादह्व और ह्लमहादानवीर भामाशाह अमर रहेंह्व जैसे नारों से पूरा डीसी कार्यालय परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में मांग की कि भामाशाह जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देते हुए इस दिन अवकाश घोषित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान से प्रेरणा ले सकें।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सभी का एकजुट होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भामाशाह केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि त्याग, राष्ट्रभक्ति और समर्पण के प्रतीक हैं। उनकी जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करना पूरे देश के लिए गर्व की बात होगी।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि लगभग 500 वर्ष पूर्व हल्दीघाटी का युद्ध के समय महाराणा प्रताप आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। ऐसे कठिन समय में भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संपत्ति दान कर न केवल मेवाड़ की सेना को पुनर्गठित करने में मदद की, बल्कि देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया। महासभा का कहना है कि यह योगदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है और इसे उचित सम्मान मिलना चाहिए।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि भामाशाह जयंती को देशभर में राष्ट्रीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन अभी तक इसे आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय अवकाश का दर्जा नहीं मिला है। इस दिशा में केंद्र सरकार को पहल करनी चाहिए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, शिवलोचन साव, महिला जिला अध्यक्ष पूजा साहू, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद गुप्ता, जिला सलाहकार समिति संयोजक अवधेश कुमार, सत्यदेव प्रसाद, इंद्र नारायण साहू सहित कई पदाधिकारियों और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

अंत में महासभा के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी और जल्द ही भामाशाह जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया जाएगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 12 अप्रैल को होगी उत्पाद सिपाही परीक्षा, 77 केंद्रों पर तीन पालियों में आयोजन

**समाज जागरण 09.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**





पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2026 का आयोजन आगामी 12 अप्रैल (रविवार) को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित 77 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा तीन पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सिदगोड़ा टाउन हॉल में दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की महत्वपूर्ण ब्रीफिंग आयोजित की गई।

ब्रीफिंग में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी तथा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राहुल आनंद और अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम अर्नव मिश्रा ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्रशासनिक, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षार्थियों का रिपोर्टिंग समय सुबह 07:00 बजे निर्धारित किया गया है। प्रथम पाली की परीक्षा 08:30 बजे से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली 11:30 बजे से 01:30 बजे तक तथा तृतीय पाली 03:30 बजे से 05:30 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षार्थियों को समय से पहले केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ-साथ पेट्रोलिंग दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा समाप्ति तक अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, डिजिटल डायरी, कैलकुलेटर, पेजर आदि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अलावा परीक्षार्थियों को लॉग बुक, पुस्तक, नोटबुक, बैग या अन्य कोई सामग्री साथ लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों पर शांति, विधि-व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है।

परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने दण्डाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बायोमेट्रिक डेटा संग्रहण की प्रक्रिया का गहन निरीक्षण करें, ताकि कोई भी परीक्षार्थी उपस्थिति दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।

वहीं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बिना फ्रिस्किंग के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिस पदाधिकारी एवं महिला बल द्वारा ही की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें और परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें।

# 600 रुपये और मोबाइल के विवाद में मजदूर की हत्या, साथी गिरफ्तार......

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




निगोहां, लखनऊ ।निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी एक युवक की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी साथी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शराब के नशे में 600 रुपये और मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी ।जानकारी के अनुसार, बीते मंगलवार को निगोहां के बेनीगंज मार्ग पर सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची निगोहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में मृतक की पहचान नंदौली गांव निवासी रैकिश रावत (22) पुत्र के रूप में हुई ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर करीब दस गंभीर चोटों की पुष्टि हुई, जिससे साफ हो गया कि युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी। मामले में मृतक के बड़े भाई लवकुश की तहरीर पर निगोहां थाने में गांव के ही धनराज उर्फ टाटू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था ।थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि सोमवार रात मजदूरी का काम खत्म करने के बाद रैकिश रावत अपने साथी नंदौली निवासी धनराज उर्फ टाटू तथा ब्रह्मदासपुर निवासी राजमिस्त्री नंदकिशोर के साथ वापस लौट रहा था। रास्ते में पहले उतरठिया और बाद में निगोहां में तीनों ने शराब पी। इसी दौरान रैकिश ने आरोपी धनराज की शराब भी पी ली, जिससे दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान आरोपी धनराज ने रैकिश के पास मौजूद 600 रुपये और मोबाइल फोन अपने पास रख लिया। रुपये और मोबाइल वापस मांगने को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि गुस्से में धनराज ने रैकिश की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर अंदरूनी चोटें लगने के कारण रैकिश की मौके पर ही मौत हो गई ।हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने सर्विलांस, पूछताछ और स्थानीय स्तर पर जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर गुरुवार को आरोपी धनराज उर्फ टाटू को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी तथा आबकारी अधिनियम के तहत भी दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है ।इस घटना के बाद नंदौली गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतक रैकिश मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहारा था। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जमशेदपुर में हर गुरुवार सघन निरीक्षण अभियानः योजनाओं की जमीनी हकीकत पर प्रशासन की पैनी नजर

**समाज जागरण 09.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुरः पूर्वी सिंहभूम जिले में सरकारी योजनाओं और जनसेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर गुरुवार को व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में नामित नोडल पदाधिकारी जमीनी स्तर पर पहुंचकर योजनाओं की प्रगति और सेवा वितरण की वास्तविक स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

इस अभियान के तहत पदाधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों और शहरी क्षेत्रों का दौरा कर आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र, प्रज्ञा केंद्र, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानें, मनरेगा कार्यस्थल और पंचायत भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी मूलभूत सेवाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता और लाभुकों तक उनकी पहुंच की गहन समीक्षा की गई।

प्रशासन द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम ने बोड़ाम प्रखंड के बेल्डीह पंचायत, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने धालभूमगढ़ के नूतनगढ़ पंचायत, जिला कल्याण पदाधिकारी ने घाटशिला के गोपालपुर पंचायत, डीसीएलआर घाटशिला ने बहरागोड़ा के पुरनापानी पंचायत, स्थापना उप समाहर्ता ने गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड के हितकू पंचायत, डीटीओ ने जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र, उप निर्वाचन पदाधिकारी ने जेएनएसी क्षेत्र, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी जमशेदपुर ने मुसाबनी के कुईलीसुता पंचायत तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता धालभूम ने पोटका प्रखंड का निरीक्षण किया। वहीं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने मानगो नगर निगम क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य न केवल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना है, बल्कि जमीनी स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना भी है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाले पोषाहार, विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन, स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता तथा पीडीएस दुकानों द्वारा समय पर और निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

उपायुक्त ने सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों और समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सेवा वितरण में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रशासन का यह पहल न केवल योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आम जनता तक सरकारी सेवाओं की सुगम और समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है ।

# निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक सम्पन्न हुई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



निगोहां, लखनऊ। निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई। प्रेस क्लब की परंपरा के अनुसार यह बैठक प्रत्येक माह की नौ तारीख को आयोजित की जाती है, जिसमें क्षेत्र के पत्रकार संगठन, पत्रकार हितों तथा जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इस बार की बैठक में भी बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भागीदारी कर संगठन की मजबूती और आपसी सहयोग का संदेश दिया ।बैठक के दौरान जी के न्यूज के संपादक नागेश्वर द्विवेदी ने निगोहां प्रेस क्लब की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने उपस्थित पत्रकार साथियों को एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकारों का दायित्व है कि वे जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी पत्रकार साथी को किसी प्रकार की समस्या या कठिनाई का सामना करना पड़े, तो सभी पत्रकारों को एकजुट होकर उसके समर्थन में खड़ा होना चाहिए।

नागेश्वर द्विवेदी ने कहा कि छोटे और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की समस्याओं को कई बार संबंधित अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते। ऐसी स्थिति में पत्रकार संगठन को मजबूती के साथ आगे आकर अधिकारियों के समक्ष आवाज उठानी चाहिए, ताकि पत्रकारों का सम्मान बना रहे और उनकी बात सुनी जाए ।बैठक में मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पत्रकारों के हितों, उनके अधिकारों तथा बदलते समय में पत्रकारिता के सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और निष्पक्ष कार्य वातावरण सुनिश्चित करना समय की बड़ी आवश्यकता है ।वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी ने संगठन के विस्तार पर बल देते हुए कहा कि प्रेस क्लब को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नए पत्रकारों को जोड़ना जरूरी है। उन्होंने सभी सदस्यों को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही क्षेत्रीय पत्रकारिता को सशक्त बनाने हेतु आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया ।मासिक बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार जय शुक्ला ने किया। उन्होंने बैठक को व्यवस्थित ढंग से संचालित करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कराई और उपस्थित पत्रकारों के विचार साझा कराए ।इस अवसर पर जी के न्यूज के संपादक नागेश्वर द्विवेदी ने सभी पत्रकार साथियों को नोटबुक और पेन वितरित कर सम्मानित भी किया ।बैठक के दौरान पत्रकार साथी सुजीत गुप्ता का जन्मदिन भी सभी पत्रकार साथियों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर ने बैठक के माहौल को और अधिक आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण बना दिया ।बैठक में मुख्य रूप से प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, योगेंद्र तिवारी, नागेश्वर द्विवेदी, ललित मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, ब्रजराज सिंह, ललित दीक्षित, उमेश गुप्ता, प्रमोद सोनी, आदित्य दीक्षित, सुजीत गुप्ता, विमल गुप्ता, नितिन जायसवाल, अशोक सिंह, रमाकांत मिश्रा, प्रमोद राही, आशीष कुमार पाण्डेय, सुनील त्रिवेदी, अखिलेश शुक्ला, नवीन वर्मा, मनोज यादव, सरोज यादव, आशीष कुमार तिवारी, विवेक कुमार, धीरज तिवारी, दिलीप कुमार मिश्रा, अभिलाष दीक्षित, आशीष द्विवेदी, सूरज तिवारी, सुनील पटेल, अनुराग तिवारी, विनय मिश्र, वेद प्रकाश यादव, मुकेश मिश्रा, राघव सिंह, मो. आरिफ खान, आरिफ मसूरी, बबलू जायसवाल , राजेश मिश्रा, मोइन खान,सहित पांच दर्जन से अधिक पत्रकार उपस्थित रहे ।बैठक के दौरान पत्रकार एकता, संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने तथा पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। स्थानीय पत्रकारों ने इस प्रकार की बैठकों को संगठनात्मक मजबूती और संवाद के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया।

# कोतमा बिल्डिंग हादसे में कार्रवाई, सहायक राजस्व निरीक्षक निलंबित

**समाज जागरण**

अनूपपुर, 9 अप्रैल 2026 कोतमा में हुए दर्दनाक बिल्डिंग हादसे के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सहायक राजस्व निरीक्षक, नगरपालिका परिषद कोतमा, योगेंद्रनाथ तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक-05 स्थित बस स्टैंड के समीप अग्रवाल लॉज नामक तीन मंजिला इमारत अचानक धराशायी हो गई थी। इस हादसे में मलबे के नीचे दबकर 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जांच में सामने आया कि इमारत के पास अवैध रूप से बेसमेंट निर्माण के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया था, जो करीब 15 दिनों से खुला पड़ा था। यह कार्य बिना अनुमति के किया जा रहा था, जिसकी जानकारी होने के बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

नगरपालिका परिषद कोतमा में भवन निरीक्षक के रूप में नामित योगेंद्रनाथ तिवारी की जिम्मेदारी थी कि वे अनाधिकृत निर्माण कार्यों की निगरानी कर उन्हें रोकें। लेकिन उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया, जिससे यह गंभीर हादसा घटित हुआ।

कलेक्टर ने इसे मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 का उल्लंघन एवं कर्तव्य में लापरवाही मानते हुए इसे अनुशासनहीनता और कदाचार की श्रेणी में माना है। इसी आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत उन्हें निलंबित किया गया है।

निलंबन अवधि के दौरान योगेंद्रनाथ तिवारी का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय, जिला शहरी विकास अभिकरण अनूपपुर निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता नगरपालिका परिषद कोतमा से दिया जाएगा।

प्रशासन की इस कार्रवाई को हादसे के बाद जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# डॉ. सुशील कुमार गेहलोत का सम्मान, कैलाश नारायण सूर्यवंशी के मनोनयन पर स्वागत

**समाज जागरण**

अकोदिया/शाजापुर ।अकोदिया प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला शाजापुर शाखा द्वारा जन्मदिवस समारोह एवं नवनियुक्त प्रांतीय सचिव कर्मचारी नेता कैलाश नारायण सूर्यवंशी के मनोनयन पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक अकोदिया शाखा के अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत, वरिष्ठ पेंशनर बंशीधर पांडे, संगठन मंत्री डॉ. सुशील कुमार गेहलोत तथा गजराज सिंह जायसवाल ने सहभागिता की। इस दौरान सभी ने मिलकर कैलाश नारायण सूर्यवंशी एवं मार्गदर्शक डॉ. जगदीश भावसार का शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला शाजापुर शाखा द्वारा संगठन मंत्री डॉ. सुशील कुमार गेहलोत का भी पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उनके शैक्षणिक, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में दिए गए योगदान की सराहना की।

साथ ही हाल ही में आयोजित नारी सम्मान समारोह की भी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# विद्युत सुदृढ़ीकरण कार्य का विधायक संजीव सरदार ने किया निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

**दैनिक समाज जागरण 09.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**





पोटका : पोटका विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विद्युत सुदृढ़ीकरण कार्यों का गुरुवार को विधायक संजीव सरदार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों का दौरा कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सामने आई लापरवाहियों पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

राज्य सरकार द्वारा पोटका, जादूगोड़ा एवं हाता क्षेत्र में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है। विधायक ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान विधायक सबसे पहले तुड़ी गांव पहुंचे। यहां उन्होंने पाया कि कार्य एजेंसी द्वारा टाटा-हाता मुख्य मार्ग के किनारे बिजली के खंभे सड़क से अत्यंत नजदीक लगाए गए हैं, जो दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए जादूगोड़ा के सहायक विद्युत अभियंता मो. सैफुदिन को निर्देश दिया कि सभी खंभों को सड़क से सुरक्षित दूरी पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

विधायक संजीव सरदार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सभी लंबित कार्यों को हर हाल में पूरा कर लिया जाए, ताकि बारिश के दौरान ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक को कुछ ग्रामीणों द्वारा यह शिकायत भी मिली कि कुछ स्थानों पर ठेकेदार और कार्य में लगे कर्मियों द्वारा अवैध रूप से पैसे की मांग की जा रही है। इस पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसी शिकायतें बेहद गंभीर हैं और इसकी व्यक्तिगत स्तर पर जांच की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में किसी को पैसा न दें और यदि कोई इस प्रकार की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत उन्हें दें।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि जांच में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनता के हित के लिए हैं और इनका लाभ बिना किसी बाधा और भ्रष्टाचार के आम लोगों तक पहुंचना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। विधायक ने सभी को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

इस निरीक्षण से स्पष्ट संदेश गया है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से हुआ घायल,.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज ।लखनऊ, रायबरेली जनपद के हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के रहवा निवासी एक सब्जी विक्रेता सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजनों के अनुसार तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे युवक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सब्जी विक्रेता के पैर की हड्डी टूट गई और शरीर पर कई गंभीर चोटें आई हैं ।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रहवा थाना हरचन्दपुर जनपद रायबरेली निवासी मो.सलीम पुत्र लाल मोहम्मद ने बताया कि उनके बड़े भाई मो. अनीस ग्राम गौरा गांव में सब्जी की दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बीते 2 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे दुकान लगाने के बाद मो. अनीस लघुशंका के लिए सड़क किनारे गए थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक आ रही होंडा लियो मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक बाइक संख्या वढ32ङश9701 चला रहा युवक पंकज नाम का है, जिसने अनियंत्रित वाहन चलाते हुए मो. अनीस को टक्कर मार दी। हादसे में मो. अनीस के बाएं पैर की हड्डी टूट गई, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

परिजनों का कहना है कि जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी युवक पंकज मोहनलालगंज नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत है। पीड़ित परिवार ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है ।फिलहाल घायल का उपचार जारी है और परिजन आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पीएण्डडब्ल्यू से जोंक की तरह चिपके साकेत, 2013 से एक ही विभाग में पदस्थ

## टेंडर प्रक्रिया और पीक्यूआर में छेड़छाड़ के आरोप, समाजसेवियों ने उठाई जांच की मांग

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सारनी। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के पीएण्डडब्ल्यू विभाग में लंबे समय से पदस्थ सहायक अभियंता साकेत बंते को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र के सामाजिक लोगों द्वारा ऊर्जा मंत्री को लिखित शिकायत कर उनके स्थानांतरण की मांग की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ समाजसेवियों ने ऊर्जा मंत्री एवं ऊर्जा सचिव को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारी पिछले लगभग 13 वर्षों से एक ही विभाग में पदस्थ हैं, जो नियमों के विपरीत माना जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पीएण्डडब्ल्यू जैसे संवेदनशील विभाग में किसी भी अधिकारी का लंबे समय तक बने रहना पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। साथ ही विभागीय कार्यों में अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया और विभिन्न इन्क्वायरी में नियमों का पालन नहीं हो रहा है, जिससे कुछ पक्षों को अनुचित लाभ मिलने की संभावना बनती है। साथ ही, टेंडरिंग प्रक्रिया में तकनीकी मापदंडों (पीक्यूआर ) को प्रभावित करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। गौरतलब है कि सामान्यतः ऐसे महत्वपूर्ण विभागों में अधिकारियों का समय-समय पर स्थानांतरण किया जाता है, ताकि कार्य प्रणाली में संतुलन और निष्पक्षता बनी रहे। ऐसे में एक ही स्थान पर लंबे समय तक पदस्थ रहना कई सवालों को जन्म दे रहा है।

# वैवाहिक समारोहों में वाणिज्यिक एलपीजी के उपयोग को लेकर जिला प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



राज्य में तेल एवं प्राकृतिक गैस आपूर्ति से उत्पन्न परिस्थितियों तथा पश्चिम एशिया क्षेत्र में गैस आपूर्ति में आई बाधाओं के मद्देनजर आगामी वैवाहिक सीजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने वाणिज्यिक एलपीजी गैस की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वैवाहिक समारोहों में घरेलू एलपीजी गैस का उपयोग नियम विरुद्ध है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस आपूर्ति प्रभावित होती है और बैकलॉग की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में सभी प्रकार के विवाह एवं अन्य बड़े आयोजनों में वाणिज्यिक एलपीजी गैस का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है।

जारी निदेशों के अनुसार, वैवाहिक कार्यक्रमों में भोजन व्यवस्था से जुड़े रसोइयों एवं कैटरर्स को वाणिज्यिक एलपीजी गैस के लिए अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। संबंधित तेल कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्राप्त आवेदनों का निबंधन 5 से 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित करें। इसके अलावा, जिन परिवारों में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होने हैं, उन्हें विवाह निमंत्रण पत्र के साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन में आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की संख्या एवं संभावित अतिथियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों के आधार पर कार्यक्रम में संभावित उपस्थिति का आकलन कर संबंधित तेल कंपनियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। उपलब्धता के अनुसार वैवाहिक कार्यक्रम के दिन रसोइया अथवा कैटरर्स के माध्यम से वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि वैवाहिक कार्यक्रम हेतु आवंटित वाणिज्यिक एलपीजी गैस का उपयोग केवल उसी कार्यक्रम में किया जाएगा। अन्य किसी प्रयोजन में इसका उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आगामी वैवाहिक सीजन में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए जारी दिशा-निदेशों का पालन करें, ताकि गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारू एवं संतुलित बनी रहे।

# बिहार में शादी वाले घरों को प्राथमिकता पर मिलेगा गैस सिलेंडर, सरकार ने दी बड़ी राहत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में शादी-ब्याह के सीजन से पहले रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहे परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि जिन घरों में विवाह समारोह हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह और सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि जिलों को भंडार की उपलब्धता के अनुसार वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि मांगलिक कार्यों में गैस की कमी के कारण कोई बाधा न आए। साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के 4 से 5 दिनों के भीतर सिलेंडर देने का दावा किया गया है। गैस संकट का मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां हैं। मध्य-पूर्व में तनाव और अमेरिका-ईरान टकराव की वजह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू गैस के कमर्शियल उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। गैस की कमी और बढ़ती कीमतों के कारण कैटरिंग व्यवसाय प्रभावित हुआ है। कैटरर्स ने प्रति प्लेट खर्च में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी है। इसके चलते कई परिवारों ने अपने मेन्यू में कटौती करना शुरू कर दिया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार 14 अप्रैल को खरमास समाप्त हो रहा है, जिसके बाद 20 अप्रैल से शादियों के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। अप्रैल और मई में बड़ी संख्या में होने वाले आयोजनों को देखते हुए सरकार की यह पहल आम लोगों के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है।

# गजना महोत्सव के दूसरे दिन कलाकारों एवं प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**









नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बिहार और झारखंड के सीमा पर स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ गजना धाम परिसर में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित गजना महोत्सव के दूसरे दिन खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की शानदार प्रस्तुति देखने को मिली। कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकारों नागरिकों, खिलाड़ियों एवं कलाकारों ने भाग लिया।महोत्सव के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण जिला स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता रही। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नबीनगर के विधायक चेतन आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के बालक समूह में राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय दोसमा को विजेता घोषित किया गया जबकि मध्य विद्यालय मुंगिया को उपविजेता घोषित किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में कन्या मध्य विद्यालय नवीनगर को विजेता तथा राजकीय मध्य विद्यालय बैरिया को उपविजेता घोषित किया गया।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज ने बताया कि जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भरपूर मौका देते हुए कल 22 संस्थाओं एवं कलाकारों को अपना प्रतिभा दिखाने का मौका प्रदान किया गया. महोत्सव के दूसरे दिन अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतन कुमार सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नबीनगर अरुण कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।प्रतियोगिता के अंत में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद संतन कुमार सिंह, नवीनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों, पेंटिंग, रंगोली एवं कबड्डी प्रतियोगिता के विजेताओं, उपविजेता आयोजन समिति के सदस्यों न्यास समिति के सदस्यों आदि को शॉल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

# अभय डेकेयर के नाम पर अवैध अस्पताल! बुढार में प्रशासन की चुप्पी से जनता की जान खतरे में

**समाज जागरण**

शहडोल जिले के बुढार ब्लॉक अंतर्गत अभय डेकेयर के नाम पर कथित रूप से अवैध तरीके से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। बिना वैध अनुमति और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के मरीजों का इलाज कर उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मामले के सामने आने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे मिलीभगत के आरोप भी लगने लगे हैं।

सूत्रों के अनुसार अभय डेकेयरह्व में अस्पताल के मानकों का पालन किए बिना मरीजों का इलाज किया जा रहा है। न तो यहां प्रशिक्षित स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं मौजूद हैं। इसके बावजूद मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर स्वास्थ्य नियमों का उल्लंघन है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध अस्पताल के संचालन की जानकारी संबंधित विभाग और प्रशासन को पहले से है, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या प्रशासन की मौन सहमति से यह सब चल रहा है?

**पहले भी उठ चुका है मामला:**

बताया जा रहा है कि ह्रअभय डेकेयरह्व के खिलाफ पूर्व में भी प्रमुखता से खबर प्रकाशित की जा चुकी है, जिसमें अवैध संचालन और नियमों की अनदेखी को उजागर किया गया था। लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आंख मूंद लेना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

**जनता की जान खतरे में:**

विशेषज्ञों के अनुसार बिना लाइसेंस और मान्यता के अस्पताल संचालन से गंभीर मरीजों की जान को बड़ा खतरा हो सकता है। गलत इलाज या समय पर सही सुविधा न मिलने से किसी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**प्रशासन पर उठ रहे सवाल:**

इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। लगातार शिकायतों और खबरों के बावजूद कार्रवाई न होना लापरवाही या मिलीभगत की ओर इशारा करता है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कब तक चुप्पी साधे रहते हैं।

# गजना महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**







नबीनगर (बिहार)कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में नबीनगर प्रखंड स्थित गजना धाम मंदिर परिसर में जिला स्तरीय पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला नजारत उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा) अमृतेश आर्यन और सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं।प्रतियोगिता में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्वतंत्र प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। प्रतिभागियों ने पेंटिंग और रंगोली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, स्वच्छता, लोक संस्कृति और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकता, विषय-वस्तु, तकनीकी दक्षता और सौंदर्यबोध के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता को जूनियर (कक्षा 6-8) और सीनियर (कक्षा 9-12) दो वर्गों में आयोजित किया गया था, जिसमें पेंटिंग का विषय बिहार में विकास के बढ़ते कदम रखा गया था।सीनियर पेंटिंग में अनु कुमारी प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय और कुमकुम कुमारी तृतीय रहीं।सीनियर रंगोली में अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम, जवाहर नवोदय विद्यालय बारुण द्वितीय और प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय बारुण तृतीय रहा।

जूनियर पेंटिंग में आदित्य कुमार प्रथम, अंकिता कुमारी द्वितीय और सौम्या विश्वकर्मा तृतीय रहीं।जूनियर रंगोली में बाल भारती पब्लिक स्कूल नवीनगर प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल दानी बिगहा द्वितीय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगली तृतीय रहा। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और कला-संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम में जिला प्रशासन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# बिहार में 'टोपोलैंड' का होगा पूरा हिसाब

## उपमुख्यमंत्री ने जमीन सर्वेक्षण में तेजी लाने के दिए निर्देश

**समाज जागरण पटना जीला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार सरकार अब राज्य की एक-एक इंच जमीन का हिसाब करने की तैयारी में है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि टोपोलैंड और असर्वेक्षित जमीनों पर अवैध कब्जे और विवादों को खत्म करने के लिए सरकार सख्त कदम उठा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलाधिकारियों से टोपोलैंड, बकास्त और असर्वेक्षित जमीनों का विस्तृत विवरण मांगा है। इस अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए 10 अप्रैल 2026 को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है। इसमें जिलों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर भूमि प्रबंधन की अगली रणनीति तय की जाएगी। बिहार में टोपोलैंड (ऐसी जमीन जिसका विधिवत सर्वेक्षण न हुआ हो) को लेकर अक्सर हिंसक विवाद और अवैध कब्जे की खबरें आती रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव को निर्देश दिया है कि हर जिले में इन जमीनों की गहन समीक्षा हो। राजस्व अभिलेखों में वास्तविक स्थिति को स्पष्ट किया जाए।

स्वामित्व को लेकर पारदर्शिता लाई जाए ताकि अदालती मामलों में कमी आए। माना जा रहा है कि इस अभियान का सबसे बड़ा असर सारण जिले में देखने को मिलेगा, जहाँ टोपोलैंड से जुड़े मामले सबसे अधिक हैं। सरकार का मानना है कि सही रिकॉर्ड तैयार होने से न केवल सरकारी योजनाओं के लिए जमीन आसानी से मिल सकेगी, बल्कि आम जनता को भी भू-माफियाओं के चंगुल से राहत मिलेगी।

विशेषज्ञों के अनुसार, भूमि प्रबंधन की दिशा में यह बिहार का अब तक का सबसे बड़ा सुधार साबित हो सकता है।

# जमशेदपुर में उबाल: युवक की मौत के बाद शव रखकर उपायुक्त कार्यालय में प्रदर्शन, टीएमएच पर लापरवाही का आरोप

**समाज जागरण 09.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**





जमशेदपुर के उपायुक्त कार्यालय में गुरुवार दोपहर उस समय अभूतपूर्व स्थिति बन गई जब सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के आक्रोशित लोगों ने करीब 10 दिन पहले हुए चापड़ हमले में घायल युवक के शव को कार्यालय के मुख्य गेट के अंदर सीढ़ियों के पास रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था को हिला दिया और मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया।

मृतक की पहचान सनी के रूप में हुई है, जिसकी इलाज के दौरान टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में मौत हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण सनी की जान गई। उनका कहना है कि इलाज के लिए टीएमएच द्वारा पांच लाख रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से परिवार ने 50 हजार रुपये जमा भी किए थे, लेकिन पैसे के अभाव में समुचित इलाज नहीं किया गया।

प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित भीड़ ने पुलिस अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की भी की, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शनकारियों ने टीएमएच प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की।

बताया जाता है कि 31 मार्च की रात सीतारामडेरा के चंडी नगर स्थित सामुदायिक भवन के पास सनी और नंदू लोहार पर चापड़ और गोली से हमला किया गया था। दोनों को गंभीर हालत में टीएमएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सनी की मौत हो गई, जबकि नंदू का इलाज जारी है।

इस मामले में नंदू लोहार के बयान पर सीतारामडेरा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

घटना की पृष्ठभूमि में पुराना विवाद सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 28 मार्च को नंदू लोहार की बहन दुकान पर अंडा लेने गई थी, जहां करण सिंह नामक युवक द्वारा उसके साथ छेड़खानी की गई। इस पर नंदू की मां जब आरोपी के घर शिकायत करने गई, तो करण और उसके साथियों ने नंदू लोहार के साथ मारपीट की और उसकी गर्दन में रस्सी डालकर घसीटा। इसी रंजिश में बाद में सनी और नंदू पर जानलेवा हमला किया गया।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि चंडी नगर क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर पहले भी कई बार इन पक्षों के बीच झड़प हो चुकी है, जिससे इलाके में तनाव बना रहता है।

फिलहाल प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है और मामले की जांच जारी है। वहीं, परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश शांत नहीं हुआ है और वे न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

# नवपद स्थापित कर्मियों को मिला विभाग। कई को अतिरिक्त प्रभार

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड कार्यालय में नव स्थापित कर्मियों को योगदान के उपरांत बीडीओ अभिनव कुमार के द्वारा सभी को सभी को कार्य आवंटित कर दिया गया है। इसमें कई को अतिरिक्त प्रभार भी भौंपा गया है। प्रधान लिपिक दिनेश ठाकुर को लोकसभा तथा विधानसभा, प्रश्नोत्तर, सूचना अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, उच्च न्यायालय अंकेक्षण, आपदा,20 सूत्री बैठक, जन शिकायत, जन संवाद, आगत-निर्गत, पारिवारिक लाभ, स्वच्छ भारत मिशन, तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा सौंपे गए कार्य। लिपिक कमलेश्वरी मंडल को नजारत संबंधी सभी कार्य, जन्म मृत्यु,सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब, 15वें वित्त, सांख्यिकी, निर्वाचन, अंकेक्षण तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा सौंपे गए कार्य।

लिपिक विवेकानंद पंडित को स्थापना, योजना, विधि व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, कोविड स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा सौंपे गए कार्य।वहीं पंचायत सचिव गंगाराम साह को प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी व निर्वाचन। जन सेवक जनार्दन दास को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी। जनसेवक सुमन कुमार को प्रभारी प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# पटना के पालीगंज स्थित जरखा पैक्स अध्यक्ष के लिए रवि प्रकाश कुमार ने भरा पर्चा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखंड क्षेत्र में पैक्स चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर पहुँच गई है। इसी क्रम में गुरुवार को जरखा पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए कद्दावर प्रत्याशी रवि प्रकाश कुमार ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुँचकर भव्य तरीके से नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया। रवि प्रकाश कुमार के नामांकन जुलूस में उमड़ी भीड़ ने विरोधियों के



खेमे में हलचल पैदा कर दी है। गुरुवार की सुबह से ही रवि कुमार कुमार के आवास पर समर्थकों का जुटना शुरू हो गया था। फूल-मालाओं से लदे प्रत्याशी जब प्रखंड मुख्यालय की ओर बढ़े, तो रास्ते भर समर्थकों ने नारेबाजी कर माहौल को पूरी तरह चुनावी रंग में रंग दिया। प्रखंड परिसर में नामांकन के दौरान समर्थकों की काफी भीड़ जुटी थी। लोगों का उत्साह यह बता रहा था कि इस बार जरखा पैक्स का मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए रवि प्रकाश कुमार ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा की मेरा मुख्य उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना है। आज भी हमारे क्षेत्र के किसान खाद-बीज और धान अधिप्राप्ति जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। अगर जरखा की जनता मुझे सेवा का मौका देती है, तो पैक्स के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाई जाएगी और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँचाया जाएगा। वही पालीगंज स्थित निजी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रवि प्रकाश कुमार ने कार्यकर्ताओ से कहा कि पैक्स किसानो के लिए महत्वपूर्ण संस्था है। मैं किसानों की सहायता करने में कोई कमी नही करूंगा। मौके पर विजय यादव, नीरज यादव, सुधांशु पटेल, अवधेश यादव, साहेब सिंह, दिलीप सिंह, जितेन्द्र यादव, गोपाल शर्मा व धर्मेंद्र कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पटना पुलिस टीम पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## बालू माफियाओं में हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रानी तालाब थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरुवार को तकनीकी अनुसंधान की मदद से पुलिस ने छापेमारी कर कांड के मुख्य सूत्रधार को धर दबोचा।



पकड़े गए आरोपी की पहचान राज कुमार साव के रूप में हुई है। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर उसे सैदाबाद इलाके से गिरफ्तार किया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी विनय कुमार रंजन ने बताया कि राज कुमार साव 16 मार्च को हुए हमले का मुख्य आरोपी है। उसकी गिरफ्तारी इस पूरे मामले की जांच में एक अहम कड़ी साबित होगी।बीते 16 मार्च 2026 को रानी तालाब थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन की सूचना पर पुलिस टीम छापेमारी करने पहुंची थी। इस दौरान बालू माफियाओं और उनके गुर्गों ने संगठित होकर पुलिस टीम पर पथराव और हमला कर दिया था, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। प्रशिक्षु डीएसपी विनय कुमार रंजन ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश में छापेमारी जारी है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस घटना के बाद क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ अभियान को और अधिक तेज किया जाएगा और माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति तैयार कर ली गई है।

# पटना में दिन में सस्ती बिजली फिर भी रात में भारी खपत

## नई व्यवस्था से बेअसर उपभोक्ता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में 1 अप्रैल से लागू हुई नई समय आधारित बिजली शुल्क प्रणाली का असर फिलहाल पटना के उपभोक्ताओं पर दिखता नजर नहीं आ रहा है। दिन में बिजली सस्ती होने के बावजूद लोग अपनी आदतों में बदलाव नहीं कर पा रहे हैं, जिससे रात के समय बिजली ग्रिड पर दबाव बना हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल को पेसू (ढएरव) क्षेत्र में शाम 4 बजे तक खपत 445 मेगावाट थी, जो रात 8 बजे महंगी दर लागू होने के बाद बढ़कर 504 मेगावाट हो गई। नई व्यवस्था के तहत शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक का समय सबसे महंगा (पिक ऑवर) निर्धारित किया गया है, जबकि सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली सबसे सस्ती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि उपभोक्ता अपनी दिनचर्या में मामूली बदलाव करें, तो बिल में भारी कटौती हो सकती है। भारी उपकरण जैसे वाशिंग मशीन, पानी का मोटर और प्रेस जैसे कार्य सुबह 9 से शाम 5 के बीच निपटाएं। शाम के समय एसी को 26 डिग्री पर रखें। गैर-जरूरी लाइटें बंद रखें, क्योंकि इस अवधि में दरें 20 प्रतिशत तक अधिक होती हैं। बिजली विभाग ने चेतावनी दी है कि स्वीकृत भार से अधिक बिजली उपयोग करने पर स्थायी शुल्क को दोगुना किया जा सकता है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य बिजली की मांग को संतुलित करना है, लेकिन पटना की वर्तमान स्थिति दशार्ती है कि प्रभावी लाभ के लिए अभी व्यापक जागरूकता और व्यवहारिक बदलाव की आवश्यकता है।



# गोवा से दबोचे गए IPL सटोरिये: कटनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई।

कटनी की माधवनगर पुलिस ने गोवा में दबिश देकर आईपीएल सट्टा चला रहे चार बुकी - जयपाल, पिंका आडवानी, बंटी और सुनील को गिरफ्तार किया है। यह गैंग कल्याण, जयपुर और गोवा तक ऑनलाइन सट्टे का करोड़ों का कारोबार फैलाए हुए थी। पकड़े गए आरोपी महज मोहरे (बुकी) हैं, जबकि सट्टा बाजार के असली मास्टरमाइंड अब भी पुलिस की पहुंच से दूर हाई-टेक ठिकानों से खेल चला रहे हैं। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर बड़े नेटवर्क का खुलासा करने में जुटी है।